सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 18 मार्च, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 74, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 341 अंकों की उछाल

वैश्विक बाजारों में तेजी और बैंकिंग शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स में 341 अंक और निफ्टी में करीब 112 अंक की तेजी दर्ज की गई। } 14

## भारतीय रेलवे की वित्तीय स्थिति अच्छी : वैष्णव

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में कहा कि भारतीय रेलवे की वित्तीय स्थिति अच्छी है और इसमें लगातार सुधार के प्रयास जारी हैं। } 16



### संक्षेप

## डेढ़ दर्जन से अधिक पीपीएस अफसरों के तबादले

लखनऊ। प्रदेश में एक दर्जन से अधिक पीपीएस अफसरों के तबादले किये गये है।वही परिविक्षा धीन अफसरों की प्रशिक्षण के बाद जिलों में तैनाती की गईं है। पीपीएस अफसर नितेश प्रताप सिंह पुलिस उपाधीक्षक बिजनौर व राजीव प्रताप सिंह पुलिस उपाधीक्षक हमीरपुर व अंकित कुमार-1पुलिस उपाधीक्षक हरदोई और आस्था जायसवाल पुलिस उपाधीक्षक आजमगढ़ व जयेंन्द्र नाथ अस्थाना पुलिस उपाधीक्षक हाथरस और संदीप कुमार वर्मा पुलिस उपाधीक्षक कासगंज व रामकृष्ण चतुर्वेदी मण्डलाधिकारी चित्रकूट और महेद्र सिंह देव पुलिस ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जम्मू कश्मीर : मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के जचलदारा इलाके में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने जचलदारा के क्रुम्हूरा गांव में घेराबंदी की और तलाश अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि इसी दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी कर दी जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि जवाबी गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया और घटनास्थल से कुछ हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। अभी यह पता चल नहीं पाया है कि मारे गए आतंकवादी की पहचान क्या है और उसका संबंध किस समूह से था।

## शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के पिता का निधन

भुवनेश्वर/नयी दिल्ली। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के पिता और पूर्व केंद्रीय मंत्री देबेंद्र प्रधान का सोमवार को उम्र संबंधी जटिलताओं के कारण निधन हो गया। वह 84 साल के थे। देबेंद्र प्रधान ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में मंत्री के रूप में सेवाएं दी थीं। वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओडिशा इकाई के तीन बार अध्यक्ष रहे थे। उन्होंने नयी दिल्ली में अपने बेटे धर्मेंद्र प्रधान के तीन मूर्ति लेन स्थित सरकारी आवास पर अंतिम सांस ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देबेंद्र प्रधान के निधन पर शोक जताया।

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:27 | 4:38 | 6:17 | 4:51 |



### आज का मौसम

अधिकतम : 34.06 डिसे.
न्यूनतम : 20.04 डिसे.

### भीतर पढ़ें


- बीमारू प्रदेश से उभर कर स्वस्थ व उत्तम प्रदेश बना यूपी (पृष्ठ-02)
- पीडीए को लेकर अखिलेश व केशव में जुबानी जंग (पृष्ठ-02)
- शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 13 प्रतिशत बढ़ा (पृष्ठ-14)
- रुपया 24 पैसे चढ़कर 86.81 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- निर्यात में लगातार चौथे महीने आयी गिरावट (पृष्ठ-14)


# गाजीपुर जेल के जेलर व डिप्टी जेलर निलंबित

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी के गाजीपुर जिला जेल के जेलर और डिप्टी जेलर को निलंबित कर दिया गया हैं। यह कार्रवाई जेल में बंदियों को अवैध रूप से मोबाइल पर बात कराने को लेकर की गई। जेल में बंद कैदियों में कई शातिर अपराधी शामिल हैं। चर्चा है कि जेल में अवैध पीसीओ चल रहा था। जांच के बाद शासन को इसकी रिपोर्ट भेजी गई थी।

❍ **जेल में संचालित किया जा रहा था अवैध पीसीओ, डीआईजी जेल की जाँच में सामने आई सच्चाई**

पुलिस-प्रशासन को सूचना मिली थी कि जिला जेल में बंद कैदियों की अवैध रूप से मोबाइल पर बात कराई जा रही है।इसके बाद डीआईजी जेल ने मामले की जांच शुरू की।इसमें पता चला कि जेल में अवैध रूप से पीसीओ चल रहा है। जिसके कारण यहां बंद कैदी बाहर के लोगों के संपर्क में हैं।यह राज तब खुला जब बिहार में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने के आरोपी गाजीपुर के विनोद गुप्ता ने जेल से फोन कर पीड़ितों को धमकी दी थी।यही नहीं उसने गवाही न देने के लिए पैसे की पेशकश भी कर दी। यह सांसनीखेज प्रकरण बीती 4 मार्च का है।इस मामले की शिकायत पीड़ितों के जरिए अफसरों तक पहुंच गई। शिकायत अफसरों तक पहुँचते ही पूरे मामले की जांच शुरू की गई तो हैरान करने वाले ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भारत-न्यूजीलैण्ड ने रक्षा समझौते पर किये हस्ताक्षर

## पीएम मोदी ने न्यूजीलैंड में भारत विरोधी गतिविधियों पर प्रधानमंत्री लक्सन के समक्ष जताया विरोध

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड ने अपने रक्षा एवं सुरक्षा संबंधों को संस्थागत रूप देने के लिए सोमवार को एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूजीलैंड के अपने समकक्ष क्रिस्टोफर लक्सन को उनके देश में कुछ गैरकानूनी तत्वों द्वारा भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम दिए जाने पर चिंता से अवगत कराया।



मोदी और लक्सन के बीच वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने शिक्षा, खेल, कृषि और जलवायु परिवर्तन सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए तथा रक्षा उद्योग क्षेत्र में सहयोग के लिए खाका तैयार करने का निर्णय लिया। मीडिया को अपने वक्तव्य में मोदी ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड एक स्वतंत्र, खुले, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा, हम विस्तारवाद की नहीं, बल्कि विकास की नीति में विश्वास करते हैं। उनकी यह टिप्पणी क्षेत्र में चीन के विस्तारवादी रुख पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच आई है। संयुक्त वक्तव्य के अनुसार, दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की, जहां संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाएगा। लक्सन रविवार को पांच दिवसीय यात्रा पर राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे, जिसका मुख्य उद्देश्य दोनों पक्षों के बीच गहन आर्थिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। मोदी और लक्सन ने दोनों देशों के बीच संतुलित, महत्वाकांक्षी, व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए वार्ता शुरू करने का स्वागत किया। एफटीए वार्ता के संदर्भ में, मोदी और लक्सन ने डिजिटल भुगतान क्षेत्र में सहयोग के शीघ्र कार्यान्वयन की संभावना तलाशने के लिए दोनों पक्षों के संबंधित अधिकारियों के बीच चर्चा पर सहमति व्यक्त की। संयुक्त वक्तव्य के अनुसार, व्यापार समझौते के लिए वार्ता के संदर्भ में, दोनों पक्षों ने पेशेवरों और कुशल कामगारों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने वाली व्यवस्था पर चर्चा शुरू ...शेष पृष्ठ 14 पर

# यूपी में एक जिला, एक माफिया का युग समाप्त

## मुख्यमंत्री योगी ने सहारनपुर में युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत कार्यक्रम को किया संबोधित

जिला संवाददाता

सहारनपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को समाजवादी पार्टी की पूर्ववर्ती सरकार पर कटाक्ष करते हुए आरोप लगाया कि उसकी कथित एक जिला, एक माफिया नीति के कारण राज्य में अराजकता को बढ़ावा मिला, जिसे अब भाजपा की मौजूदा सरकार ने एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल से बदल दिया है।

मुख्यमंत्री ने सहारनपुर में युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस कार्यक्रम में 365 उद्यमियों को ऋण वितरित किए गए। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में पहले हर जिले में एक माफिया होता था। हमने इसे एक जिला, एक उत्पाद से बदल दिया है ताकि कारीगरों और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान मिले और रोजगार पैदा हो। पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा के प्रमुख अखिलेश यादव का नाम लिए बिना आदित्यनाथ ने कहा कि अगर किसी राज्य का नेता दोपहर में उठता है, दो बजे तक तैयार होता है और फिर अपने दोस्तों के साथ पिकनिक पर चला जाता है तो वह कब काम करेगा? जनता परेशान रही, जबकि उसके साथी राज्य को लूटते रहे। सीएम ने कहा कि उनकी सरकार में संपर्क सुविधा बढ़ाने पर ध्यान दिया जा रहा है। सहारनपुर से दिल्ली तक की यात्रा का समय घटाकर सिर्फ एक घंटा 45 मिनट करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने ओडीओपी योजना के प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि सहारनपुर का प्रसिद्ध लकड़ी की




नक्काशी उद्योग अब दुनियाभर में 1,000 करोड़ रुपये का सामान निर्यात करता है। कारीगरों की उपेक्षा के लिए पूर्ववर्ती सरकारों की आलोचना करते हुए योगी ने कहा कि ये कारीगर पहले से ही राज्य में थे, लेकिन पुरानी सरकारें उन्हें वोट बैंक बनाने में व्यस्त थीं। उन्होंने कारीगरों को बेहतर डिजाइन, तकनीक, पैकेजिंग या निर्यात सुविधाएं प्रदान करने की कभी परवाह नहीं की। योगी ने रोजगार सृजन में मौजूदा सरकार के प्रयासों का भी उल्लेख किया और बताया कि होली के दौरान, राज्य सरकार ने पुलिस बल में 60,244 युवाओं के चयनित होने की घोषणा की, जिनमें सहारनपुर के युवा भी शामिल हैं। इनमें से पुलिस की 12,000 से ज्यादा नौकरियां महिलाओं को मिली हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बारिश से हुए नुकसान का आकलन कर राहत कार्य शुरू करें अधिकारी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को राज्य के विभिन्न हिस्सों में हुई बारिश से हुए नुकसान का आकलन करने और प्रभावित लोगों के लिए पूरी तत्परता से राहत कार्य करने के निर्देश दिए हैं। सरकार की ओर से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने, राहत कार्यों की निगरानी करने तथा प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया है कि बारिश से फसलों को हुए नुकसान का आकलन किया जाए और एक रिपोर्ट सरकार को उपलब्ध कराई जाए, ताकि इस संबंध में आगे की कार्रवाई की जा सके। मौसम विभाग के अनुसार, बाराबंकी जिले की राम सनेही घाट तहसील में सात मिमी और अंबेडकरनगर जिले के टांडा में पांच मिमी बारिश दर्ज की गई। उसने बताया कि बाराबंकी जिले की फतेहपुर तहसील में 2.2 मिमी बारिश दर्ज की गई और गोरखपुर में 1.8 मिमी बारिश हुई। मौसम विभाग ने बताया कि लखनऊ (हवाई अड्डा), देवरिया, धनघटा (संत कबीर नगर जिले में) और बिजनौर में एक मिमी बारिश दर्ज की गई।

## लखनऊ : न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता

विधि संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ के अधिवक्ताओं ने गोमतीनगर के विभूतिखंड थाने के पुलिसकर्मियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। हाईकोर्ट की अवध बार एसोसियेशन , जिला अदालत की सेंट्रल बार एसोसियेशन व कलेक्ट्रेट की लखनऊ बार एसोसियेशन के हजारों अधिवक्ताओं ने होली के दिन विभूतिखंड थाने में अधिवक्ताओं से कथित अभद्रता करने ,मारपीट करने व झूठा मुकदमा लिखने के मामले में सख्त रूख अपनाते हुए मंगलवार के सभी अदालतों में न्यायिक काम काज का बहिश्कार करने का निर्णय लिया है। इस संबध में सभी बार एसोसिशनों ने सोमवार को एक आपात बैठक आहूत किया था जिसमें सोमवार को अदालती कामकाज का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया । अबध बार के अध्यक्ष आर डी शाही व महासचिव मनोज द्विवेदी के निर्देश में हाई कोर्ट में हुई बैठक में 14 मार्च की घटना की घोर निंदा की गयी । मांग की गयी है कि अधिवक्ता सौरभ वर्मा व अन्य के साथ की गयी घटना के जिम्मेदार पुलिसकर्मियों ...शेष पृष्ठ 14 पर

# नागपुर में दो समुदायों के बीच झड़प

## औरंगजेब का पुतला जलाने के बाद आगजनी और पथराव

एजेंसी

नागपुर। महाराष्ट्र के नागपुर में दो गुटों के बीच टकराव हो गया। महाल इलाके में दोनों ओर से पथराव हुआ। वाहनों में आग लगा दी गई। दोनों गुटों को शांत करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। बताया जा रहा है पथराव में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया है। वहीं पुलिस ने वाहनों में लगी आग को बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। केंद्रीय मंत्री और सांसद नितिन गडकरी और सीएम देवेंद्र फडणवीस ने लोगों से शांति की अपील की है। फायर ब्रिगेड के एक अधिकारी ने कहा कि दो जेसीबी आग के हवाले कर दी गईं। कुछ और वाहनों में भी आग लगा दी गई। एक फायरमैन घायल हो गया है।



डीसीपी नागपुर अर्चित चांडक का कहना है कि घटना कुछ गलतफहमी के कारण हुई। स्थिति अभी नियंत्रण में है। यहां हमारा बल मजबूत है। मैं सभी से अपील करता हूं कि वे बाहर न निकलें। पथराव न करें। पथराव हो रहा था, इसलिए हमने बल का प्रयोग किया और आंसू गैस का भी इस्तेमाल किया। डीसीपी ने कहा कि कुछ वाहनों में आग लगा दी गई, हमने फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग बुझाई। कुछ पुलिस कर्मी घायल हुए। पथराव के दौरान मेरे पैर में भी हल्की चोट आई। लेकिन हम सभी से शांति बनाए रखने की अपील करते हैं। अफवाहों पर भरोसा न करें। कानून व्यवस्था को भंग न करें और पुलिस का ...शेष पृष्ठ 14 पर

## प्रेमी संग मिलकर पति को उतारा मौत के घाट

बिजनौर। जिले में एक महिला ने अपने प्रेमी और उसके साथियों के साथ मिलकर पति का अपहरण कराने के बाद उसकी हत्या करवा दी। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि इस मामले में महिला और उसके प्रेमी समेत सभी नौ आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं, महिला का पति उसके अवैध संबंध में कथित तौर पर बाधा बन रहा था।

अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राम अर्ज ने सोमवार को बताया कि जिले के थाना शिवाला कलां के गांव शहबाजपुर की पारुल ने थाने में 14 मार्च को अर्जी दी कि उसका पति मकेन्द्र (36) एक दिन पूर्व 13 मार्च की शाम को दवा लेने गया, मगर वापस नहीं लौटा और उसकी स्कूटी गांव के बाहर खड़ी मिली है। एएसपी ने बताया कि 15 मार्च ...शेष पृष्ठ 14 पर

# ड्रग्स फ्री उत्तराखंड की मुहिम शुरू

## सीएम धामी ने बाईक रैली को झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। आदर्श औद्योगिक स्वायत्तता सहकारिता समिति (डोईवाला देहरादून) के तत्वावधान में ड्रग्स मुक्त उत्तराखंड को लेकर बाइक रैली को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया। आदर्श संस्था की अध्यक्ष आशा कोठारी ने बताया कि तिलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित आदर्श संस्था सामाजिक व रचनात्मक क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में ड्रग मुक्त उत्तराखंड को लेकर यह अभियान चलाया जा रहा है। इससे पूर्व स्काउट गाइड विभाग के साथ पूरे प्रदेश में भी यह अभियान चलाया गया था। आदर्श संस्था के तत्वाधान में देवभूमि मा औली बहार गीत एल्बम का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा मुख्यमंत्री आवास में विमोचन किया गया। गीत एल्बम में विजेंद्र सिंह बर्तवाल व उत्तम सिंह भंडारी ने स्वर दिया है। गीतकार सत्यपाल सिंह भंडारी, संगीतकार शैलेंद्र शैलू व दिलीप अंजवाल हैं। अभिनव उत्तम सिंह भंडारी व हरीश कोठारी द्वारा किया गया है। इसके प्रोड्यूसर ...शेष पृष्ठ 14 पर




**विशेष खबर** तुलसी गबार्ड और राजनाथ सिंह ने कई मुद्दों पर चर्चा की, रक्षा संबंधों के विस्तार पर जोर दिया

# भारत-अमेरिका के बीच संबंधों को मजबूत बनाने पर जोर

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने सोमवार को कई मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें विशेष रूप से रक्षा और सूचना साझा करने के क्षेत्रों में भारत एवं अमेरिका के बीच सामरिक संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

गबार्ड भारत की ढाई दिन की यात्रा पर रविवार तड़के राष्ट्रीय राजधानी आईं। यह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के किसी शीर्ष अधिकारी की भारत की पहली उच्चस्तरीय यात्रा है। राजनाथ ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि उन्हें अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया प्रमुख से मिलकर खुशी हुई और उन्होंने भारत-अमेरिका साझेदारी को और मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की। रक्षा मंत्री ने कहा हमने भारत-अमेरिका साझेदारी को और गहरा करने के उद्देश्य से रक्षा और सूचना साझा करने समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। इससे एक दिन पहले, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और गबार्ड ने रविवार को द्विपक्षीय वार्ता की थी और दुनियाभर के शीर्ष खुफिया अधिकारियों के एक



सम्मेलन की अध्यक्षता की थी। ऐसा माना जा रहा है कि डोभाल और गबार्ड ने आमने-सामने की बैठक में भारत-अमेरिका वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के अनुरूप मुख्य रूप से खुफिया जानकारी साझा करने के तंत्र को मजबूत करने और सुरक्षा क्षेत्र में मिलकर काम करने के तरीकों पर चर्चा की। अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक गबार्ड, कनाडा के खुफिया विभाग के प्रमुख डेनियल रोजर्स और ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन पॉवेल दुनियाभर के उन शीर्ष खुफिया अधिकारियों में शामिल हैं, जिन्होंने यहां भारत द्वारा आयोजित सुरक्षा सम्मेलन में हिस्सा लिया। बंद कमरे में हुई इस वार्ता पर कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया गया है। माना जा रहा है कि खुफिया और सुरक्षा विभागों के शीर्ष अधिकारियों ने आतंकवाद और उभरती प्रौद्योगिकियों से उत्पन्न खतरों से निपटने के लिए खुफिया जानकारी साझा करने तथा आपसी सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया।

वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तुलसी गबार्ड ने आतंकवाद और साइबर सुरक्षा जैसे खतरों से निपटने के लिए सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। इसके साथ ही एक मजबूत भारत-अमेरिका साझेदारी के लिए दृष्टिकोण और दिशा निर्धारित की। भारत के दौरे पर आई अमेरिका की नेशनल इंटेलीजेंस की प्रमुख तुलसी गबार्ड ने सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी मुलाकात की। इस बैठक में दोनों देशों ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अमृतसर : मन्दिर के बार विस्फोट करने वाला ढेर

एजेंसी

चंडीगढ़। अमृतसर में मंदिर के बाहर विस्फोट की घटना का एक संदिग्ध पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि एक अन्य संदिग्ध फरार हो गया जिसे पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

❍ **एक अन्य संदिग्ध फरार, पकड़ने के प्रयास जारी**

अमृतसर में 15 मार्च को ठाकुरद्वार मंदिर के बाहर विस्फोट होने से मंदिर की दीवार का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था और खिड़कियों के शीशे टूट गए थे। एक व्यक्ति को विस्फोटक उपकरण मंदिर की ओर फेंकते देखा गया था। पुलिस ने बताया कि घटना में मारे गए संदिग्ध की पहचान बल गांव निवासी गुरसिदक सिंह के रूप में हुई है, जबकि दूसरे संदिग्ध की पहचान राजासांसी निवासी विशाल के रूप में हुई है। अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार संदिग्धों को जब पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया तो उन्होंने पुलिसकर्मियों पर गोलियां चला दीं। भुल्लर ने बताया कि एक गोली हेड कांस्टेबल गुरप्रीत सिंह के बाएं हाथ में लगी, जबकि एक गोली इंस्पेक्टर अमोलक सिंह की पगड़ी में लगी। उन्होंने बताया ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# बीमारू प्रदेश से उभर कर स्वस्थ और उत्तम प्रदेश बना यूपी

## योगी सरकार ने सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों, रिसर्च संस्थानों तथा आयुष चिकित्सा को दिया बढ़ावा, चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में रचा नया स्वर्णिम अध्याय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वर्ष 2017 से पहले बीमारू प्रदेश कहे जाने वाला उत्तर प्रदेश पिछले आठ वर्षों में स्वस्थ्य और उत्तम प्रदेश बनकर उभरा है। यह सब

- **योगी सरकार : आठ साल बेमिसाल**
- **योगी सरकार के प्रयास से पिछले आठ वर्षों में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में बदली प्रदेश की छवि**
- **पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में वृद्धि, एमबीबीएस-पीजी सीटों**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच और हर प्रदेशवासी को सस्ता और गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने के दृढ़ संकल्प से साकार हो पाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। योगी सरकार ने पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में वृद्धि, एमबीबीएस-पीजी सीटों में विस्तार, सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों और रिसर्च संस्थानों की स्थापना तथा आयुष चिकित्सा को बढ़ावा देकर चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक नया स्वर्णिम अध्याय लिखा है। इन प्रयासों से प्रदेश के लाखों युवाओं को बेहतर चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण का अवसर मिल रहा है, जिससे भविष्य में प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे को और मजबूत किया जा सकेगा।

चिकित्सा शिक्षा की डीजी किंजल सिंह ने बताया कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में 80 मेडिकल कॉलेज संचालित किए गए हैं, जिनमें 44 राजकीय एवं 36 निजी मेडिकल कॉलेज शामिल हैं। यह उपलब्धि प्रदेश के स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में मील का पत्थर साबित हो रही हैं। प्रदेश सरकार की दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि बिजनौर, बुलंदशहर, कुशीनगर, पीलीभीत, सुल्तानपुर, कानपुर देहात, ललितपुर, औरैया, चंदौली, गोंडा, सोनभद्र, लखीमपुर खीरी और कौशांबी जैसे जिलों में स्वशासी मेडिकल कॉलेजों में पठन-पाठन प्रारंभ हो चुका है। वहीं, महाराजगंज, शामली और संभल में पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल के तहत मेडिकल कॉलेजों की स्थापना कर चिकित्सा शिक्षा को और अधिक सुलभ बनाया गया है। वहीं प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा को मजबूती देने के लिए एमबीबीएस और पीजी सीटों में भी ऐतिहासिक वृद्धि की गई है। वर्तमान में सरकारी क्षेत्र में 5250 एमबीबीएस सीटें उपलब्ध हैं, जबकि निजी क्षेत्र में 6,550 सीटें हैं। इसके अतिरिक्त



पीपीपी मॉडल पर स्थापित तीन नए मेडिकल कॉलेजों में 350 अतिरिक्त सीटें जोड़ी गई हैं। इसी तरह, सरकारी क्षेत्र में एमडी/एमएस/डिप्लोमा सीटों की संख्या 900 से बढ़कर 1,871 हो गई है, जबकि निजी क्षेत्र में 2,100 पीजी सीटें उपलब्ध हैं। सुपर स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों में भी 250 सीटें जोड़ी गई हैं, जिससे प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा को और अधिक समृद्ध किया गया है। योगी सरकार के प्रयासों से आयुष चिकित्सा शिक्षा को भी बढ़ावा मिला है। अयोध्या में राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय और वाराणसी में राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गई है। प्रदेश में कुल 2,110 आयुर्वेदिक, 254 यूनानी और 1,585 होम्योपैथिक चिकित्सालय कार्यरत हैं। इसके अलावा 8 आयुर्वेदिक कॉलेज, 2 यूनानी कॉलेज और 9 होम्योपैथिक कॉलेजों के साथ उनके संबद्ध चिकित्सालय भी संचालित किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार ने आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना करते हुए महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना की है। इसके अलावा, प्रदेश में आयुष बोर्ड के गठन का भी निर्णय लिया गया है, जिससे आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी चिकित्सा को एक सुदृढ़ संरचना मिलेगी। चिकित्सा सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए राजधानी लखनऊ में कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट में सेंटर फॉर एडवांस मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स एंड रिसर्च फॉर कैंसर की स्थापना की गई है। इसके अलावा संजय गांधी पीजीआई में डायबिटीज सेंटर की स्थापना के साथ-साथ 500 बेड के एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। आईआईटी कानपुर के तहत 500 शैय्यायुक्त सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के साथ स्कूल ऑफ मेडिकल रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी की स्थापना भी की जा रही है, जो चिकित्सा अनुसंधान और अत्याधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देगा।

योगी सरकार ने नर्सिंग और पैरामेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रदेश में स्वीकृत 27 नर्सिंग कॉलेजों में से 25 में निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। साथ ही, नर्सिंग में 7,000 सीटों और पैरामेडिकल में 2,000 सीटों की वृद्धि की गई है। प्रदेश में लंबे समय से बंद पड़े 35 एएनएम (सहायक नर्सिंग मिडवाइफरी) प्रशिक्षण केंद्रों को पुनः शुरू किया गया है। मिशन निरामया के अंतर्गत नर्सिंग और पैरामेडिकल संस्थानों की गुणवत्ता सुधार के लिए कई कार्यक्रम संचालित किए गए हैं और 'मेंटॉर-मेंटी मॉडल' लागू किया गया है। योगी सरकार ने प्रदेश को मेडिकल शिक्षा के बड़े संस्थानों की सौगात दी है। लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। वहीं, गोरखपुर और रायबरेली में एम्स का संचालन किया जा रहा है, जिससे पूर्वी और मध्य उत्तर प्रदेश के लोगों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं।

# हेमवती नंदन बहुगुणा ने संघर्षों से प्रशस्त किया था अपना मार्ग: योगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. हेमवती नन्दन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर सोमवार योजना भवन में उनकी प्रतिमा के सम्मुख स्थित चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. हेमवती नन्दन बहुगुणा की पावन पुण्यतिथि है। स्व. बहुगुणा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने के साथ-साथ देश के वरिष्ठ राजनेता थे। उन्होंने अपना मार्ग संघर्षों से प्रशस्त किया था। लम्बे राजनीतिक कैरियर के दौरान सार्वजनिक जीवन की सुचिता और पारदर्शिता के साथ-साथ लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी अगाध निष्ठा थी।

- **श्रद्धांजलि सभा में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, लालजी प्रसाद निर्मल, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह आदि मौजूद रहे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश को विकास के पथ पर अग्रसर करने के लिए वर्ष 1973 से 1975 के बीच स्व. बहुगुणा द्वारा तय की गई कार्य योजना आज भी हम सबके लिए एक मार्गदर्शिका का कार्य कर रही है। स्व. बहुगुणा को केन्द्रीय मंत्री के रूप में भी अलग-अलग दायित्वों का निर्वहन करने का अवसर प्राप्त हुआ था। प्रयागराज उनकी कर्म साधना स्थली होने के साथ-साथ देश के स्वाधीनता आन्दोलन की लौ को प्रखरता के साथ आगे बढ़ाने के लिए उनकी संघर्ष स्थली के रूप में भी जाना जाता है। उन्होंने 17 मार्च, 1989 को अपनी नश्वर देह विसर्जित की। वह हमारे बीच में नहीं हैं, लेकिन उनकी स्मृतियां आज भी समाज जीवन से जुड़े हुए अलग-अलग पक्षों को नई दिशा प्रदान कर रही हैं। श्रद्धांजलि सभा में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, लालजी प्रसाद निर्मल, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# बजट का समय से सद्उपयोग किया जाये : केशव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग व खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि विशेष रूप से फोकस करके आबंटित बजट का समय से सदुपयोग किया जाना हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी

- **अमृत सरोवर पानी से लबालब भरे नजर आने चाहिए**
- **प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के सर्वे के कार्य को 31 मार्च तक हर हाल में पूरा किया जाये**
- **नयी खाद्य प्रसंस्करण नीति का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाये**

सम्बन्धित अधिकारियों की जिम्मेदारी फिक्स की जाये।

केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय पर आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में ग्राम्य विकास विभाग व फूड प्रोसेसिंग डिपार्टमेंट के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने विभागवार, सेक्टरवार आवंटित धनराशि व उसके




सापेक्ष व्यय धनराशि की विस्तार से जानकारी हासिल करते हुए निर्देश दिए समस्त बजट समय से व्यय हो जाना चाहिए इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होने राष्ट्रीय एकीकरण विभाग के बजट व्यय की भी समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नयी खाद्य प्रसंस्करण नीति का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाये और इस नीति के तहत उद्यमियों को प्राविधानित सुविधाओं के बारे में जन जन को जानकारी दी जाये ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठा सकें, इससे जहां उद्यमियों को फायदा होगा वहीं किसानों को भी बहुत फायदा होगा किसानों के उत्पादों के अधिक से अधिक प्रोसेसिंग होने से उन्हें उनके उत्पादों का उचित मूल्य हासिल होगा, फूड प्रोसेसिंग कार्यों से स्वयं सहायता समूहों महिलाओं को अधिक से अधिक जोड़ने की आवश्यकता पर उप मुख्यमंत्री ने बल दिया।

उन्होंने कहा कि कामन इनक्यूबेशन सेंटर समूहों की दीदियों को हस्तांतरित करना है, वहां सभी आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता कराने के साथ ही विद्युत कनेक्शन दिलाने की नियमानुसार कार्यवाही अतिशीघ्र सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि नवरात्रि में कम से कम 9 इनक्यूबेशन सेन्टर चालू करने की कार्यवाही की जाये। उन्होंने समूहों की दीदियों को फूड प्रोसेसिंग के कार्यों के सम्बन्ध में दक्ष बनाने के भी निर्देश दिए। डिप्टी सीएम ने कहा कि टीएचआर प्लान्टों में पोषाहार के अलावा अन्य उपयोगी चीजों के तैयार करने का प्लान बनाया जाये। उन्होंने कहा कि इन्क्यूबेशन सेन्टरों में क्या क्रियाकलाप होने है, कैसे होने हैं एव इनसे क्या फायदा स्थानीय लोगों को होगा, इसका व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाये। उन्होंने कहा फूड प्रोसेसिंग डिपार्टमेंट में दक्ष व कुशल मैन पावर बढ़ाने के लिए सभी जरूरी उपाय किये जाये। उप मुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अमृत सरोवर पानी से लबालब भरे नजर आने चाहिए। अमृत सरोवरों का उपयोग जनहित में होना ही चाहिए। उन्होंने उन्होने निर्देश दिए कि महिला सामर्थ्य योजना के तहत मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनियों की संख्या बढ़ाने का सार्थक प्रयास किया जाय। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत एफडीआर तकनीक के तहत बनाई जा रही सड़को के बारे में सम्बन्धित चुनिंदा कान्ट्रैक्टरो की बैठक करायी जाये।

# सीएम धामी ने सरकारी अधिसूचनाओं में विक्रम संवत एवं हिन्दू माह के उल्लेख के दिये निर्देश



**देहरादून।** उत्तराखंड में जारी होने वाली सरकारी अधिसूचनाओं, गजट नोटिफिकेशनों, उद्घाटन पट्टिकाओं एवं शिलान्यास शिलाओं में तिथि और वर्ष के साथ-साथ विक्रम संवत एवं हिन्दू माह (यथा फाल्गुन, कृष्ण पक्ष/शुक्ल पक्ष) का उल्लेख सुनिश्चित किया जाएगा। इस आशय का निर्देश आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा दिए गए हैं।

- **सरकारी अधिसूचनाओं, गजट, नोटिफिकेशन व उद्घाटन पट्टिकाओं में हिन्दू तिथि, माह विक्रम संवत का किया जायेगा उल्लेख**

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग को आवश्यक आदेश तत्काल निर्गत करने के निर्देश दिये हैं, ताकि भविष्य में जारी होने वाले सभी अधिसूचनाओं, शिलान्यास शिलाओं, उद्घाटन पट्टिकाओ में इन पारंपरिक समय-गणना मानकों का समावेश किया जा सके। उन्होंने कहा कि विक्रम संवत भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है।

# अधिवक्ताओं के समर्थन में उतरे रालोद प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल ने राजधानी लखनऊ को 14 मार्च को विभूति खण्ड थाना में अधिवक्ता पुलिस विवाद में अधिवक्ताओं के द्वारा किये जा रहे आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा है कि अधिवक्ताओं की मांग जायज है और न्यायहित में स्वीकार योग्य है। उन्होंने कहा कि होली के दिन अधिवक्ता सौरभ वर्मा एवं अधिवक्ता साथियों के साथ थाना परिसर के अंदर पुलिस द्वारा की गयी मारपीट घोर निंदनीय है। पुलिस द्वारा ऐसा कृत्य अशोभनीय है। सम्बन्धित थाने की पुलिस जांच करेगी तो जांच की निष्पक्षता प्रभावित होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस प्रकरण की जांच विशेष जांच एजेंसी से कराये जाने की मांग की ताकि न्यायोचित कार्यवाही संभव हो सके।

# भाजपा की राजनीति समाज में बढ़ा रही दूरियां : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा की नकारात्मक राजनीति समाज में संकट और दूरियां पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपाइयों ने ऐंग्लो-इंडियन्स का आरक्षण समाप्त किया। किसानों को परेशान करने के लिए काले कानून लाए, नोटबंदी से हर नागरिक को परेशान किया। जीएसटी से छोटे दुकानदारों, व्यापारियों और कारोबारियों को परेशान किया, धर्म-जात की विभेदकारी नफरत की राजनीति की और अब वक़्फ़ की सियासत कर रहे है।

अखिलेश यादव ने कहा कि दरअसल भाजपा को ये डर है कि उनका जो भी 5-10 प्रतिशत कट्टर समर्थक है उसे कैसे खुश करके बचाया-बनाया जा सके नहीं तो



भाजपा के लिए 1-2 सीट के भी लाले पड़ जाएंगे।

भाजपा का सफाया होना तय हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नफरत, बांटने और झूठ की राजनीति करती है। भाजपा किसान, नौजवान, पीडीए विरोधी है।

जनता को धोखा दे रही है। लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। संविधान और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए को एकजुट कर भाजपा की नकारात्मक राजनीति को परास्त करेगी। पीडीए 90 प्रतिशत जनता की एकता का नाम है। पीडीए संविधान और आरक्षण की ढाल है। भाजपा पीडीए के खिलाफ लगातार षड्यंत्र कर रही है। पीडीए समाज भाजपा की साजिशों को समझ रहा है। आने वाले चुनाव में यह एक बार फिर भाजपा को सबक सिखाएगा।

# पीडीए को लेकर अखिलेश और केशव के बीच जुबानी जंग तेज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के उपमुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता केशव प्रसाद मौर्य और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच सोमवार को पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को लेकर फिर जुबानी जंग तेज हो गयी।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पिछले वर्ष लोकसभा चुनाव के दौरान पीडीए का नारा देकर पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को एक साथ जोड़ने की मुहिम शुरू की थी और उनकी पार्टी को इसका लाभ मिला। अखिलेश यादव ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा, पीडीए 90 फीसदी जनता की एकता का नाम है। पीडीए संविधान और आरक्षण की ढाल है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, भाजपा की नकारात्मक राजनीति समाज में संकट और दूरियां पैदा करने की रही है। यादव ने कहा, कि भाजपाइयों ने एंग्लो-इंडियन का आरक्षण समाप्त किया, किसानों को परेशान करने के लिए काले कानून लाए, नोटबंदी से हर नागरिक को परेशान किया, जीएसटी से छोटे दुकानदारों, व्यापारियों और कारोबारियों को परेशान किया, धर्म-जात की विभेदकारी नफरत की राजनीति की और अब वक्फ की सियासत। सपा प्रमुख ने कहा, कि दरअसल भाजपा को ये डर है कि उनका जो भी पांच-दस प्रतिशत कट्टर समर्थक है, उसे कैसे खुश करके बचाया-बनाया जा सके नहीं तो भाजपा के लिए एक-दो सीट के भी लाले पड़ जाएंगे। वहीं, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर कटाक्ष करते हुए कहा, कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, आप मुझे गाली दें या अपमान करें, लेकिन मैं आपके लिए हमेशा आदरसूचक शब्दों का ही उपयोग करूंगा। मौर्य ने कहा, कि परंतु याद रखें, आपके अपमान और तुष्टीकरण की राजनीति का जवाब उत्तर प्रदेश की जनता देगी। पिछड़े वर्ग और गरीब आपकी साइकिल पंचर कर सपा को समाप्तवादी पार्टी बना देंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा, कि सच्चाई यह है कि आपको कभी भी कोई मजबूत पिछड़ा नेता सहन नहीं होता। आपका पीडीए (परिवार डेवलपमेंट एजेंसी) केवल धोखेबाजी है।

# डॉ. संजय निषाद ने संतकबीर नगर में सौंपा ज्ञापन



**लखनऊ।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद के निर्देशानुसार पूर्व सांसद फूलन देवी को लेकर सोमवार को जालौन के निवासी डॉ आशीष त्रिवेदी द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म (एक्स) पर भद्दी-भद्दी गालियां व अमर्यादित टिप्पणी करने को लेकर जनपद के पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन सौंपकर इस व्यक्ति द्वारा की गयी अमर्यादित टिप्पणी करने पर प्रथम दृष्टयता रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी से कड़ी करवाई करने की मांग की गयी।

उन्होंने बताया कि फूलन देवी मछुआ समाज की बेटी के साथ-साथ केवट, मल्लाह, बिंद, निषाद, कश्यप, धीवर, धीमर, तुरैहा, रायकवार, कहार समेत मछुआ समाज एवं महिलाओं के लिए प्रेणास्त्रोत्र है। आज मछुआ समाज की बेटी हमारे बीच में नहीं है, अगर वो होती तो इन मनुवादियों के पाखंड का जवाब देने में सक्षम थीं, किंतु इन्हीं मछुआ समाज विरोधियों ने फूलन देवी की हत्या करवा दी और आज वही लोग नीची टिप्पणी करके मछुआ समाज अपमानित करने का काम कर रहे हैं लेकिन आज निषाद पार्टी फूलन देवी के सम्मान में प्रादेशिक ज्ञापन देकर ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग करते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष निषाद पार्टी डॉ संजय निषाद ने अपनी संवैधानिक अधिकार यात्रा के दूसरे चरण नौवें दिन संतकबीरनगर के भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला अधिकारी संतकबीरनगर व पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर को ज्ञापन सौंपा। डॉ. निषाद ने बताया कि आज प्रदेश के आज सभी जिलों में (लखनऊ को छोड़कर) जिला कमेटी के माध्यम से ज्ञापन सौपा गया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने और जिला कमेटी ने सभी जनपदों में राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम से संबोधित ज्ञापन मछुआ समाज के बहुप्रतीक्षित मामले मछुआ एससी आरक्षण प्रमाण पत्र निर्गत करवाने के संबंध में सौंपा गया है, उन्होंने बताया कि उप्र शासन, कार्मिक अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-4(1)/2002-का-2, लखनऊ दिनांक 31-12-2016 एवं संख्या-1/2017/4(1)/2002-का-2, दिनांक 12-01-2017 एवं शासनादेश संख्या-4442/छब्बीस-818-1957, दिनांक 22 मई, 1957 में संशोधन अधिनियम-1976, दिनांक 27 जुलाई, 1977 का अनुपालन सुनिश्चित कराने को लेकर प्रदेश में ज्ञापन सौंपा गया है। साथ ही पुलिस अधीक्षक को पूर्व सांसद फूलन देवी के ऊपर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर उस व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है।

- **निषाद पार्टी अध्यक्ष के निर्देशानुसार निषाद पार्टी का प्रादेशिक ज्ञापन**
- **मछुआ समाज को आरक्षण और पूर्व सांसद फूलन देवी पर की गयी अभद्र टिप्पणी के मुद्दे पर सौंपा गया ज्ञापन**

# 63 हजार करोड़ रुपये आबकारी राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश को एक ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने में आबकारी

- **बार्डर से एक भी बोतल अवैध शराब यूपी में न आए : नितिन अग्रवाल**
- **प्रथम चरण की लाटरी में कुल दुकानों के सापेक्ष 98.90 प्रतिशत दुकानों का व्यवस्थापन**
- **फील्ड आफीसर्स को प्रत्येक 15 दिन के अंदर प्रवर्तन से संबंधित रिपोर्ट शासन को भेजनी होगी**

विभाग का महत्पूर्ण योगदान होगा। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 63 हजार करोड़ रुपये आबकारी राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य निर्धारित है, जिसको हर हाल में प्राप्त किया जाना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राजस्व प्राप्ति में केवल 20 प्रतिशत वार्षिक अभिवृद्धि करनी होगी, जबकि वर्तमान में लगभग 12 प्रतिशत वार्षिक की वृद्धि से राजस्व अर्जित किया जा रहा है।

आबकारी मंत्री ने यह निर्देश सोमवार को आबकारी आयुक्त कैम्प कार्यालय में आयोजित विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-24 में कुल 45,570.47 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्तियाँ हुई थीं, जो वर्ष 2022-23 में प्राप्तियों 41,252.24 करोड़ रुपये के सापेक्ष 4,318.23 करोड़ रुपये अधिक है। इस प्रकार आबकारी राजस्व में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह फरवरी, 2025 तक कुल 42828.57 करोड़ रुपये की प्राप्तियाँ हुई हैं, जो वर्ष 2023-24 की आलोच्य अवधि में प्राप्तियों




41224.16 करोड़ रुपये के सापेक्ष 1604.41 करोड़ अधिक है। उन्होंने राजस्व अर्जित करने में टॉप-10 जिलों की सराहना की और न्यूनतम रहने वाले टॉप-10 जनपदों को राजस्व बढ़ाने के सख्त निर्देश भी दिये। आबकारी मंत्री ने कहा कि आबकारी नीति में आंशिक संशोधन के उपरान्त राजस्व पर अनुकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्रथम चरण की ई-लॉटरी सम्पन्न हो चुकी है, जिसमें देशी मदिरा की 15906 दुकानों, 9341 कम्पोजिट शॉप्स, भांग की 1323 दुकानों तथा 430 मॉडल शॉप्स का व्यवस्थापना सम्पन्न हुआ है। इस प्रकार प्रथम चरण की लाटरी में कुल दुकानों के सापेक्ष 98.90 प्रतिशत दुकानों का व्यवस्थापन हुआ है। इस सफलता के लिए उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रसंशा भी की। उन्होंने कहा कि नई आबकारी नीति के तहत अगले वित्तीय वर्ष के लिए लगभग 40 प्रतिशत नये अनुज्ञापी आये है। इन सभी के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक जानकारियां प्रदान की जाये, ताकि उनको व्यवसाय करने में कोई असुविधा का सामना न करना पड़े। मंत्री ने अवैध मदिरा की रोकथाम के लिए की जा रही प्रवर्तन कार्रवाई की समीक्षा करते हुए कहा कि इसमें और अधिक सक्रियता की आवश्यकता है। इसके लिए प्रदेश को दो भागों में बांटकर दो अलग-अलग अधिकारियों को इसके पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी जाये और वे फील्ड में जाकर अपनी देख-रेख में प्रवर्तन की कार्रवाई करायेंगे। इसके अतिक्ति सभी फील्ड आफीसर प्रत्येक 15 दिन के अंदर प्रवर्तन से संबंधित कार्रवाई की रिपोर्ट शासन को उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने कहा कि बार्डर जिलों से एक भी बोतल अवैध मदिरा प्रदेश में नहीं आनी चाहिए। इसके लिए चेक पोस्ट को 24 घंटे क्रियाशील रखा जाये और बिहार राज्य से जुड़े जनपदों पर खास निगरानी रखी जाये।

संक्षेप

## घर में घुसकर हुई मारपीट, पांच पर केस

प्रतापगढ़। घर में घुसकर हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे नोती गांव निवासिनी मालती त्रिपाठी पत्नी स्व. नरसिंह त्रिपाठी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रंजिश को लेकर ग्यारह मार्च की सुबह करीब नौ बजे गांव के सत्यप्रकाश पुत्र यज्ञेशदत्त तथा उनकी पत्नी रोली व यज्ञेशदत्त तथा उनके पुत्र गबलू एवं प्रियंका पत्नी गबलू ने एकराय होकर घर में घुसकर पीडिता तथा उसके पुत्र मनीष को मारापीटा। आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए घरेलू सामानों में तोडफोड किया व जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## जमीनी विवाद में चार पर मारपीट व धमकी का केस

प्रतापगढ़। जमीनी विवाद में हुई मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी को लेकर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पयागीपुर गांव निवासिनी रानी देवी पत्नी मोतीलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि जमीनी विवाद में बारह मार्च को गांव के आरोपियो लाल बहादुर पुत्र कलेशर, भोला पुत्र लाल बहादुर, देवा व हरिहर पुत्रगण लाल बहादुर ने गालीगलौज करते हुए लाठी डण्डा से उसे मारने पीटने लगे। बचाव में पहुंची पीड़िता की पुत्री गुड़िया को भी घर में घुसकर मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## चार पर मारपीट का दर्ज हुआ मुकदमा

प्रतापगढ़। रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने एक नामजद व तीन अज्ञात समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के खेंमसरी गांव निवासी प्रदीप चौरसिया पुत्र रामसुख चौरसिया ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रंजिश को लेकर चौदह मार्च को सुबह करीब आठ बजे गांव के राजवीर सिंह उर्फ हैपी पुत्र ज्ञान सिंह ने अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उसके साथ गालीगलौज करने लगे। पीड़ित के विरोध करने पर आरोपियों ने मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि तहरीर के आधार पर चार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## होली मिलन में व्यापारियों ने गले मिलकर साझा की खुशियां

प्रतापगढ़। रानीगंज कैथौला बाजार में आयोजित होली मिलन समारोह में व्यापारियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की खुशी साझा किया। कार्यक्रम के दौरान व्यापारमण्डल की ओर से राजेश सिंह, कमल सिंह, अंकित सिंह, हरिश्चंद्र विश्वकर्मा, अरविन्द सिंह, सुनील सिंह, पिण्टू सिंह, शरद सिंह, राजू केसरवानी, जवाहर लाल सोनी, कुलदीप सोनी, तीरथ मोदनवाल, धर्मेन्द्र केसरवानी, बबलू केसरवानी, बबलू सिंह, कृपाशंकर आदि व्यापारियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। व्यापारमण्डल अध्यक्ष पवन कुमार वैश्य ने कहा कि होली का पर्व सौहार्द को मजबूती प्रदान करता है। कार्यक्रम का संयोजन महामंत्री रामबाबू सोनी ने किया।

# सरकारी अस्पताल में हो गर्भवती महिलाओं और बच्चों का इलाज

## राज्यपाल ने की विभिन्न विभागों की समीक्षा



जिला संवाददाता (vol)

**सिद्धार्थनगर।** जनपद के रेस्ट हाऊस सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में राज्यपाल उ०प्र० श्रीमती आनन्दी बेन पटेल की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी डा० राजा गणपति आर०, पुलिस अधीक्षक डा० अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, पंचायती राज विभाग व अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा की गयी। राज्यपाल उ०प्र० श्रीमती आनन्दी बेन पटेल ने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केन्द्रो पर बच्चों का पंजीकरण अधिक से अधिक हो। गर्भवती महिलाओ एवं बच्चों का इलाज सरकारी अस्पताल में हो, निजी अस्पताल में इलाज न हो। प्रधानमंत्री आयुष्मान योजनान्तर्गत 05 लाख तक का मुफ्त इलाज हो तथा समय से उसका भुगतान कराने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के अन्तर्गत टीबी मरीजों को पोषण पोटली का वितरण कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही टीबी मरीजो को गोद लिये गये लोगो द्वारा निरीक्षण कर प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया।

# घरेलू कलह में युवक और महिला ने की खुदकुशी

झांसी। जिले के दो अलग-अलग स्थानों पर एक युवक और एक महिला ने पारिवारिक कलह के चलते कथित तौर पर खुदकुशी कर ली। पुलिस के अनुसार थाना पूंछ के ग्राम कनेछा निवासी अखिलेश सेन (19) रविवार देर शाम निकट के गांव सेसा स्थित अपने बड़े भाई मनीष के सैलून पर शराब पीकर पहुंचा तो बड़े भाई ने उसे फटकार लगा दी। पुलिस ने बताया कि इसी बात से नाराज अखिलेश ने सैलून में रखा उस्तरा उठाकर अपना गला रेत लिया। उसने बताया कि मनीष उसे तत्काल अस्पताल ले गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले अखिलेश की मौत हो गई। पुलिस के बताया कि दूसरी घटना थाना प्रेमनगर क्षेत्र में हुई जहां बल्लमपुर निवासी संध्या यादव (26) ने ट्रेन के आगे छलांग लगा दी, जिसकी मौके पर ही मौत हो गयी। उसने बताया कि यह कदम उठाने से पूर्व उसने रविवार शाम एक वीडियो बनाया था जिसमें संध्या ने उसे लगातार प्रताड़ित किए जाने और पति की यारी दोस्ती से परेशान होने की बात कही थी। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार दोनों ही मामलों में अभी तक किसी परिजन द्वारा शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। किसी भी तरह की शिकायत आने पर अग्रिम कार्वाई की जाएगी।

## मोटरसाइकिल की टक्कर से राहगीर की मौत

अमेठी। जिले में सोमवार को घर से पैदल बैंक जा रहे राहगीर को एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक जिले के जामो कस्बा के स्वामी नाथ तिवारी (60) घर से पैदल निकट ग्रामीण बैंक जा रहे थे, तभी सड़क पार करते समय एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। जामो थाने के एसएचओ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। एसएचओ ने कहा कि मोटरसाइकिल सवार की तलाश की जा रही है।

## शांतिभंग में 5 अभियुक्त गिरफ्तार



बलरामपुर। थाना को0 उतरौला में शांति भंग के मामले में 05 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तार व्यक्तियों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर कार्यवाही कर न्यायालय उतरौला भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण में जान मोहम्मद पुत्र फारुख अहमद उम्र करीब 26 वर्ष 2. मोहम्मद हुसेन पुत्र सरवर हुसैन उम्र करीब 25 वर्ष निवासीगण अगया खुर्द थाना को0 देहात जनपद बलरामपुर 3.जान मोहम्मद पुत्र फारुख अहमद उम्र करीब 26 वर्ष निवासी धर्मनगर जुआ थान थाना को0 उतरौला .मोहम्मद सलमान खान पुत्र मो0 अनीस खान 5. मोहम्मद सुहेल खान पुत्र मो0 हनीफ उम्र करीब 19 वर्ष निवासीगण बढ़या पकड़ी थाना उतरौला है।

## नेत्र रोग विभागाध्यक्ष ने नोएडा में दिया व्याख्यान



मेरठ। लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज मेरठ के नेत्र रोग के विभागाध्यक्ष डॉ लोकेश कुमार सिंह द्वारा नोएडा में आयोजित यू पी स्टेट ऑपथललोजिक सोसायटी के आयोजित कार्यक्रम में परा-स्नातक छात्रों के शिक्षण एवं प्रशिक्षण हेतु ऑपथलमैलॉजी विषय पर व्याख्यान दिया। व्याख्यान में डॉ सिंह ने मोतियाबिंद के ऑपरेशन में प्रयुक्त होने वाले अत्याधुनिक लैंस के बारे में जानकारी दी एवं उसके संबंध में एक पेपर प्रस्तुत किया। प्रस्तुत पेपर में डॉ सिंह ने बताया कि किस प्रकार से किस लेंस को किस प्रकार के रोगी हेतु प्रयुक्त किया जा सकता है एवं मरीज की चश्मे पर निर्भरता में कमी आ सकती है। जोनल मीटिंग में डॉ अलका गुप्ता आचार्य नेत्र रोग विभाग मेडिकल कॉलेज मेरठ को भी सम्मानित किया गया। व्याख्यान हेतु डॉ आर सी गुप्ता प्राचार्य मेडिकल कॉलेज मेरठ ने डॉ लोकेश कुमार सिंह एवं डॉ अलका गुप्ता को शुभकामनाएं दी।

# भकियू टिकैत की मासिक पंचायत इकौना में आयोजित

## बैठक में किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा



श्रावस्ती (इकौना)। भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत तहसील परिसर इकौना में आयोजित की गई, जिसमें संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में किसान नेताओं ने बताया कि 17 फरवरी 2025 को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन अब तक समस्याओं का कोई समाधान नहीं किया गया और न ही प्रशासन की ओर से कोई जानकारी दी गई। इसी को लेकर 17 मार्च 2025 को किसानों ने फिर से ज्ञापन के निस्तारण की मांग उठाई। किसानों का आरोप है कि ज्ञापन पर कार्रवाई न होने के कारण एसडीएम इकौना किसानों की बात सुनने के लिए धरना स्थल पर नहीं पहुंचे, जिससे किसान आक्रोशित हो गए और तहसील गेट पर नारेबाजी करने लगे। मौके पर इकौना थाना पुलिस पहुंची और किसानों को शांत कराया। इसके बाद तहसीलदार इकौना के समक्ष किसानों ने ज्ञापन सौंपा और पूर्व में दिए गए ज्ञापन की समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग की। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष रक्षा राम यादव, तहसील महासचिव सोमई प्रसाद चौधरी, देवीपाटन मंडल सचिव सोम शर्मा, मध्यांचल जोन महासचिव विनोद कुमार शुक्ला सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला जागृति के लिए पुलिस ने लगायी चौपाल



बलरामपुर। महिलाओं / बालिकाओं की सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर वृहद स्तर पर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में कानूनी प्राविधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है।

## प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक का बैज अलंकरण समारोह सम्पन्न



श्रावस्ती। पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) आलोक कुमार सिंह ने जनपद में छह माह का व्यवहारिक प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया व अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने उन्हें बैज अलंकरण कर सम्मानित किया और उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह में पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षु अधिकारी को अनुशासन, उत्कृष्ट पुलिसिंग और जनसेवा की भावना से कार्य करने की प्रेरणा दी। वहीं, अपर पुलिस अधीक्षक ने उन्हें भविष्य में सौंपे जाने वाले दायित्वों को कुशलतापूर्वक निभाने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर अन्य पुलिस अधिकारियों ने भी आलोक कुमार सिंह को बधाई दी और उनके समर्पण व कर्तव्यपरायणता की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रशिक्षु अधिकारियों को पुलिसिंग से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी देते हुए उनके दायित्वों की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर जिले के विभिन्न पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी आलोक कुमार सिंह को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में पुलिस विभाग के कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

## समाधान दिवस में आयीं 65 शिकायतें



प्रतापगढ़। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई पैंसठ शिकायतों में से तीन का अफसरों ने निस्तारण कराया। एसडीएम नैंनसी सिंह व सीओ रामसूरत सोनकर ने शिकायतों की सुनवाई की। समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग से जुडी पचीस व पुलिस विभाग से जुडी तेरह रहीं। एसडीएम ने जमीन सम्बन्धी समस्याओं को लेकर मातहतों को मौके पर जाकर समाधान के निर्देश दिये। सीओ ने पुलिस से जुडी समस्याओं पर सुनवाई की। इस मौके पर लेखपाल संघ अध्यक्ष केके सरोज, मो. अकरम, सुरेश यादव, पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## महिला की पिटाई, छः पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। महिला के साथ मारपीट, गालीगलौज व धमकी को लेकर पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के खालसा सादात गांव की किताबुननिशा पत्नी अनवारूल हक ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि तेरह मार्च को दोपहर करीब एक बजे गांव निवासी जाहिद के पुत्रगण मजहर व अजहर, पत्नी जमीला तथा पुत्री तरन्नू व गुड़िया तथा नाजी पत्नी मजहर एकराय होकर उसके दरवाजे पर पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। पीड़िता के मना करने पर आरोपियों ने उसे मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि तहरीर के आधार पर मजहर समेत आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सड़क हादसे में दो की मौत

महराजगंज। जिले में एक ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर होने से दोपहिया वाहन पर सवार दो लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना रविवार रात महराजगंज-गोरखपुर मार्ग पर हुई। मृतकों की पहचान गंगेश (25) और उसके दोस्त मिथलेश यादव (22) के रूप में की गई है। गंगेश की मौके पर ही मौत हो गई और यादव ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। क्षेत्राधिकारी (सदर) आभा सिंह ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आगे की जांच जारी है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने फरियादियों की सुनी शिकायतें

- तहसील तुलसीपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न
- गुणवत्तापूर्ण ढंग से शिकायतों के निस्तारण का दिया निर्देश



**बलरामपुर।** जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं के प्रभावी निराकरण हेतु डीएम पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में तहसील तुलसीपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान डीएम द्वारा जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया एवं कतिपय शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर किए जाने का निर्देश संबंधित को दिया।

भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर से जुड़े मामलों में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में गलत रिपोर्टिंग पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान 32 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 09 प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम तुलसीपुर, जिला विकास अधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें। वहीं बलरामपुर सदर संपूर्ण समाधान दिवस मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान फरियादियों द्वारा 18 प्रार्थना दिए गए जिसमें से मौके पर 02 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया, जबकि उतरौला संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम राजेंद्र बहादुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान फरियादियों द्वारा 10 प्रार्थना पत्र दिए गए जिसमें से 01 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया।

## न्यायपालिका और वकीलों ने मनाया होली मिलन

इटावा। सिविल बार एसोसिएशन ने सोमवार को कचहरी स्थित डीबीए सभागार में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस दौरान न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे पर फूल बरसाए और होली गीत गाए। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश च्यवन प्रकाश समेत एमएसीटी, परिवार न्यायालय, एससी, एसटी कोर्ट और सीजेएम सहित कई न्यायाधीश मौजूद रहे। सिविल बार के अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अरुण कुमार गुप्ता ने किया। समारोह की शुरूआत पारंपरिक होली गीतों से हुई।

## पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभः परिवार को मिले 2 लाख रुपये, परिजनों को मिली राहत



बांसी सिद्धार्थ नगर। स्टेट बैंक आफ इंडिया बैंक की तेलौरा शाखा में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो परिवारों को बड़ी राहत मिली है। मृतक रमेश चंद्र व रेनु देवी के परिवार को बीमा क्लेम के रूप में 2 लाख रुपए मिले हैं। मंगलवार को उनके खाते में 2 लाख रुपए की राशि का भुगतान कर दिया गया है। शाखा प्रबंधक ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक व वित्तीय साक्षरता केन्द्र के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूकता कैंप लगा कर लोगों को जागरूक कर बीमा एंव बैंकिंग सुविधाओं के बारे मे जानकारी दिया जा रहा है। सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत बैंक बहुत कम प्रीमियम पर यह बीमा सुविधा प्रदान करता है। ज्यादा से ज्यादा लोगो को यह बीमा बैंक से करना चाहिए। इस अवसर पर स्टेट बैंक आफ इंडिया तेलौरा शाखा प्रबंधक नुपुर रॉय एंव आरोह फाउंडेशन से वित्तीय सलाहकार अनूप पांडेय व बीमा धारक के स्वजन मौजूद रहे।

# विद्यालय को मिली लाखों की सौगात, खुशी



**प्रतापगढ़।** मेधावियों को विज्ञान की शिक्षा के लिए राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी व क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से बड़ी सौगात मिली है।

प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत शासन की ओर से लालगंज तहसील में सांगीपुर स्थित गांधी इंटरमीडिएट कालेज का चयन हुआ है। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने रविवार की शाम विद्यालय परिसर में छाछठ लाख सोलह हजार से अधिक की स्वीकृति हुई परियोजना का समारोह पूर्वक भूमिपूजन किया। प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत विद्यालय में कक्षा कक्ष एवं विज्ञान की प्रयोगशाला के लिए शासन द्वारा पचास लाख रुपए स्वीकृत हुए हैं। कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों में इस जानकारी पर प्रसन्नता देखी गयी कि परियोजना के लिए विद्यालय की ओर से लगाए जाने वाली अंशदान की धनराशि सोलह लाख छाछठ हजार से अधिक की राशि क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा निजी तौर पर प्रदान की गयी।

कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि विधायक मोना के प्रयास से क्षेत्र के गरीब तपके के मेधावियों को इस योजना के तहत और बेहतर शिक्षा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि रामपुरखास को शैक्षिक हब के रूप में विकसित करने का उद्देश्य लोगों को साक्षर बनाकर उनके अधिकारों की सुरक्षा करना है। विशिष्ट अतिथि प्रो. डॉ. विजयश्री सोना रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. अमिताभ शुक्ल व संचालन शिक्षक रामबोध शुक्ल ने किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू, जि.पं.सदस्य रिंकू सिंह परिहार, डॉ. निरंकार सिंह, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, डॉ. बच्चाबाबूवर्मा, अनिल सरोज, रविशंकर उपाध्याय, रवीन्द्र भूषण मिश्र, अनुराग उपाध्याय आदि रहे।

# साथियों के उत्पीड़न पर बिफरे वकील



प्रतापगढ़। लखनऊ में पुलिस द्वारा थाने में साथियों के साथ मारपीट व अभद्रता को लेकर सोमवार को यहां अधिवक्ताओं में आक्रोश पनप उठा दिखा। वकीलों ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह की अगुवाई में तहसील गेट पर घंटों विरोध प्रदर्शन किया। वकीलों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लखनऊ के विभूति खंड थाने में अधिवक्ताओं द्वारा पुलिस कर्मियों के खिलाफ दर्ज करायी गयी एफआईआर में शासन से फौरन गिरफ्तारी की मांग उठायी हैं। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में भी पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं नाराज वकीलों ने दीवानी तथा तहसील अदालतों में न्यायिक कामकाज का बहिष्कार किया।

इससे वादकारी निराश होकर लौटते देखे गये। आमसभा में संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह ने कहा कि पुलिस की तानाशाही के खिलाफ वकील प्रदेश भर में आर-पार का संघर्ष छेड़ेंगे। सभा का संचालन महामंत्री सूर्यकांत निराला व संयोजन उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी ने किया। इधर दीवानी न्यायालय परिसर में भी वकीलों ने संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल की अगुवाई में लखनऊ में साथियों के उत्पीड़न को लेकर न्यायिक कामकाज से खुद को विरत रखा। इस मौके पर अनिल त्रिपाठी महेश, देवी प्रसाद मिश्र, अजय शुक्ल गुड्डू, संतोष पाण्डेय, टीपी यादव, विकास मिश्र, राममोहन सिंह, शिवाकान्त उपाध्याय, शैलेन्द्र मिश्र, शहजाद अंसारी, शिवरंजन यादव, सुशील शुक्ला, विनय शुक्ल, विपिन शुक्ल, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, दीपेन्द्र तिवारी, के के शुक्ला, शिवनारायण शुक्ला, सुमित त्रिपाठी, राजेश सरोज, अनिल शर्मा, केबी सिंह, इरफान, आशीष तिवारी, मनीष क्रांतिकारी, अखिलेश द्विवेदी, सुधाकर मिश्र, सिंटू मिश्रा, अखिलेश श्रीवास्तव, विनोद शुक्ल, शैलेन्द्र शुक्ल, रवीन्द्र नाथ तिवारी, रामकिंकर शुक्ल, प्रमोद तिवारी, कालिकाप्रसाद पाण्डेय, अनूप पाण्डेय, राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, ललित गौड़, उदयराज पाल, लालता प्रसाद पाण्डेय, हरिकेश पटेल, हेमंत पाण्डेय, लाल विनोद प्रताप सिंह, लाल अंकित सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

## जमीन पर हो रहे अवैध कब्जों को खाली कराया जायेः डीएम

ऊसराहार, इटावा। साहब चरागाह व वृक्षारोपण की जमीन पर हो रहे अवैध कब्जों को खाली कराया जाये। जिलाधिकारी अवनीश राय व एसएसपी संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान संपन्न हुआ होली के त्यौहार के बाद ताखा तहसील में हुए समाधान दिवस में फरियादी बड़ी संख्या में पहुंचे जिससे लोगों को कतार में खड़ा होकर शिकायतें करनी पड़ी, कुल 25 शिकायतें आयीं जिसमें छह शिकायतों को मौके पर निस्तारित किया गया। धारानगरिया निवासी अवनीश कुमार ने शिकायत करते हुए कहा कि मुर्चा टांडेहार पंचायत में चरागाह व वृक्षारोपण की जमीन पर कब्जा कर खड़े आम के पेडों को खत्म कर दिया गया सरकारी जमीन की पैमाइश कराकर खाली कराया जाये, वहीं कुदरैल मौजा निवासी गवेर सिंह ने मौजा के मजरा शिवरा में इंटर लाकिगं नहीं होने से जलभराव होने की शिकायत की जिसमें प्रधान व सचिव से भी शिकायत की लेकिन अभी तक काम नहीं कराया गया, वहीं पटियायत निवासी हरीओम ने शिकायती प्रार्थनापत्र देते हुए बताया कि पैमाइश के लिए कई बार प्रार्थनापत्र दिया लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल पैमाइश के लिए नहीं पहुंचे जिससे हमें तहसील के चक्कर लगाने पड रहे है।

संक्षेप

## बंटवारे को लेकर भतीजे की हत्या

आजमगढ़। अहरौला क्षेत्र के भोगइचा गांव में रविवार की शाम बटवारा के विवाद में चाचा ने लाठी डंडा से पीट कर भतीजा की हत्या कर दी। पत्नी की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है अहरौला थाना क्षेत्र के भोगईचा गांव निवासी 30 वर्षीय सुनील पांडेय का उसके पड़ोसी से बटवारा को लेकर विवाद चल रहा है। रविवार की शाम दोनो पक्ष में विवाद हो गया। चाचा रामशकल उर्फ करिया, रामदरस, राजाराम, रवि, रामशकल ने हमला कर दिया। लाठी डंडा से चोट लगने से सुनील घायल हो गया। उसे लेकर लोग सीएचसी पर पहुंचे, डॉक्टर ने रेफर कर दिया, अस्पताल ले जाते रास्ते में मौत हो गई। पत्नी अंजली देवी की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## पेड़ से लटका मिला युवती का शव

जौनपुर। जिले के खुटहन थाना क्षेत्र के अशरफगंज गांव में संचालित एक ईंट भट्ठा पर काम करने वाली युवती का शव सोमवार को भट्ठा के बगल बाग में एक पेड की डाल से ओढनी के फंदे में लटकता पाये जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की माता ने बताया कि सुबह किसी बात को लेकर उसे फटकार लगाई थी, जिससे नाराज बेटी ने आत्मघाती कदम उठा लिया। बताया गया कि सीतापुर जिले के एक गांव निवासी राम मिलन अपनी पत्नी व बच्चों के साथ ईंट भट्ठा पर काम करते हैं। उनकी 19 वर्षीया पुत्री शिवानी भी ईंट पथाई करती थी। सोमवार की भोर किसी बात को लेकर शिवानी और उसकी मां के बीच कहासुनी होने लगी। मां ने उसे बुरी रतह से फटकार लगाई जिससे नाराज होकर शिवानी ने भट्ठे के बगल बाग में एक पेड़ से ओढनी का फंदा बनाकर लटक गई। सुबह कुछ ग्रामीण उधर शौच को गये थे। फंदे पर लटकता शव देख शोर मचाने लगे। घटनास्थल पर पहुंचे परिवार के लोगों ने उसकी शिनाख्त कर फफक कर रो पड़े।

## किशोरी को भगा ले गया युवक

जौनपुर। सिरकोनी क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीया किशोरी को गांव का ही रिस्तेदार युवक उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया। अब किशोरी की मां ने थाने में तहरीर देकर अपनी पुत्री की बरामदगी के लिये गुहार लगायी है। सिरकोनी ब्लाक के एक इंटर कालेज के दसवीं की छात्रा को उसके ही गांव का रिस्तेदार लडका जो कि लाइन बाजार थाना क्षेत्र के सलखापुर गांव का निवासी है , किशोरी के गांव में अपने रिस्तेदार के यहां अक्सर आता जाता था। बीते शनिवार को वह उक्त किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। अब किशोरी की मां ने जफराबाद थाने में तहरीर देकर अपनी पुत्री की बरामदगी के लिये गुहार लगायी है। प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। लड़की की बरामदगी के लिये आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत रायपुर, वि.ख. माल, जनपद-लखनऊ**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक- 17.03.2025

**निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रायपुर, विकासखंड माल, जनपद लखनऊ में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/भट्ठा मालिक, दुकानदार दिनांक 18.03.2025 से दिनांक 29.03.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत रायपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 29.03.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | योजना का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | भगौती के घर से लल्ला के हाता तक सी.सी. रोड निमार्ण कार्य। | मनरेगा/ | 399372/- | सीमेन्ट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी व अन्य सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्ते गाइड लाइन के अनुसार लागू।

श्रीमती रामपती
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.- रायपुर, वि.ख.- माल
जनपद-लखनऊ

श्री मो. उबैद सईद
सचिव
ग्रा.पं.- रायपुर, वि.ख.- माल
जनपद-लखनऊ



**कार्यालय ग्राम पंचायत वीरपुर, वि.ख. माल, जनपद-लखनऊ**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक- 17.03.2025

**निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत वीरपुर, विकासखंड माल, जनपद लखनऊ में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/भट्ठा मालिक, दुकानदार दिनांक 18.03.2025 से दिनांक 29.03.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत वीरपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 29.03.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | योजना का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गंगा चरन के घर से दहियाताली तालाब तक पक्की नाली निर्माण कार्य। | मनरेगा | 163923/- | ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेंट, मोरंग, बालू व अन्य सामग्री। |
| 2. | राजेन्द्र के घर से रामलाल की बाग तक खड़ंजा निर्माण कार्य। | मनरेगा | 218833/- | ईंट व अन्य सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्ते गाइड लाइन के अनुसार लागू।

श्रीमती सुशीला देवी
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.- वीरपुर, वि.ख.- माल
जनपद-लखनऊ

श्री मो. उबैद सईद
सचिव
ग्रा.पं.- वीरपुर, वि.ख.- माल
जनपद-लखनऊ


# कृषि निर्यात नीति में नये फसलों को जोड़ने पर चर्चा



मीरजापुर। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डल स्तरीय कृषि निर्यात निगरानी समिति की बैठक आहूत की गई।

बैठक में निर्यात नीति में हुए संशोधनों यथा परिवहन अनुदान, ग्लोबल गैप एवं जैविक खेती सर्टिफिकेशन, एम आर एल टेस्टिंग हेतु अनुदान पर डा0 अमित यादव सहायक कृषि विपणन अधिकारी विन्ध्याचल व वाराणसी मण्डल द्वारा मण्डल के किसान, एफ पी ओ व निर्यातकों की जानकारी दी गई। जैविक क्लस्टर, देसी बाजरी, ताजी सब्जियां के क्लस्टर बनाने का आह्वान करते हुए बताया गया कि क्लस्टर से निर्यात करने पर किसानों को वित्तीय सहायता से लाभान्वित होंगे साथ ही साथ नए क्लस्टर बनाने एवं कृषि निर्यात नीति में नए फसलों को जोड़ने पर चर्चा की गई, कृषि निर्यात नीति में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्यातकों को निर्यात उत्पाद पर परिवहन अनुदान लेने हेतु आग्रह किया गया जैसा कि मण्डल के अन्तर्गत शाश्वत पांडेय भदोही के निर्यातक द्वारा लिया गया है। इसके अतिरिक्त जी आई प्रोडक्ट के अधिक से अधिक अधिकृत उपयोगकर्ता बनाए जाने हेतु मण्डलायुक्त द्वारा सम्बन्धित उद्यान, कृषि, खाद्य एवं औषधि प्रसाधन विभाग को आदम चीनी चावल, बनारस लंगड़ा आम, बनारस पान पत्ते, रामनगर भाटा, बनारस ठंडई के अधिकृत उपयोग कर्ता बनाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि अधिकृत उपयोगकर्ता बन जाने पर किसानों को उत्पाद का प्रीमियम मूल्य प्राप्त कर सकते हैं। जिससे विंध्याचल मण्डल से निर्यात को बढ़ावा मिल सके एवं किसानों के आमदनी बढ़ाई जा सके। इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र, संयुक्त निदेशक कृषि डा0 अशोक उपाध्याय, संयुक्त आयुक्त उद्योग विरेन्द्र कुमार, अपर आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रसाधन, सहित पशुपालन मत्स्य, मंडी, उद्यान के मण्डलीय अधिकारी व सहायक कृषि विपणन अधिकारी विन्ध्याचल मण्डल, ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक मीरजापुर मण्डल के किसान, एफ पी ओ व निर्यातक उपस्थित रहे।

## समाधान दिवसः 48 मामलों में सिर्फ 6 का निस्तारण




आजमगढ़। प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना एवं एसपी हेमराज मीना की संयुक्त अध्यक्षता में सोमवार को तहसील मेहनगर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 48 मामले आये, जिसमे से 6 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष 42 मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गए। प्राप्त मामलों में राजस्व विभाग के 31, पुलिस के 11, विकास के 3, बाल विकास के 1, विद्युत के 1, नगर पंचायत के 1 एवं अन्य के 13 मामले शामिल हैं।

इस अवसर पर उन्होंने ने संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि इसमे किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी, जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकता है। प्रभारी जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन-जिन विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उसे जल्द से जल्द शत प्रतिशत गुणवत्तायुक्त निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि समस्याओं का निस्तारण प्रारम्भिक स्तर पर ही कर दिया जाए तो जनता को मुख्यालय तक नही जाना पड़ेगा। इसलिए अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर प्रारम्भिक स्तर पर ही जन समस्याओं का वास्तविक निस्तारण कर दें। इस अवसर पर सीएमओ डॉ0 अशोक कुमार, एएसपी शुभम अग्रवाल, उप जिलाधिकारी प्रशांत कुमार, तहसीलदार चमन सिंह, नायब नीरज कुमार त्रिपाठी, एसडीओ नवीन वर्मा सहित समस्त विभाग मौजूद रहे।

# समस्याओं का गुणवत्तापरक निस्तारण करेंः डीएम



जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में विकास खण्ड केराकत के सभागार कक्ष में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने पीड़ितों के समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर न्याय दिलाया जाए। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से होना चाहिए। कुल 142 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 14 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उप जिलाधिकारी केराकत सुनील कुमार, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सहयोग के लिए तत्पर रहना चाहिएः प्रांतीय प्रमुख



जौनपुर। भारत विकास परिषद शाखा ने भाईचारा और आत्म मिलन का पर्व रंगोत्सव का आयोजन एक लॉन में धूमधाम से आयोजित किया इस अवसर पर अध्यक्ष दिलीप बबिता जायसवाल, कार्यक्रम संयोजक ममता शरद साहू, महिला संयोजिका प्रतिभा अतुल सिंह द्वारा सदस्यों को अबीर गुलाल लगाकर गीत, नृत्य, भजन, कविता पाठ करने वाले सभी लोगों को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया है। सदस्यों ने फूलों की होली खेलकर एक दूसरे को बधाई दी। मुख्य अतिथि प्रांतीय प्रभारी संपर्क संजय कुमार, जिला समन्वयक लोकेश कुमार, शाखा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल द्वारा भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित कर वंदे मातरम्‌गीत के साथ कार्यक्रम की शुरूवात हुई। मुख्य अतिथि प्रांतीय प्रमुख संजय कुमार ने कहा कि होली पर्व के महत्व के साथ सनातन धर्म में व्याप्त कुरीतियों को खत्म कर एक दूसरे के सहयोग के लिए तत्पर रहना चाहिए। शिव कुमार रेखा गुप्ता द्वारा मसाने की होली नृत्य, सचिव सतेंद्र श्वेता अग्रहरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र अनीता निगम, प्रतिमा गणेश साहू, चंदा प्रदीप जायसवाल, सीमा संतोष अग्रहरी, ज्योति ऋषि श्रीवास्तव ने गीत प्रस्तुत किया। पूनम राजीव श्रीवास्तव, सुजाता ध्रुव जायसवाल, नीलम सर्वेश जायसवाल, ज्योति शिवा वर्मा, आशा देवी शिव कुमार सेठ, अर्चना आशुतोष पाठक सहित अन्य सदस्यों द्वारा गीत इत्यादि प्रस्तुत किया। संचालन शिव कुमार गुप्ता ने किया। आभार शरद साहू ने व्यक्त किया।

## अलग-अलग घटनाओं में ट्रेन से कट कर दो की मौत

मीरजापुर। जनपद में दो अलग-अलग जगहों पर रविवार को ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना चुनार कोतवाली क्षेत्र के जमुई अंडरपास और देहात कोतवाली क्षेत्र के सिरसी गहरवार गांव के पास घटित हुआ। बताते हैं कि देहात कोतवाली क्षेत्र के सिरसी गरहवार गांव निवासी चंदन 22 वर्ष की रविवार की सुबह कस्तूरबा विद्यालय के पास ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक के भाई गोलू ने बताया कि चंदन मानसिक रूप से बीमार था। वह शनिवार की रात घर से लापता हो गया था। सुबह नौ बजे गांव में रेलवे लाइन के पास उसका शव मिला। कोतवाल सदानंद सिंह ने बताया कि ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इसी तरह चुनार थाना क्षेत्र जमुई निवासी किशन कुमार 20 वर्ष की रविवार की सुबह अंडरपास के पास ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने कजरहट पुलिस को सूचना दी। बाद में कजरहट पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशन मजदूरी करता था। थानाध्यक्ष रविंद्र भूषण मौर्या ने बताया कि ट्रेन से कटकर युवक की मौत हुई है।

## नगर पंचायत में 8 महीने से नहीं हुई बैठक

जौनपुर। नगर पंचायत जाफराबाद मे सभासदों ने जिलाधिकारी को पत्र देकर नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि नगर पंचायत में पुरी तरह से मनमानी ढंग से कार्य कराया जा रहा है।तथा भ्रष्टाचार भारी पैमाने पर व्याप्त है।और जब किसी भी वार्ड का सभासद अपने वार्ड में काम कराने के लिए कहते हैं तो सिर्फ सभासदों को अश्वासन दिया जाता है। सभासदों ने आरोप लगाते हुए यह भी कहा की साफ-सफाई से लेकर चुना,मच्छर मारने की दवा का छिड़काव साहितकोई भी काम सही ढंग से नहीं किया जा रहा है नगर ।सभासद परवेज कुरैशी ने बताया कि नगर में व्याप्त भ्रष्टाचार का बोलबाला है क्षेत्रीय जनता को भी असुविधा हो रही है दिलशाद अहमद सभासद का कहना अधिशासी अधिकारी का यहां पर अटैचमेंट है यहां पर वह अतिरिक्त चार्ज देखते हैं क्योंकिकि वह मछली शहर के अधिशासी अधिकारी हैं सप्ताह में दो बार उनको यहां आना है कभी आते हैं कभी नहीं भी आते जब अधिशासी अधिकारी से बोर्ड बैठक के बारे में पूछा गया कि बोर्ड बैठक कब कराया जायेगा तब अधिशासी अधिकारी ने जवाब देते हुए कहा कि नगर पंचायत अध्यक्ष जब चाहेंगे तब बोर्ड बैठक होगा सभासदों ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत कार्यालय में कुछ ऐसे तत्व की नियुक्ति कर दी गई है कि हम लोगों का कार्यालय में जाना भी दुश्वार हो गया है । सभासद ने आरोप लगाया कुछ इयुवकों को भर्ती करके रजिस्टर पर हस्ताक्षर कराकर भुगतान कराया जा रहा है ।

# ग्रामीण पत्रकारों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



जौनपुर। मडयिाहूं तहसील में सीतापुर के पत्रकार की हत्या के 10 दिन बीत जाने के बाद भी हत्यारों को नहीं पकड़े जाने से आक्रोशित ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की तहसील इकाई मडड़ियाहू के पत्रकारों ने हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन किया और कस्बे के डाक बंगले से पैदल मार्च करते हुए तहसील में धरना दिया । राज्यपाल को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

सोमवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष संजय अस्थाना के नेतृत्व में तहसील अध्यक्ष बृजराज चैरसिया की अध्यक्षता में के डाक बंगला से 35 सदस्यी पत्रकारों का दल पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बैनर एवं तख्ती के साथ प्रदर्शन करते हुए किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शासन प्रशासन बेलगाम हो गया है पत्रकारों की कलम को दबाना चाहती है। बदमाशों ने उन्हें गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया अब प्रशासन बदमाशों को बचाने में लगी हुई है जिसके कारण 10 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक पुलिस के पकडे से हत्यारे दूर है। प्रशांत विक्रम सिंह लक्ष्मी नारायण मौर्य, तहसील अध्यक्ष बृजराज चैरसिया, उपाध्यक्ष गौरव मिश्रा, विनय कुमार श्रीवास्तव, संतोष दुबे, महामंत्री जय सिंह ,अनिल सिंह, रोहित यादव, चेतन सिंह चंद्रशेखर यादव मनीष कुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# कायस्थ महासभा का होली मिलन समारोह संपन्न



जिला संवाददाता

मीरजापुर। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मीरजापुर शाखा के तत्वाधान होली मिलन जिलाध्यक्ष रत्नेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, जिसकी मुख्य अतिथि पद्म उर्मिला श्रीवास्तव रहीं, संचालन महामंत्री सुजीत श्रीवास्तव व सांस्कृतिक मंच का संचालन मनीष श्रीवास्तव नें किया, लोक गायक शिवलाल गुप्ता , ओम प्रकाश, सैला नें होली गीत से होली मिलन में चार चांद लगाने का कार्य किया। पद्म श्री उर्मिला ने कहा कि महिलाओं को समस्त कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए सिर्फ घर तक सिमित न रहें जिस तरह महिलाएं घर चलाने में आगे रहती अब समाज में भी उनकी अग्रणी भूमिका रहती है।

वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ डी एल श्रीवास्तव नें कायस्थ समाज नें देश में हर क्षेत्र में विशिष्ट योगदान दिया हैं । राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ अरविंद श्रीवास्तव नें कहा कि आगामी 12 अप्रैल को सृष्टि के 84 लाख योनियों के पाप पुण्य का लेखा जोखा रखने वाले सर्व समाज के भगवान श्री चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव दिवस पर मीरजापुर में एक शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा हैं जिसमें समस्त सनातन धर्मी परिवारों की उपस्थिति प्रार्थनीय हैं, राष्ट्रवादी मंच के संस्थापक मनोज नें कहा कि समाज में युवाओं नें सदैव क्रांति करने का कार्य किया उनको सदैव उचित मार्गदर्शन बड़ो को करना चाहिए। कायस्थ संगठित परिवार अध्यक्ष डॉ शक्ति जी नें कहा कि आगामी स्नातक एम एल सी चुनाव हेतु समस्त स्नातक महिला व पुरुष गण को अति शीघ्र मतदाता बनने का कार्य करें। जिला इकाई नें पद्म श्री उर्मिला व मंचासीन अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट किया । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से के बी लाल, आनंद स्वरुप, वीरेंद्र श्रीवास्तव, सतीश सिन्हा, विजय, संजय, विनय, दुर्गेश, आलोक, रेनू आरती अंजू सुनीता क्षमा कल्याणी स्मृति आदि उपस्थित रहे।

## वृद्धाश्रम में लगा स्वास्थ्य शिविर

आजमगढ़। मंडलायुक्त के निर्देश के क्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा वृद्धाश्रम बघौरा इनामपुर, फरिहा, निजामाबाद, आजमगढ़ में मेडिकल कैंप लगाकर सोमवार को 80 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें 49 पुरुष एवं 31 महिलाएं उपस्थित रही। इनमें 80 वृद्धजनों का बीपी जांच, 50 वृद्धजनों का शुगर जांच, 24 वृद्धजनों का नेत्र परीक्षण तथा 4 विकलांग इत्यादि परीक्षण किया गया। परीक्षण के उपरांत आवश्यकता अनुसार दवा का वितरण भी किया गया।इस कैंप में डॉक्टर कविता सिंह (मेडिकल ऑफिसर आयुष) रानी की सराय, डॉ विनोद यादव (एमओ आरबीएसके) टीम - ए के साथ, रामसरिक यादव (चीफ फार्मासिस्ट) सीएचसी बढ़या, खुर्शीद अहमद (एसटीएस) रानी की सराय, आशुतोष (एसटीएलएस) रानी की सराय, विनोद कुमार (एलटी) पीएचसी फरिहा, राधे श्याम यादव (वार्ड ब्वॉय) रानी की सराय, श्रीमती गीता यादव (सीएचओ) फरिहा उपकेन्द्र बघौरा, डॉ० अनुपम एवं डॉ श्वेता तिवारी इत्यादि उपस्थित रहे।

# काली पट्टी बांधकर शिक्षक करेंगे मूल्यांकन कार्य

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के प्रांतीय नेतृत्व के आवाह्न पर 19 मार्च से विभिन्न मांगों को लेकर जिले के शिक्षक काली पट्टी बांधकर मूल्यांकन कार्य करेंगे। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष बृजेश राय एवं जिला मंत्री विजय कुमार सिंह ने कहा कि धारा 12, 18 एवं 21 को बहाल करने, पुरानी पेंशन बहाली, सभी शिक्षक कर्मचारियों को निशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करने तथा वित्तविहीन शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन आदि कई मांगों को लेकर पूरे प्रदेश के शिक्षक 19 मार्च से काली पट्टी बांधकर सरकार का विरोध करते हुए मूल्यांकन कार्य करेंगे।

## आशिक के फोटो वॉयरल करने से लड़की का रिश्ता टूटा

जौनपुर। जिले के गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती की शादी मात्र इसलिए टूट गई कि उसके सरफिरे आशिक ने युवती को फोटो को उसके होने वाली ससुराल में भेज दिया, जिससे युवती का रिश्ता टूट गया। अब सिरफिरे ने स्वयं के साथ युवती की प्राइवेट फोटो को सोशल मीडिया पर वॉयरल करने की धमकी भी दे रहा है। गौराबादशहपुर क्षेत्र के एक गांव की युवती की शादी आगामी 28 मई को आजमगढ़ जनपद में तय थी । युवती का पूर्व में लाइन बाजार थाना क्षेत्र का एक युवक से प्रेम प्रसंग की भी चर्चा है, । उस कथित युवक ने युवती के साथ की स्वयं की प्राइवेट फोटो को युवती की होने वाली ससुराल में भेज दिया जिस पर उसके होने वाले ससुराल में खलबली मच गई और वह लोग लड़की पक्ष के घर जाकर रिश्ता तोड़कर चले गए। लड़की के पिता ने थाने पर तहरीर देकर युवक पर कार्रवाई के लिए मांग किया वहीं दूसरी तरफ सिरफिरे युवक ने लड़की के साथ का फोटो डीपी स्टेटस व सोशल मीडिया पर भी वॉयरल कर रहा है। मना करने पर लड़की के पिता को धमकी भी दे रहा है। गौराथाना अध्यक्ष का कहना है कि तहरीर मिली है, उचित कार्यवाही अवश्य की जा रही है।

## घरेलू विवाद के चलते युवती फांसी पर झूली

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कडैला गांव में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन में जुट गई। बताते है कि उक्त गांव के पुष्कर बिंद की 25 वषीर्या पत्नी सीमा बिन्द ने घरेलू विवाद के चलते अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सीमा का मायका खेतासराय थाना क्षेत्र के मारूफपुर गांव में था। उसकी शादी पुष्कर बिंद से हुई थी, जिससे उसका चार वर्षीय पुत्र अतिक्षय भी है। पारिवारिक अनबन के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। घटना के समय उसका पति मजदूरी के लिए घर से बाहर था। रविवार शाम सीमा ने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया। जब काफी देर तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो परिजनों को संदेह हुआ। दरवाजा तोड़ने पर वह दुपट्टे के सहारे लटकी मिली। परिवार वालों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची सरायख्वाजा पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में ले कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में सरायख्वाजा थाना प्रभारी ने बताया, महिला ने अपने कमरे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जो भी तहरीर प्राप्त होगी, उसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जाएगी।

## कांग्रेसी नेता के निधन पर सपा प्रदेश अध्यक्ष ने जताया शोक

जौनपुर । कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता पंडित अवनीश पांडेय के निधन पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने शोक संवेदना जताई । रविवार को सपा प्रदेश अध्यक्ष बदलापुर श्री राम जानकी मंदिर सरोखनपुर के समीप पूर्व राज्य मंत्री सपा नेत्री संगीता यादव द्वारा आयोजित पीडीए कार्यक्रम के तहत महिला सम्मेलन में मुख्य अतिथि बतौर भाग लेने बदलापुर पधारे थे । महिला सम्मेलन क्रार्यक्रम समापन बाद प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने पुरानी बाजार बदलापुर निवासी पत्रकार आशीष पाण्डेय के पिता पंडित अवनीश पाण्डेय उम्र तकरीबन 80 वर्ष की विगत माह निधन हो जाने पर गहरा शोक प्रगट किया और मृतक आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से दुआ प्रार्थना की ।प्रेश अध्यक्ष के साथ सपा की पूर्व राज्य मंत्री संगीता यादव. सपा प्रवक्ता डा०लक्ष्मण सिंह यादव मछलीशहर विधायक विधायक रागिनी सोनकर मल्हनी विधायक लकी यादव जिलाध्यक्ष राकेश मौर्या समेत सैकडो लोग मौजूद रहे ।

## लड़की के साथ छेड़खानी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

मीरजापुर। थाना हलिया क्षेत्र से एसओजी, सर्विलांस व थाना हलिया की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा छेड़खानी के मुख्य आरोपी को मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। बताते हैं कि रविवार को एक वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें एक लड़की के साथ तीन लड़को द्वारा बदतमीजी व छेड़खानी की जा रही है । पुलिस द्वारा वीडियों का स्वतः संज्ञान लेते हुए जांच प्रारम्भ की गई तो जांच में चार अभियुक्तों का नाम प्रकाश में आया । थाना हलिया पुलिस द्वारा घटना से सम्बन्धित मु0अ0सं0-42/2025 धारा 75,76 बीएनएस व 67ए आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया । सोमवार 17 मार्च को सूचना प्राप्त हुई कि घटना का मुख्य आरोपी पिंटू पाल, मुरलिया के जंगल में छिपा हुआ है तथा कहीं भागने की फिराक में है । सूचना पर एसओजी, सर्विलांस व थाना हलिया की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए पुलिस मुठभेड़ में पिंटू पाल पुत्र रामदयाल उर्फ छोटकऊ निवासी सोनगढ़ा थाना हलिया जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर लिया गया , उसके दाहिने पैर में गोली लगी है । जिसे इलाज हेतु जिला चिकित्सालय मीरजापुर में भर्ती कराया गया है। घटना से सम्बन्धित अन्य दो आरोपियों दीपक पुत्र जितेन्द्र कुमार व विवेक पाल पुत्र ठंड पाल निवासीगण सोनगढ़ा थाना हलिया जनपद मीरजापुर को पुलिस द्वारा अन्य स्थानों से हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है । उक्त घटना से सम्बन्धित चौथा आरोपी आजाद की गिरफ्तारी शेष है, पुलिस द्वारा गिरफ्तारी हेतु सम्भावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

## बरामदे में दिखा मगरमच्छ, दहशत

मीरजापुर। थाना मड़िहान क्षेत्र के बेदौली गांव में एक घर के बाहर बरामदे में 5 फीट का मगरमच्छ देखकर परिवार के लोगों में दहशत में आ गए और उनकी घिग्घी बंध गई। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। इसी बीच मगरमच्छ गेहूं के खेत में जाकर छिप गया। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को फोन किया लेकिन किसी ने कॉल रिसीव नहीं की। इसके बाद ग्रामीणों ने मगरमच्छ को पकड़कर नदी में छोड़ दिया। बताते हैं कि बैदौली गांव निवासी कल्लू प्रसाद मौर्य रात 8.30 बजे खाना खाकर सोने के लिए बाहर बरामदे में पहुंचे तो सामने मगरमच्छ देखकर हक्का-बक्का रह गए। उनके चिल्लाने पर परिजन और पड़ोस के लोग पहुंच गए। भीड़ को देखकर मगरमच्छ घर के सामने गेहूं के खेत में भागकर छिप गया। इसके बाद गरीब, अमित, जयप्रकाश, चंद्रिका, चंदन, बंदन, अनिल आदि ग्रामीणों ने गेहूं के खेत से मगरमच्छ को पकड़कर नदी में छोड़ दिया। इस संबंध में रेंजर सिरसी गोवर्धन गिरी का कहना है कि वाचरों को गांव में भेजा गया था। हो सकता है कि उनके पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने मगरमच्छ को पकड़ लिया हो।

## विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या की हर सोमवार को होगी सुनवाई

मीरजापुर। जनपद मीरजापुर के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित करते हए अधीक्षण अभियंता ई0 रामदास नें बताया कि उपभोक्ताओं के समस्याओं के निदान के लिए अधीक्षण अभियंता कार्यालय फतहाँ में प्रत्येक सोमवार को विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या सुनी जाएगी और शिकायत का सम्यकरूप से निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि इस सम्बंध में जिस किसी को बिजली सम्बन्धी शिकायत हो वह प्रत्येक सोमवार को अपने समस्याओं का निस्तारण कराने के लिए अधीक्षक अभियंता कार्यालय पहुँचकर अधिकारी के समक्ष अपनी समस्या रख सकता है। अधीक्षण अभियंता ई0 रामदास नें बताया कि बिजली उपभोक्ताओं के समस्याओं के निस्तारण के लिए यह सुविधा दी रही है।

संक्षेप

## हस्तशिल्प के प्रोत्साहन से मिलेगा संरक्षण और रोजगार: राकेश जायसवाल

कुशीनगर। कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एवं कुशीनगर हेंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड द्वारा बिरला धर्मशाला परिसर में आयोजित हस्तशिल्प प्रदर्शनी एवं बिक्री केंद्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि नपपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने फीता काटकर किया ।सोमवार को हुए भव्य उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री जायसवाल ने क्रोचेट, इम्बाइडरी, टेराकोटा, ज्वेलरी, मूंज क्राफ्ट आदि की चर्चा करते हुए कहा कि एक समय में उत्सवों में इन समानों की भारी मांग थी। आधुनिकता की चकाचौंध में ये सब चीजें विलुप्त होती चली गई। इसके संरक्षण की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी स्थानीय कारीगरों और हस्तशिल्प उत्पादकों को एक मंच प्रदान करेगी, जिससे वे अपनी कला को पहचान दिला सकें और आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। सरकार द्वारा दिए जा रहे इस प्रकार के मंच से कारीगरों को बहुत लाभ मिलेगा। अध्यक्षता करते हुए पंडित वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि प्रदर्शनी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इससे स्थानीय कलाकारों को बढ़ावा मिलेगा। प्रदर्शनी में कुल 20 स्टॉल लगाए गए हैं, जहां विभिन्न प्रकार की हस्तशिल्प कलाकृतियाँ प्रदर्शित की जा रही हैं। इनमें क्रोशिया कला, लकड़ी की नक्काशी, ज्वेलरी, ग्लास विंड क्राफ्ट, टेराकोटा, और अन्य हस्तशिल्प उत्पाद शामिल हैं, जो दर्शकों को खूब आकर्षित कर रहे हैं।

# डीएम और एसपी की देखरेख में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित



कुशीनगर। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में सोमवार को तहसील खड्डा के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सभागार

- **31 में से 03 प्रार्थना पत्र का निस्तारण, 28 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को सौंपा**

में आए हुए तहसील क्षेत्र के फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को एक-एक कर गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए प्राप्त करा दिये गए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण तत्काल नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस विभाग से जुडे मामलों की सुनवायी की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को प्राप्त सभी सन्दर्भो का निस्तारण राजस्व विभाग की सहायता से टीम बनाकर प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिये। राजस्व व पुलिस विभाग के अधि0/कर्मचारियों को शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 31 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 09 में से 01 को तत्काल निस्तारित किया गया, पुलिस विभाग से संबंधित 05, विकास विभाग से संबंधित 01, पुलिस एवं राजस्व विभाग का 03, तथा अन्य विभाग के 13 में से 01 को तत्काल निस्तारित किया गया। इस प्रकार कुल 31 में से 03 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 28 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समयांतर्गत निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी खड्डा मोहम्मद जफर, क्षेत्राधिकारी उमेश भट्ट, उप कृषि निदेशक आशीष कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ मेनका, अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड, अपर चिकित्साधिकारी, बीएसए राम जियावन मौर्य, तहसीलदार, सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारीगण, ईओ एवं थानाध्यक्ष गण, पूर्ति निरीक्षक, कानूनगो व लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

## 52 शिकायतें मिलीं, तीन निपटीं

देवरिया। तहसील भाटपाररानी में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से किया जाए, ताकि आमजन को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने निर्देश दिया कि लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

समाधान दिवस के अवसर पर पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ भी उपलब्ध कराया गया। तीन जरूरतमंद व्यक्तियों को राशन कार्ड वितरित किए गए, जिससे वे सरकारी सुविधाओं का लाभ उठा सकें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं के लाभ से वंचित न रखा जाए और योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता अपनाई जाए।

जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कब्जामुक्ति के संबन्ध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई निष्पक्ष तरीके से की जाए और इसमें संवेदनशीलता बरती जाए। यदि किसी गरीब या लाचार व्यक्ति का एकमात्र आश्रय हटाया जाना आवश्यक हो, तो पहले उसे अन्यत्र बसाने की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि किसी भी जरूरतमंद को परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने इस अभियान में लेखपालों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की और कहा कि इस प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जाए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता से सतत संवाद बनाए रखें और उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल समाधान करें।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से चार का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। प्राप्त शिकायतों में 26 मामले राजस्व विभाग से, 4 मामले पुलिस विभाग से, 5 आवेदन विकास विभाग से, 1 आवेदन शिक्षा विभाग से और 16 आवेदन अन्य विभागों से जुड़े हुए थे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शेष लंबित मामलों की समीक्षा कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इस अवसर पर प्रभागीय वन अधिकारी कासरला राजू, उपजिलाधिकारी रत्नेश तिवारी, एएसडीएम धीरेंद्र कुमार, जिला विकास अधिकारी रविशंकर रा, डीएसओ संजय पांडेय, बीएसए शालिनी श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार अभिजीत प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।



# स्वतः प्रेरणा से कब्जा हटाने वाले ग्रामीण हुए सम्मानित





जिला संवाददाता(vol)

देवरिया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के निर्देशन में संचालित ऑपरेशन कब्जामुक्ति के तीसरे दिन 14 गांवों के 37 स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। एक माह तक चलने वाले इस विशेष अभियान में ग्रामसभा की भूमि, चकरोड, खेल का मैदान, चारागाह, पोखरी सहित सार्वजनिक स्थलों को जनसहयोग से मुक्त कराया जा रहा है। इस अभियान की सबसे खास बात यह है कि अधिकांश अतिक्रमणकारी स्वप्रेरणा से कब्जा हटा रहे हैं और प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं। अब तक 100 से अधिक स्थलों को कब्जामुक्त किया जा चुका है ।जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बताया कि ऑपरेशन कब्जामुक्ति के तहत लोग स्वप्रेरणा से अवैध कब्जे हटा रहे हैं और सम्मान पा रहे हैं। यह अभियान न केवल अधिकारों की रक्षा कर रहा है बल्कि सामाजिक जागरूकता को भी बढ़ावा दे रहा है।*

- **ऑपरेशन कब्जामुक्ति के तहत लोग स्वप्रेरणा से हटा रहे हैं अवैध कब्जे:डीएम**
- **ऑपरेशन कब्जामुक्ति के तीसरे दिन 14 गांवों के 37 स्थलों को कराया गया अतिक्रमण मुक्त**
- **अब तक 100 से अधिक स्थलों को मुक्त कराकर बदली तस्वीर**

ग्राम पिंडी में चकमार्ग पर विशेषानंद मिश्रा एवं शिवनारायण मिश्रा ने स्वयं अपनी सरसों की फसल काटकर कब्जा हटाया और राजस्व टीम का सहयोग किया, जिसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया। ग्राम बंजरिया झंटोर में केदार चौहान ने भी चकरोड से स्वेच्छा से कब्जा हटाया, जिस पर नायब तहसीलदार ने उन्हें सम्मानित किया। खुखुंदू में गफ्फार पुत्र अमीन और प्रदीप पुत्र कपिल देव ने भी स्वप्रेरणा से अतिक्रमण हटाया।

इसके अलावा ग्राम भगुआ, पिपरा देवराज, लवकनी, पकड़ी बरामद, खोपा, रामनगर सहित दर्जनों गांवों में लोगों ने स्वयं कब्जा हटाकर अभियान को सफल बनाया। जनसहयोग से अतिक्रमण हटने से बड़ी आबादी को आवागमन का सुगम मार्ग मिल सका है ।अभियान के तीसरे दिन बरहज तहसील के 2 गांवों में 7 स्थल, सलेमपुर तहसील के 5 गांवों में 9 स्थल, सदर तहसील के 3 गांवों में 15 स्थल तथा रुद्रपुर तहसील के 4 गांवों में 6 स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। जिला प्रशासन ने एक माह में 800 चिन्हित स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसमें जनभागीदारी से सफलता सुनिश्चित की जा रही है।

# 26 ग्रामों के 44 स्थलों को कराया गया अतिक्रमण मुक्त

देवरिया । जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के निर्देशन में ऑपरेशन कब्जा मुक्ति के दूसरे दिन आज 26 ग्रामों के 44 स्थलों को कब्जामुक्त कराया गया है। आज चले अभियान में वर्षों से लंबित कई प्रकरणों का समाधान हुआ और बड़ी संख्या में आमजन को आवागमन के लिए चकमार्ग उपलब्ध हो गया। अभियान के तहत अब तक 63 स्थलों को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया जा चुका है।

*भाटपाररानी तहसील में 9 ग्रामों में 11 स्थलों को कराया गया अतिक्रमणमुक्त*

ऑपरेशन कब्जामुक्ति अभियान के अन्तर्गगत अधिकारियों की उपस्थिति में 9 ग्रामों के 11 सार्वजनिक व ग्राम समाज की भूमियों से अवैध कब्जो को हटवाया गया।

राजस्व ग्राम रघुनाथपुर के गाटा संख्या 184/0.045 हे0, जो राजस्व अभिलेख में चकमार्ग के नाम अंकित है, पर जोत के रूप में 02 व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया था जिसे उपजिलाधिकारी भाटपाररानी की उपस्थिति में खाली करा कर खण्ड विकास अधिकारी बनकटा को चकमार्ग के निर्माण हेतु निर्देशित किया गया। इससे कई ग्रामों के लगभग 10000 लोग लाभान्वित होगें।

राजस्व ग्राम पडरी के गाटा संख्या-57/0.142 जो राजस्व अभिलेख में खलिहान के नाम दर्ज है, पर गांव के 12 लोगो द्वारा कूडा आदि रखकर तथा सहन के रूप में कब्जा किया गया था, जिसें नायब तहसीलदार सोहनपुर की उपस्थिति में खाली करा दिया गया, जिससे गांव सभा के लगभग 600 लोग लाभान्वित होगे।

*रुद्रपुर में 6 स्थलों से हटाया गया अतिक्रमण*

ऑपरेशन कब्जा मुक्ति अभियान के अन्तर्गत आज तहसील रूद्रपुर में उपजिलाधिकारी रूद्रपुर व तहसीलदार रूद्रपुर व नायब तहसीलदार रूद्रपुर / महेन तथा राजस्व निरीक्षकगण व लेखपाल की उपस्थिति में 6 सार्वजनिक व ग्राम समाज की भूमियो से अवैध कब्जो को हटवाया गया।

राजस्व ग्राम रूद्रपुर के गाटा संख्या 1220/2/0.028 हे०, व 818/0.0300हे० जो राजस्व अभिलेख में रास्ता के नाम अंकित है, पर लोहे की अस्थायी सीढ़ी के रूप में 03 व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया था जिसे नायब तहसीलदार महेन की उपस्थिति में खाली कराया गया, इससे समस्त राहगीर लाभान्वित होंगे ।राजस्व ग्राम खोपा के गाटा संख्या-360/139/0.053हे0 जो राजस्व अभिलेख में चकमार्ग के नाम दर्ज है, पर गांव के कुछ लोगो द्वारा जोत के रूप में व अस्थायी घास-फुस की टाटी आदि रखकर कब्जा किया गया था, श्री संतोष कुमार राजस्व निरीक्षक व अन्य कर्मचारीगण की उपस्थिति में खाली करा दिया गया, जिससे गावं सभा के लगभग 150 लोग लाभान्वित होंगे ।राजस्व ग्राम पकड़ी बरामद देउवारी के गाटा संख्या 91मि/0.001 हे0 जो राजस्व अभिलेख में रास्ता के नाम दर्ज है।

# आपदाओं में बचाव के उपायों पर एडीआरएफ टीम ने बच्चों को दिया प्रशिक्षण

ललितपुर। पहलवान गुरुदीन कॉलेज और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) गाजियाबाद द्वारा फेमेक्स कार्यक्रम के तहत आपदा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश श्रीवास्तव ने की वहीं कार्यक्रम का संचालनआपदा विशेषज्ञ आरती सिंह ने किया। कार्यक्रम में बच्चों को आपदा से बचाव एवं बचाव के उपाय, आपदा के समय क्या करें क्या ना करें, आपदा के पूर्व एवं आपदा के बाद किस तरह जन धन की हानि को रोका जाये तथा दुर्घटना के समय किस तरह से सीपीआर देकर व्यक्ति की जान बचाई जा सके तथा हाथ पैर टूटने, चोट लगने, गले में सिक्के फंसने की स्थिति में बचाव आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी राजेश श्रीवास्तव द्वारा जल जीवन मिशन के तहत जल के महत्व को बताते हुए बच्चों को हर घर जल योजना की जानकारी दी गई व जल संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। बच्चों ने संकल्प लिया कि वे जल को संचित करेंगे और एक अभियान चलाकर लोगों को भी जागरूक करेंगे। आपदा विशेषज्ञ द्वारा जनपद में विभिन्न आपदाओं से प्रभावितों के आंकड़े आदि पर प्रकाश डालते हुए लोगों को जागरूक होने तथा हीट वेव में सतर्कता रखने आदि पर चर्चा करते हुए बच्चों को विस्तृत जानकारी दी गई।

# हुजूर.! गले से नहीं उतर रहा बाइक से उत्तर पुस्तिका का गिरकर गुम होना

## सोहसा मठिया स्थित जनता इंटरमीडिएट कॉलेज की उत्तर पुस्तिका गायब होने का मामला

कुशीनगर। बीते दिनों बोर्ड परीक्षा के दौरान जिस तरह से फाजिलनगर विकास खण्ड क्षेत्र के नकटहा मिश्र स्थित अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज मे रिजर्व पेपर से परीक्षा कराये जाने के मामले को डीआईओएस श्रवण कुमार गुप्त झुठला रहे थे और आम लोगो को डीआईओएस की बात गले से नही उतर रही थी ठीक उसी तरह से सोहसा मठिया स्थित जनता इंटरमीडिएट कालेज का उत्तर पुस्तिका बाइक से गिरकर गुम होने की बात लोगो को हजम नही हो रही है। शिक्षा विभाग से जुडे लोग हो या फिर आम जनमानस सबके जेहन में बस एक ही सवाल है क्या सचमुच उत्तर पुस्तिका रास्ते मे गिरकर गुम हो गयी या फिर उसे गायब किया गया है.? क्योंकि प्रधानाचार्य कपिलदेव प्रसाद का यह तर्क किसी के गले नही उतर रहा है कि उत्तर पुस्तिका का बण्डल उस समय रास्ते मे गिरकर कही गुम हो गया जब वह संकलन केन्द्र पर जमा करने जा रहे थे।

बतादे कि 07 मार्च को जनपद के कसया थाना क्षेत्र के सोहसा मठिया स्थित बोर्ड परीक्षा केन्द्र बने जनता इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में हाईस्कूल के तकरीबन 283 छात्रो ने अंग्रेजी विषय की परीक्षा दी थी। प्रधानाचार्य व विभाग द्वारा तैयार किये गये स्क्रीप्ट के मुताबिक केन्द्र व्यवस्थापक /प्रधानाचार्य कपिलदेव प्रसाद परीक्षा समाप्त होने के बाद उत्तरपुस्तिका का बण्डल बाइक पर पीछे बाधकर अकेले बुद्ध इंटरमीडिएट कालेज कुशीनगर के संकलन केंद्र पर जा रहे थे कि रास्ते मे उत्तरपुस्तिका का बण्डल कही गिर गया। मजे की बात है कि 283 उत्तर पुस्तिकाओ का बंडल (वजन लगभग बीस किलोग्राम) बाइक से कही गिर गया और चालक रुपी प्रधानाचार्य को इसकी भनक तक नही लगी, जबकि ऐसी परिस्थिति मे बाइक का लहराना व सडक पर कोई सामान गिरने पर राहगीरों द्वारा चिल्लाना आम बात है। ऐसे मे प्रधानाचार्य के बाइक से रास्ते मे उत्तर पुस्तिका का सडक पर गिरना और फिर सडक पर से उत्तर पुस्तिका का अदृश्य हो जाना आम लोगो के गले नही उतर रहा है। यही वजह है कि आज भी यह यक्ष प्रश्न बना हुआ है कि उत्तर पुस्तिका गुम हुआ है या फिर गायब किया गया है ?माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से जुडे जानकारों का कहना है कि बोर्ड का पेपर अथवा उत्तर पुस्तिका पल भर के लिए भी गुम हो जाती है तो डीआईओएस को तत्काल केन्द्र व्यवस्थापक /प्रधानाचार्य पर मुकदमा दर्ज कराकर बार्ड से अनुमति लेकर परीक्षा निरस्त की घोषणा करनी चाहिए थी। यह सारी प्रक्रिया अपरान्ह तीन बजे तक हो जानी चाहिए थी। इसके बाद प्रधानाचार्य का निलंबन के साथ कंट्रोल रूम प्रभारी के खिलाफ भी यह यही कार्रवाई होनी चाहिए थी। किन्तु ऐसा नही हुआ। देर रात को आधा-अधूरा कार्रवाई कर डीआईओएस ने पुरे मामले का पटाक्षेप ऐसे कर दिया जैसे कोई सामान्य घटना हो। सूत्र बताते है कि डीआईओएस श्रवण कुमार गुप्त व जनता इंटरमीडिएट कालेज के प्रधानाचार्य कपिलदेव प्रसाद मिलकर इस मामले को पचाने के लिए पुनः कापी लिखवाकर संकलन केन्द्र पर जमा कराने के फिराक में थे किन्तु संकलन केन्द्र प्रभारी इनके कुकृत्य का राजदार बनने से साफ इंकार कर दिया। यही वजह है कि संकलन केन्द्र प्रभारी से खार खाये डीआईओएस ने जनता इंटरमीडिएट कालेज के केन्द्र व्यवस्थापक /प्रधानाचार्य कपिलदेव प्रसाद के साथ साथ संकलन केन्द्र प्रभारी /बुद्ध इंटरमीडिएट कालेज के प्रधानाचार्य उमेश उपाध्याय के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करा दिया। सूत्रो के इस दावे में कितनी सच्चाई है यह जांच का विषय है। सूत्रो का यह भी दावा है कि जब मामला मीडिया के संज्ञान में आया और मीडिया लगातार डीआईओएस व प्रधानाचार्य सहित उच्चाधिकारियों से संपर्क कर मामले की जानकारी लेने का प्रयास किया तो डीआईओएस ने खुद को और कंट्रोल रूम प्रभारी को बचाते हुए दोषी के खिलाफ आधा-अधूरा कार्रवाई करते हुए बेकसूर संकलन केन्द्र प्रभारी के लपेटते हुए मामले का इतिश्री कर दिया।

- **डीआईओएस ने जनता इंटरमीडिएट कालेज के केन्द्र व्यवस्थापक /प्रधानाचार्य कपिलदेव प्रसाद के साथ साथ संकलन केन्द्र प्रभारी /बुद्ध इंटरमीडिएट कालेज के प्रधानाचार्य उमेश उपाध्याय के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करा दिया**
- **उत्तर पुस्तिका गिरकर गुम हुई या गायब करायी गयी, बनी है अबूझ पहेली**

### क्या कहता है नियम-कानून

जानकारों की माने तो सार्वजनिक परीक्षा की शुचिता व गोपनीयता भंग करने व पेपर लीक करने या गलत जानकारी देने पर अनुचित साधन




निवारण अधिनियम के तहत दस साल की जेल और दस लाख रुपये का जुमार्ना है। इतना ही नही पेपर लीक और नकल समेत परीक्षा से जुडी गड़बडियों में परीक्षा संस्थान या परीक्षा कराने वाली एजेंसी शामिल पाई जाती है तो उससे उस परीक्षा का पुरा खर्च वसूला जायेगा। साथ ही उसकी संपत्ति भी कुर्क और जब्त की जा सकती है। जो जनता इंटरमीडिएट कालेज के केन्द्र व्यवस्थापक /प्रधानाचार्य पर लागू हो रहा है।

# इनामी पशु तस्कर के पैर में लगी गोली



कुशीनगर। जिले की कुबेरस्थान, जटहाँ बाजार, विशुनपुरा व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम के मुठभेड़ में एक इनामिया पशु तस्कर के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर अवैध तमंचा, बाइक व अन्य बरामद किया। पुलिसिया कहानी के अनुसार बीते रविवार को कुबेरस्थान क्षेत्रान्तर्गत एक पशु तस्कर की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर पुलिस टीमों का गठन किया गया। जिसमें कुबेरस्थान, जटहाँ बाजार, विशुनपुरा व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना कुबेस्थान क्षेत्र के कर्मा बाबा मन्दिर नहर पुलिया सड़क के पास घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक बाइक आते दिखाई दिया, जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया, तो बाइक सवार व्यक्ति द्वारा लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर किया गया। जवाबी प्रतिरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गयी, जिसमें अभियुक्त घायल हो गया। जिसकी पहचान नूर बसर पुत्र अजहर अली उर्फ अजहरूद्दीन निवासी ग्राम बसहिया थाना को0 पडरौना के रुप में हुई। जिसको गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से उसके कब्जे से एक अवैध तमन्चा 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस, एक खोखा कारतूस, एक बाइक, एक लकड़ी का ठीहा, एक बाँका, एक चाकू, एक रस्सी बरामद किया गया है। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त को इलाज हेतु पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया है। बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर थाना कुबेरस्थान पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस के अनुसार नूर बसर 25 हजार रुपये का इनामिया वांछित अभियुक्त है।

# मारपीट के मामले मे आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

भटनी(देवरिया)। स्थानीय नगर के केवडा मुहल्ले मे बिति रात हुई मारपीट के मामले मे पुलिस ने एक पक्ष के तहरीर के आधार पर आधा दर्जन लोगो के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है ।घटना के सम्बन्ध में बताया गया है कि केवडा के निवासी दो पक्षो के बीच किसी बात को लेकर केवडा चौराहे पर कहासुनी हो गयी ।इसी बात को लेकर घर जाने पर फिर कहासुनी के बीच बात बिगड गयी ।और जमकर मारपीट हो गयी ।मारपीट की सूचना पर थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार प्रधान पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंच गये ।जहाँ पुलिस को आते देख एक पक्ष के लोग भाग निकले ।वहीं दुसरे पक्ष के घायलों में एक महिला सहित तीन पुरूष शामिल हैं ।पुलिस घायलों को ऐम्बुलेंस बलाकर उपचार के लिए सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भटनी भेजवा दिया ।जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उपचार के लिए देवरहाबाबा मेडिकल कालेज देवरिया भेज दिया ।जहाँ उपचार चल रहा है ।इधर पुलिस एक पक्ष के तहरीर के आधार पर पुलिस ने आधा दर्जन लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है ।

# अमित बने केंद्रीय सचिवालय में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर



कुशीनगर। जिले के कसया विकास खण्ड ग्राम कुण्डवा उर्फ दिलीपनगर पंडित टोला निवासी पुनीत राय पुत्र शैलेन्द्र कुमार एसएससी (सीजीएल) परीक्षा 2024 में सफल होकर केंद्रीय सचिवालय में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर के पद पर चयनित हुए हैं ।पुनीत के पिता ताश्री राय होमगार्ड में रनर हैं और माता श्रीमती किरन राय गृहणी हैं। पढ़ने में शुरू से मेधावी पुनीत ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई नवजीवन मिशन कसया से और वर्ष 2022 में अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग गाजियाबाद से बीटेक किया है। पुनीत की बड़ी बहन लवली राय ने दरभंगा बिहार से एमबीबीएस और इसी वर्ष जनवरी में एमडी में गोल्ड मेडलिस्ट हैं ।पुनीत की सफलता पर प्रदीप मिश्रा, रजनीश त्रिपाठी, कमलेश दूबे, विजय तिवारी, विनोद प्रताप सिंह, संतोष कुमार शर्मा, डा. आरके राय, रमेश शर्मा, राणाप्रताप सिंह सहित क्षेत्रवासियों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# पत्रकार राघवेंद्र वाजपेयी के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा




देवरिया ।सीतापुर जिले के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेयी की अराजक तत्वों द्वारा दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या से आक्रोशित ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन देवरिया द्वारा जिला अध्यक्ष पौहारी शरण राय के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम द्वारा अधिकृत अपर उप जिला अधिकारी सीमा पांडे को सोपा। जिला मुख्यालय पर बड़ी संख्या में एकत्रित पत्रकारों ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए हत्यारों की अभी तक गिरफ्तारी न होने पर रोष व्यक्त किया । कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर पत्रकारों ने हत्यारों को फांसी दो के नारे लगाते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सोपा गया।

ज्ञापन में प्रदेश के कई जनपदों में पत्रकार उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गई और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में मांग की गई कि पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए ,हत्यारे एवं साजिश में शामिल लोगों के विरुद्ध कठोरतम त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, परिवार को एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता तत्काल प्रदान की जाए, परिवार के आश्रित को राजकीय सेवा में लेकर आजीविका सुनिश्चित की जाए और पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर एक उच्च स्तरीय समिति गठित की जाए जिसमें ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का एक सदस्य भी शामिल हो।

ज्ञापन में मुख्यमंत्री से पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर तत्काल कदम उठाने की मांग की गई है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पौहारी शरण राय के अतिरिक्त जिला महामंत्री प्रेमचंद मिश्र, मंडल उपाध्यक्ष नागेंद्र नाथ शर्मा ,जिला उपाध्यक्ष रामनवल सिंह, राजेंद्र सिंह ,जिला मंत्री मनोज भारती, डॉक्टर हरिश्चंद्र तहसील अध्यक्ष विनोद सिंह, सिंहासन यादव श्याम नारायण मिश्र, विजय कुमार सिंह ,मणीन्द्र नारायण सिंह ,पवन सिंह, ओम प्रकाश मिश्रा, आदित्य कुमार मिश्रा, विजय यादव, जितेंद्र पांडे ,प्रेम कुमार ,तेज प्रताप ,सत्येंद्र दुबे ,जगदंबा यादव ,इश्तियाक अहमद ,डॉ अजय बरनवाल ,डॉक्टर राजेश दीक्षित सहित लगभग सात दर्जन से अधिक पत्रकारों ने प्रदर्शन में भाग लेकर पत्रकार की निर्मम हत्या पर आक्रोश व्यक्त किया।

# फ्रीबीज को भाजपा बना पायेगी समृद्धि का बीज


संजय श्रीवास्तव

मुफ्त की रेवड़ियों या फ्रीबीज के लिए भाजपा ने एक वैकल्पिक नीति लागू करने की बात कही है। विष से औषधि बनानी की उसकी यह कीमियागीरी कितनी कामयाब होगी, यह तो वक्त और भविष्य का चुनावी चलन बतायेगा पर सैद्धांतिक और व्यावहारिक तौरपर परखें तो उसकी नीति पार्टी, देश, समाज और राज्यों की आर्थिकी के लिए बहुत फायदेमंद दिखती है।

चुनाव के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने के लिये मुफ्त की रेवड़ियां यानी फ्रीबीज पर लगाम कसने के नजरिये से भाजपा ने जो नीतिगत निर्णय लिया है, यदि वह व्यवहारिक स्तर पर लागू हो जाए तो यह एक बेहद क्रांतिकारी कदम साबित होगा। सच तो यह है कि लोक कल्याण के नाम पर मताखेट और जनता के धनाहरण करने वाली ये घोषणाएं दूरगामी विसंगतियां पैदा करने वाली होती हैं। ऐसी योजनाएं देश राज्य की उत्पादकता को हतोत्साहित तथा अधिसंख्य देशवासियों की आत्मनिर्भरता और आत्म सम्मान को नुकसान पहुंचाने वाली हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया रिपोर्ट, 'स्टेट फाइनांस: ए रिस्क एनालिसिस' बताती है कि इसके चलते तमाम राज्य वित्तीय संकट की ओर बढ़ चले हैं। फ्रीबीज का सियासी चलन ऐसा ही चलता रहा तो कुछ बरसों में केंद्र नहीं तो तमाम राज्य सरकारें अवश्य राजस्व घाटे के घटाटोप में डूब जाएंगी। विकास ठप हो जाएगा।

मुफ्त की बिजली हो या गैस सिलेंडर, लोग कुछ ज्यादा ही दरियादिली से फूंकते हैं। इससे परोक्षतः पर्यावरण प्रभावित होता है। ऐसे में पार्टी ने फ्रीबीज की जगह उसका जो यह वैकल्पिक मॉडल तैयार किया है, सराहनीय है। खास तौरपर तब जबकि इस चलन के खिलाफ सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही दो साल पहले विरोध के स्वर बुलंद किए थे, सुप्रीम कोर्ट ने भी इसको लेकर प्रतिकूल टिप्पणियां की थीं और प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया था कि वे इस बारे में कुछ ठोस करेंगे। अब दो वर्षों के भीतर भाजपा ने इसका वैकल्पिक मॉडल पेश कर दिया है। नीति कुछ इस तरह की है कि रेवडियां मुफ्त की नहीं लगेंगी, यह आभास रहेगा कि इनका मकसद वोट खरीदना नहीं बल्कि देश समाज का विकास, वंचितों का सबलीकरण है। इन चुनावी रेवडियों का न्यूनतम मूल्य जनता भी चुकाएगी जिससे उनका स्वाभिमान भी बचेगा और सरकारों की राजस्व हानि भी। यह मॉडल राजनीतिक लाभ के लिये लोकलुभावन चुनावी घोषणाओं से पार्टियों को वंचित भी नहीं करता है और इसके दुष्परिणामों को भी सीमित करता है। इससे राज्यों का सकल घरेलू उत्पाद बढ़ेगा, वे भारी कर्ज से भी बचेंगे, विकास बाधित नहीं होगा। कुल मिलाकर यह विचार विष से



औषधि बनाने सरीखा है। एक राजनीतिक कुप्रथा को जनहितकारी बनाने का यह अभियान देश के सामाजिक आर्थिक भविष्य को तो बदलेगा ही, राजनीतिक चाल चलन और रणनीतियों पर भी व्यापक प्रभाव डालेगा। एक बारगी यह लग सकता है कि स्वयं भाजपा चुनावों के दौरान चुनावी लाभ के लिये मतदाताओं को रेवड़ियां बांटने में कोई कोर कसर नहीं उठा रखती है, उसको इसका लाभ भी मिला है फिर वह ऐसा कैसे कर सकती है। बात सच है, पर यह भी सत्य है कि फ्रीबीज का विकल्प लाने से पहले भाजपा ने इसके सियासी नफा नुकसान को बखूबी तौल लिया है। इसमें देश समाज और राजनीति के साथ साथ उसका भी दूरगामी दलगत लाभ निहित है। भाजपा के इस सुविचारित पहल से उसकी साख और बढ़ेगी, कई दूसरे दूरगामी लाभ होंगे। पहली बात विपक्षी पार्टियों के पास इसकी कोई तुरंता काट नहीं होगी, जहां उनकी सरकारें नहीं होंगी वहां उन्हें इस तरह की घोषणाएं कर मतदाता को प्रभावित कर उनको पटाना कठिन होगा, जहां सरकारें होंगी वहां उनको इससे बेहतर नीति बनानी और अपनानी होंगी। जनता को साफ तौर पर प्रभावित करने वाली बहुत सकारात्मक और सुविचारित योजनाएं ईमानदारी से लागू करनी पड़ेंगी। केंद्र के सहयोग के किंचित अभाव में यह कवायद उनके लिए मुश्किल होगी।

सामयिक

देशवासी स्वाभिमानी हैं। वे रियायत चहते हैं, मुफ्तखोरी नहीं। एक व्यापक सर्वेक्षण में आधे से अधिक जनता ने मुफ्त की रेवड़ियों को गैर जरूरी बताया, 78 फीसद ने इसे वोट हथियाने की चाल और 61 प्रतिशत लोग इसके वित्तीय दुष्परिणामों को लेकर चिंतित दिखे। धनी वर्ग का तकरीबन 85 फीसद फ्रीबीज से सहमत नहीं दिखता तो 46 प्रतिशत गरीब भी चाहता है कि मुफ्त का माल या सुविधा देने की बजाय उसको इन्हें खुद हासिल करने के लिये सक्षम बनाया जाये। आमजन का बड़ा हिस्सा मानता है कि हमारे टैक्स के पैसों से दूसरों को सुविधाएं दी जा रही हैं। भाजपा जानती है कि गरीब लाभार्थी मतदाताओं का एक बेहद छोटा हिस्सा विरोध में खिसकता भी है तो बहुत बड़ा हिस्सा जो समय के साथ साथ किंचित कारणों से क्षरित हो रहा हो वह उसके पक्ष में मजबूत भी होगा। फ्रीबीज की वैकल्पिक योजनाएं देश को कितनी सबल बना रही हैं, यह दर्शाने वाले आंकड़े दर्शा कर लोगों को भाजपा के प्रति भरोसा और पुख्ता किया जा सकेगा। इन परिस्थितियों में भाजपा विपक्षियों पर अजेय चुनावी बढ़त बना सकेगी। बीते दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान फ्रीबीज का वैकल्पिक मॉडल लागू करने से बचने वाली भाजपा अब इसकी शुरूआत 2026 में असम के विधानसभा चुनावों से करेगी। पार्टी अपने इस दांव को ठहर कर और पूरी तैयारी तथा गंभीरता से खेलना चाहती है। हालांकि बिहार विधानसभा चुनाव इसी साल हैं लेकिन वह अपने पत्ते इसी साल नहीं खोलना चाहती क्योंकि उसका विचार है कि वह यह व्यवस्था उन्हीं राज्यों में लागू करेगी, जहां उसकी सरकार है या वह जहां अपने दम पर चुनाव लड़ने वाली हो। यह सियासी समझ के अनुसार बिल्कुल ठीक है। यदि सरकारें नौकरी सृजित नहीं कर पा रहीं, लोगों को काम और आमदनी का जरिया नहीं मुहैया कर पा रहीं, औपचारिक सामाजिक सुरक्षा नहीं दे पातीं, शासकीय प्रबंधन में अकुशल हैं तो दुबारा सत्ता पाने के लिए फ्रीबीज सबसे मुफीद उपाय है। फ्रीबीज, महिला, किसानों को मुफ्त की सुविधाएं और धन बांटना जिस तरह सत्ता प्राप्ति में सहायक बन रहा है उसे देखकर लगता नहीं कि यह प्रवृत्ति इतनी जल्दी बदल जाएगी। फ्रीबीज के फायदे भी दिखे हैं, बिहार और पश्चिम बंगाल में स्कूली छात्राओं को मुफ्त साइकिल के चलते नामांकन बढा ड्राप आउट दर घटा। समाज के गरीब और हाशिये पर स्थित वर्गों को खाद्य, शिक्षा, स्वास्थ्य,बिजली, पानी, स्कूल यूनिफॉर्म, पाठ्यपुस्तक, बीमा जैसी बुनियादी सुविधाओं के चलते निर्धनता अनुपात कम हुआ है।

लोक कल्याणकारी योजनाओं, सब्सिडी और फ्रीबीज के बीच अंतर समझना जरूरी है। सब्सिडी हर बार अनुचित नहीं होती यहां तक कि नागरिकों की उद्यमशीलता को खत्म कर देने वाला फ्रीबीज भी यदि सुविचारित तौरपर सशर्त दी जाएं तो ये आय असमानता को कम कर सकती है। फ्रीबीज के नये भाजपाई मॉडल में छोटे-मोटे दुकानदार, रेस्टोरेंट चलाने वाले निम्न आय वर्गीय परिवार, पिछड़े, दलित और समाज के जरूरतमंद तबकों के लोगों को सरकार सालाना एकमुश्त राशि दे कर उद्यमशील बनाएगी, ताकि राज्य की जीडीपी बढ़े। मुफ्त या सब्सिडी वाली बिजली देने की बजाए सोलर लाइट लगवाने को प्रेरित कर, छूट दी जायेगी। मुफ्त यात्रा सुविधा की बजाए पात्र लोगों को अहस्तांतरणीय पास दिया जायेगा। सरकार की ओर से स्कूटी, लैपटॉप जैसी चीजें दी जाएंगी लेकिन मुफ्त की बजाए, एक रुपये महीने जैसे मामूली किराये या किस्त पर। सबब यह कि सरकार जो पैसा लोकलुभाऊ योजनाओं में लगाएगी उसका अर्थिक उद्देश्य होगा कि नागरिक उद्यमशील बनें, स्वरोजगार बढ़े, वे मुख्यधारा का हिस्सा बन देश के आर्थिक विकास में सहयोग दें, स्वाभिमानी महसूस करें, लाभार्थी नहीं। अगली साल जब यह वैकल्पिक नीति सतह पर आयेगी सरकार कुछ और भी योजनाओं पर काम कर चुकी होगी। यदि सरकार वाकई गंभीर है और उसकी वैकल्पिक फ्रीबीज का मॉडल महज जुमला नहीं है तो यह एक अच्छा विचार है जिसको लागू होना देशहित में होगा।

## निर्यात बढ़ाने की चिंता

ट्रंप प्रशासन के द्वारा वैश्विक स्तर पर टैरिफ वार का आगाज पहले ही भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय था। ऐसे में लगातार कई महीनों से निर्यात व्यापार में आ रही गिरावट इस चिंता को और बढ़ा रही है। अमेरिका द्वारा व्यापार भागीदार देशों पर बराबरी का शुल्क लागू किए जाने से कुछ सप्ताह पहले सरकार ने उद्योग और निर्यातकों को संकेत दिया है कि भारत अपना वर्तमान संरक्षणवादी रुख जारी नहीं रख सकता और उसे विशिष्ट क्षेत्रों को और अधिक खोलने के लिए तैयार रहना चाहिए। अमेरिकी प्रशासन ने अन्य देशों के शुल्क, कर और गैर-शुल्क बाधाओं के अनुरूप आगामी दो अप्रैल से बराबरी का शुल्क लगाने के निर्णय की घोषणा पहले ही कर दी है। सरकार अमरीका के इस कदम से निपटने के लिए तैयारी भी कर रही है। अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते और शुल्क कटौती के संभावित प्रभाव पर सरकार विचार-विमर्श कर रही है। सरकार समय रहते काम कर रही है और यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।




लेकिन अमरीकी प्रभावों से निपटने और देश का निर्यात व्यापार बढ़ाने के लिए यह जरूरी है कि सरकार जहां एक तरफ निर्यातकों को अधिक से अधिक सुविधाएं दे वहीं दूसरी तरफ देश के निर्यात को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में और अधिक प्रतिस्पर्धी भी बनाये रखने के उपाये किये जायें। दरअसल अमरीका इस बात के लिए दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है कि भारत अपने बाजार को अमरीकी उत्पादों के लिए अधिक से अधिक खोले। इसमें कृषि एवं डेयरी जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर अमरीका का जोर है और यही भारत के लिए चुनौती है। क्योंकि अगर अमरीकी कृषि एवं डेयरी उत्पादों के लिए भारतीय बाजार को खोल दिया जायेगा तो इससे देश के किसानों पर गंभीर असर पड़ेगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिकी प्रशासन द्वारा संरक्षणवादी नीतियों के लागू किए जाने के कारण वैश्विक व्यापार परिदृश्य तेजी से अनिश्चित होता जा रहा है। वैश्विक व्यापार तनाव भी काफी हद तक बढ़ गया है। इस बीच भारत अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में जुटा है। इसमें संवेदनशील क्षेत्रों के हितों का ध्यान रखते हुए अमेरिका की प्रमुख मांगों के बीच संतुलन बनाने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार उन वस्तुओं की संशोधित सूची तैयार करने पर काम कर रही है जिन पर भारत शुल्क घटा सकता है। इस कदम का उद्देश्य भारत को अमेरिका के बराबरी वाले शुल्क के झटके से बचाना है। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने पिछले सप्ताह ट्रंप प्रशासन के प्रमुख अधिकारियों से मुलाकात की थी और इस संदर्भ में उनकी चर्चा भी हुई थी। उसके बाद से ही इस दिशा में काम चल रहा है। पिछले हफ्ते ट्रंप ने दावा किया था कि भारत शुल्क कटौती पर सहमत हो गया है। हालांकि ट्रंप कई बार बेबुनियाद दावे भी करते रहते हैं। अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लटनिक के मुताबिक अमेरिका उत्पाद-दर-उत्पाद के बजाय एक व्यापक व्यापार करार करना चाहता है। अमरीका हमारा प्रमुख व्यापारिक भागीदार है और यह भी सच है कि भारत को अमरीका के साथ व्यापार में सबसे अधिक फायदा है और चीन के साथ व्यापार में सबसे अधिक घाटा। ऐसे में अमरीका के साथ भारतीय निर्यात को लाभकारी बनाये रखते हुए बढ़ाना, चीन के साथ व्यापार घाटे को कम करना और ब्रिटेन, यूरोपीय यूनियन, अमेरिका, न्यूजीलैंड सहित अनेक संभावित देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते के लिए भारतीय उत्पादों के लिए अधिक से अधिक बाजार पहुंच सुनिश्चित करना जरूरी है ताकि भारत के निर्यात व्यापार को बढ़ाया जा सके। फिलहाल पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में कम से कम एक ट्रिलियन डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल करना जरूरी है। इसके लिए भारत सरकार को अमरीकी नीतियों से निपटने के साथ ही नये व्यापारिक भागीदारों की तलाश करनी होगी। रुपये की स्थिरता, फॉरेक्स रिजर्व और उच्च विकास दर के लिए निर्यात को बढ़ाना आवश्यक है।

### विचार

जन्म लेने वाले के लिए मृत्यु उतनी ही निश्चित है , जितना कि मृत होने वाले के लिए जन्म लेना। इसलिए जो अपरिहार्य है उस पर शोक मत करो।

–गीता.

यह आत्मा तीन जगत का स्वामी है, समस्त पदार्थों का ज्ञाता है, अनन्त शक्ति का धारी है, किन्तु अपने स्वरूप से भ्रष्ट होकर यह जीव दुखी हो रहा है।

–शुभ्रचन्द्राचार्य.

बड़प्पन, पांडित्य, कुलीनता और विवेक मनुष्य में उसी समय तक रहते हैं जब तक शरीर में काम वासना प्रज्जवलित नहीं होती।

–भर्तृहरि.

कायर लोग अपनी मृत्यु के पहले भी कई बार मरते हैं। परन्तु वीर पुरुष मृत्यु का केवल एक बार ही अभिनन्दन करते हैं।

–शेक्सपियर.

आत्मा को ऊपर उठाते समय व्यक्ति को लोक–लाज उठाकर एक तरफ रख देना चाहिए।

–विनोबा भावे.

### सोशल मीडिया

असम आंदोलन की भूमि नहीं बल्कि नये युग के पुलिस कर्मियों के प्रशिक्षण का स्थाना बन गया है, असम में लचित बरफुकन पुलिस अकादमी का उद्घाटन किया। अमित शाह.



करोड़ों भारत वसियों का 94 लाख करोड़ रुपये शेयर बाजार में डूब गया, मैं सदन में इस मुद्दे को उठाना चाहता था लेकिन यह सरकार जवाब देने को तैयार नहीं। संजय सिंह.



महात्मा गांधी और श्री नारायण गुरु को छुआछूत की बुराई को मिटाने और समाज के लिए समावेशी दृष्टि प्रस्तुत करने के लिए एक साथ आये सौ वर्ष पूरे हो गये। राहुल गांधी



## विदेशियों का हमला

विदेशी हमलावरों ने हमारी संस्कृति और धर्म को नष्ट करने के लिए एक-दो नहीं बल्कि बार-बार हमले किये हैं। दरअसल विदेशी शासकों और आक्रांताओं ने भारत को हर तरह से कमजोर करने का प्रयास किया। भारत की परम्परागत विशेषताओं, ज्ञान, शिक्षा एवं सामाजिक संरचनाओं को नष्ट कर एक तरह से आत्मनिर्भता को खत्म करने का प्रयास हुआ। मध्यकाल इस लिहाज से अंधकार का युग कहा जा सकता है। मध्यकाल के अंधकार युग ने इस स्वर्ण जैसी भारत भूमि की सारी विशेषताओं का अपहरण कर लिया। पतन और पराभव ही रह गया, अब हम दानी नहीं याचक बनकर रह गये। शासन अर्थ, शिक्षा, विज्ञान आदि भौतिक क्षेत्रों में ही नहीं सांस्कृतिक दृष्टि से भी भरतवर्ष आयातक भर है। निर्यातक बनने की स्थिति तो अभी तक नहीं बन पायी। इस दृष्टि से ईसाई मिशन निर्यातक होने का गौरव प्राप्त करते हैं। इस देश के साधु बाबा, धर्म प्रचारक और दूसरे लोग कभी विदेश जाते हैं तो लालच की आंखें और याचना की झोली भर लेकर बाहर पहुंचते हैं। बहाने बनाने के हजार रास्ते हैं। मांगने के लिए भी अनेक सच्चे-झूठे कारण एवं पाखण्ड खड़े किये जा सकते हैं। दृष्टि तो वही रही जिसके कारण उनके प्रति जनसाधारण की श्रद्धा घटती और प्रभावोत्पादक सामर्थ्य मिटती है। यहां चर्चा समर्थ देशों से राजनीतिक वैज्ञानिक आर्थिक याचना के होते रहने वाले प्रयत्नों की नहीं हो रही वह दूसरे लोगों के सोचने की बात है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक एवं राजनीतिक सामंजस्य एवं संतुलन के निर्धारण का दायित्व एक वर्ग विशेष पर है। इन पंक्तियों में उस सांस्कृतिक दरिद्रता का उहापोह चल रहा है जिसके कारण पूर्वजों की भांति भारत भूमि के देव पुत्र विश्व मानक को वह भी नहीं दे पाते जिसकी उनसे अपेक्षा की जाती है। जबकि इस गई गुजरी स्थिति में भी दे सकने के योग्य उनके पास बहुत कुछ है। सर्वविदित है कि भौतिकवादी दृष्टिकोण और सम्पन्नता के दुरुपयोग ने नैतिक मूल्यों का बुरी तरह ह्रास किया है। फलतः पारस्परिक स्नेह सहयोग में भारी कमी आयी है। स्वार्थपरता और निष्ठुरता बढ़ने से सारा प्रचलन ही उलट गया है और विषाक्त वातावरण ने जनजीवन को अनिश्चित, अशान्त और आतंकित करके रख दिया है। इन दिनों समृद्धि तो निश्चित रूप से बढ़ी है पर साथ ही यह भी स्पष्ट है कि पूर्वजों को स्वल्प साधन वाली स्थिति की तुलना में वह अत्यंत तुच्छ और कष्ट कारक बनकर रह रही है। इस व्यापक विपन्नता को दूर करने के लिए भारत अभी भी इस स्थिति में है कि पूर्वजों के प्रतिपादनों और निर्धारणों से अवगत कराते हुए विकास की गौरवगाथा को लिख सकता है।

अंतर्दृष्टि


## पाकिस्तान की हालत खराब

व्यंग्यलोक

पाकिस्तान की हालत खराब हो गई तो उसने आटा बेचने की एक दुकान खोल ली। वह इधर-उधर के देशों में जाता और आटा बेचने की कथा कहता। सबसे मीठी-मीठी बातें करता। लेकिन आटा बेचने की उसकी मीठी बातों का किसी पर कोई असर नहीं होता। उसके आटे की कोई बिक्री नहीं होती। इधर उसका पड़ोसी अफगानिस्तान भी कम नहीं था। उसके भी व्यापारिक संकट आ गया, तो उसने तेल बेचने की दुकान खोल ली। लेकिन इसका भी तेल कोई नहीं खरीदता। दोनों अपने-अपने पड़ोसियों से सिर्फ भीख मांगने का ही काम किया करते। कर्जे के तले दबे दोनों परेशान रहते। दोनों की कोई बिक्री नहीं हो रही थी। दोनों की बातों पर पूरी दुनिया को कोई विश्वास नहीं था। वे आपस में एक दूसरे को आतंकवादी सप्लाई करते और बैठे-बैठे मक्खियां ही मारा करते। तेल विक्रेता अफगानिस्तान और आटा बेचने वाले पाकिस्तान की दुकानें अगल-बगल में ही थी। आतंकवाद के तराजू में तोलने वाली सोच के कारण उनके घनघोर व्यापारिक संकट पैदा हो गया। कई-कई दिन बीत जाते, दोनों की बोहनी तक न होती। परेशान होकर दोनों ने बोरियत मिटाने के लिए आपसी विमर्श किया कि वे दोनों बारी-बारी से एक दूसरे की दुकानों पर जाएंगे और वस्तु का मोल भाव करेंगे। इससे बिक्री हो न हो उनका कुछ समय कट जाएगा। पब्लिक इससे मूर्ख बन जाएगी और उन्हें बड़ा मजा आएगा। दोनों ने महान व्यापारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते के अनुसार पहले तेल विक्रेता अफगानिस्तान पाकिस्तानी आटे की दुकान पर गया। उसने आवाज लगाई- औ पाकी! एक लीटर आटा देना। पाकिस्तान ने उसे समझाया- ब्रदर! ये आटा है। तेल नहीं। आटा लीटर में नहीं किलो में बिकता है। जाओ दुबारा से आकर आटा मांगो। तेल विक्रेता वापस जाकर आया। चिल्लाया- अरे औ पाकी! एक किलो आटा देना बोतल में! पाकिस्तान फिर परेशान हो गया। अफगानिस्तान को समझाया कि आटा किलो के माप में बिकता है और बोतल में नहीं भरा जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय नियमों का कुछ तो पालन करो ब्रदर! अब चलो तुम मेरी दुकान पर बैठ जाओ। मैं डेमो देता हूं कि आटा कैसे मांगना है? तेल विक्रेता अफगानिस्तान आटे वाले पाकिस्तान की दुकान पर बैठ गया। पाकिस्तान बाहर जाकर वापस अपनी ही दुकान में घुसा और आटा बेच रहे तेल व्यापारी अफगानिस्तान से कहा- ब्रदर ए ब्रदर! एक किलो आटा देना! नकली आटा विक्रेता अफगानिस्तान ने तपाक से सवाल किया- बोतल लाए हो क्या? दोनों की बातें सुनकर पास में खड़ा चाइना जोर-जोर से हंसने लगा। मीठी बातें करने एवं तेल लगाने में उस्ताद चाइना ने दोनों देशों में अपना तेल और आटा लगाने का भारी कारखाना खोल दिया।


रामविलास जॉगिड़

## विलुप्त होने की कगार पर पक्षियों की कई प्रजातियां


वन्य जीवन

के.पी.सिंह

बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी द्वारा किये गये एक अध्ययन के अनुसार पूरी दुनिया में 10 पक्षियों की प्रजातियां और बायो डाइवर्सिटी एरिया विलुप्त होने की कगार पर हैं। इन 10 पक्षियों में कच्छ के मशहूर फ्लेमिंगों के अलावा खरमोर भी है। जीव वैज्ञानिकों ने अपनी अध्ययन रिपोर्ट में इस बात का संकेत दिया है कि विश्व की सभी संकटग्रस्त प्राणी प्रजातियों में से 90 प्रतिशत केवल पक्षियों की प्रजातियां हैं। दरअसल वनों की कटाई, पर्यावरण में आने वाले परिवर्तन, प्रदूषण की मार, कृषि योग्य भूमि का प्रसार, कृषि कार्यों में कीटनाशकों का बेतहाशा इस्तेमाल और बढ़ता शहरीकरण। ये तमाम कारण हैं जिनकी वजह से पक्षियों के अस्तित्व पर बहुत गहरा संकट छा गया है। यही वजह है कि सिर्फ हिंदुस्तान ही नहीं दुनिया के ज्यादातर हिस्सों से बड़े पैमाने पर पक्षी प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं या होने की कगार पर हैं।

वास्तव में एक तरफ जहां आधुनिक जीवनशैली से पक्षियों के लिए जबरदस्त आवासीय संकट खड़ा हो गया है, वहीं दूसरी तरफ पक्षियों का बड़े पैमाने पर अवैध शिकार भी हो रहा है। जिस कारण भी तमाम पक्षी प्रजातियां लुप्तप्राय हो रही हैं। इन लुप्त होने के कगार पर खड़े तमाम पक्षियों में भारत का खरमोर भी है। खरमोर सोन चिरैया या ग्रेट इंडियन बर्स्टड परिवार का सदस्य है। इसका जीव वैज्ञानिक नाम सिफियोटाइड्स इंडिका है। इसे तृण मयूर या लिखस भी कहा जाता है। नर खरमोर की लंबाई 45 सेंटीमीटर और मादा की 52 सेंटीमीटर तक होती है। प्रजनन काल में नर खरमोर की शारीरिक सुंदरता देखते ही बनती है। उस दौरान इसका शरीर गहरे बैंगनी काले परों से ढक जाता है। उसके पंख चमकदार सफेद रंग के हो जाते हैं और आंखों के पीछे से मोर की तरह एक शानदार कलगी निकल आती है। सामान्य समय में नर और मादा खरमोर एक जैसे चितकबरे भूरे रंग के दिखते हैं।

पहले यह खरमोर भारत के लगभग हर हिस्से में पाया जाता था। घने जंगलों और पहाड़ी स्थानों को यह अपना आवास नहीं बनाता। यह घास के मैदान में रहने वाला पक्षी है। प्रजनन काल में यह एक जगह पर जाकर अंडे देता है और फिर वहां से लौट आता है। आज हालत यह है कि यह केवल गुजरात, पश्चिमी मध्य प्रदेश, दक्षिणी राजस्थान के कुछ स्थानों पर ही पाया जाता है। इसकी संख्या में लगातार गिरावट आ रही है। इन्हें संरक्षित करने की दिशा में मध्य प्रदेश के रतलाम में सैलाना खरमोर सेंचुरी और सरदारपुर में खरमोर अभयारण्य बनाये गये हैं।

मानसून की शुरुआत होते ही खरमोर यहां आकर अंडे देते हैं।

**खरमोर, सोन चिरैया या ग्रेट इंडियन बर्स्टड परिवार का सदस्य है और संकट ग्रस्त पक्षी है, इसकी संख्या लगातार घटती जा रही है।**

मानसून के दिनों में घास बढ़ने के कारण नर और मादा के मिलन की आहट यहां दिखने लगती है। मादा को आकर्षित करने के लिए नर खरमोर ऊंची-ऊंची छलांग लगाता है, छलांग लगाकर यह दूसरे स्थान पर बैठ जाता है और दोबारा वहीं से आकर फिर छलांग लगाता है। मादा को लुभाने के लिए सुबह से शाम यह बार-बार उछलता है। इस अभयारण्य में इनकी आवाजों को सुना जा सकता है। एकांतप्रिय और शर्मीला होने के बावजूद प्रणय प्रदर्शन में मदमस्त खरमोर तेज आवाजें निकालता है, जिससे इनकी टोह में बैठे शिकारी इन्हें अपना शिकार बना लेते हैं।

प्रजनन के बाद मादा घनी घास के बीच लगभग 4 से 5 भूरे अंडे देती है। इन अंडों से 21 दिनों के बाद चूजे बाहर आ जाते हैं। चूजे दो माह के बाद बढ़कर वयस्क हो जाते हैं। इसके बाद सितंबर अक्टूबर में खरमोर अपने प्रजनन स्थल से कहीं दूर चले जाते हैं। आजकल खरमोर की संख्या में दिनोंदिन कमी आ रही है। इनके अवैध शिकार और इनके अभ्यारण्यों में निरंतर पशुओं और मनुष्यों के हस्तेक्षप के कारण इनकी संख्या में लगातार कमी आ रही है। यदि समय रहते कुछ न किया गया तो खरमोर भी डोडो की भांति पृथ्वी से पूरी तरह लुप्त हो जायेगा।

## आपकी बात

### विदेशी संस्कृति का कुप्रभाव

वैश्वीकरण की आंधी में अगर बड़े पैमाने पर विदेशी पूंजी आयी है, प्रौद्योगिकी आयी है, व्यापार और रोजगार आया है, तो इसके साथ विदेशी संस्कृति भी आयी है। दुनिया भर में अनेक धर्म, दर्शन और उनकी सांस्कृतिक आध्यात्मिक मान्यताएं हैं जिसमें मानवीय जीवन को सामाजिक मर्यादा और अनुशासन के साथ आगे बढ़ाने के लिए बहुत कुछ अच्छाइयां विद्यमान हैं। लेकिन सांस्कृतिक प्रदूषण भी कम नहीं है। प्रौद्योगिकी और वैश्वीकरण के इस दौर में जब सब कुछ एक स्थान से दूसरे स्थान पर, एक शहर से दूसरे शहर में, एक देश से दूसरे देश में तेजी से पहुंच रहा है, तो इसी के साथ भारत में भी बहुत कुछ विदेशों से सांस्कृतिक प्रदूषण भी आ रहा है। इसी का परिणाम है कि भारत जैसे धार्मिक मिजाज वाले देश में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजता के घोर समर्थक कुछ लोग सुप्रीम कोर्ट पहुंच गये हैं सेम-सेक्स मैरिज को मान्यता दिलाने के लिए। सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाई कोर्ट में कई याचिकाएं डाली गयी हैं और यह मांग की गयी है कि सुप्रीम कोर्ट सेम-सेक्स मैरिज को मान्यता प्रदान करे। इन याचिकाओं को संज्ञान में लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार से अपना पक्ष रखने को कहा था।

सुप्रीम कोर्ट सेम-सेक्स मैरिज पर सुनवाई करने जा रहा है और इस सुनवाई से पहले केन्द्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में जो हलफनामा दाखिल किया है उसमें भारतीय परम्पराओं, कानूनी स्थितियों और विवाद को अपोजिट सेक्स के मिलन का माध्यम बताते हुए सेम सेक्स मैरिज को मान्यता देने की मांग करने वाली सभी याचिकाओं को खारिज करने की मांग की है। दरअसल यह ऐसा पेचीदा मामला है जिसके संदर्भ बहुत दूर तक जाते हैं। आज हम जो सभ्य, विकसित और प्रगतिशील मानवीय समाज देख रहे हैं, समाज और राज्य संस्था का जिस संगठित तौर-तरीकों से विकास हुआ है उसके पीछे विवाह संस्था का सबसे महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मानव समाज से धर्म, संस्कृति और मानवता के गुणों को समृद्ध करने वाली सामाजिक परम्पराओं, प्रथाओं को निकाल दिया जाये, तो मानव का अस्तित्व दो पैर वाले जानवर से अधिक नहीं रह जायेगा। इसलिए सेम सेक्स मैरिज के समर्थन में यह तर्क देना कि अमरीका, यूरोप और अफ्रीका के करीब डेढ़ दर्जन देशों में सेम सेक्स मैरिज को मान्यता मिल चुकी है इसलिए भारत में भी कानूनी मान्यता मिलनी चाहिए, इसे कुतर्क ही कहा जायेगा।

**ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, लखनऊ.**

### श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी। इसलिए सरकार को इसमे डायनॉमिक सिस्टम लागू करना चाहिए जिसमें हर साल श्रमिक का कंट्रीब्यूशन उसकी कमाई के अनुसार बढ़ता जाये। सरकार भी इसमें मदद करे।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## फंदे से लटका मिला युवक का शव

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र के डीह पूरे बीरबल पूरे डिहवा गांव में अपने ही खंडहर घर के निकट एक युवक का शव फंदे से लटकता मिला है। हालांकि पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। बता दें कि इनायत नगर थाना क्षेत्र के डीह पूरे बीरबल पूरे डिहवा गांव निवासी अमरेश कुमार पुत्र चंद्रिका प्रसाद (38) की सोमवार की सुबह अपने खंडहर घर के निकट नीम के पेड़ से फंदे के सहारे शव लटकता मिला है। परिजनों का कहना है कि मृतक पुराने खंडहर घर में बने एक कमरे में रहता था। रविवार की रात परिवार के साथ भोजन करके पुराने घर पर सोने चला गया था। सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने घर से लगभग 20 मीटर दूर स्थित नीम के पेड़ से अमरेश कुमार का शव लटकता देखा। जिसकी जानकारी मृतक के परिजनों को दी जिसके बाद मृतक के भाई अनिल कुमार गुप्ता ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। थाने के उपनिरीक्षक अमर बहादुर पटेल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर फंदे से शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# राम जन्मभूमि परिसर में बनने लगा प्रेक्षागृह

जिला संवाददाता(vol)



**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि परिसर में प्रस्तावित प्रेक्षागृह, अतिथि गृह व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कार्यालय के निर्माण का काम शुरू कर दिया गया है। निर्माण कार्य के चलते राममंदिर का गेट नंबर 11 बंद कर दिया गया है।

श्रीराम जन्मभूमि परिसर में प्रस्तावित प्रेक्षागृह का निर्माण पचास करोड़ की लागत से होगा। प्रेक्षागृह, अतिथि गृह व कार्यालय का निर्माण दिसंबर 2025 तक पूरा हो जाएगा। राममंदिर ट्रस्ट की ओर से यूपी राजकीय निर्माण निगम को 200

**● पचास करोड़ की लागत से होगा निर्माण, गेट नम्बर 11 किया गया बंद**

करोड़ का काम दिया गया है। जिसमें प्रेक्षागृह, अतिथि गृह, ट्रस्ट कार्यालय व राममंदिर के तीन द्वार के निर्माण का काम शामिल है। राममंदिर का एक द्वार बिड़ला धर्मशाला के सामने बन चुका है। जबकि गेट नंबर 11 व उत्तर दिशा के द्वार का निर्माण चल रहा है। क्षागृह, अतिथि गृह व कार्यालय निर्माण के लिए नींव उत्खनन की प्रक्रिया चल रही है। बताया गया कि पांच सौ दर्शकों की क्षमता वाले प्रेक्षागृह की डिजाइन मल्टीप्लेक्स जैसी है। इसमें भूतल के अलावा तीन तल बनाए जाएंगे जिसमें तीर्थ क्षेत्र का कार्यालय भी सम्मिलित रहेगा। मल्टीप्लेक्स प्रेक्षागृह (आडीटोरियम) का कुल क्षेत्रफल साढ़े दस हजार वर्ग मीटर प्रस्तावित है। जिसमें भूतल का क्षेत्रफल साढ़े चार हजार वर्ग मीटर होगा। दो मंजिला अतिथि गृह का कुल क्षेत्रफल तीन हजार वर्ग मीटर से अधिक है। बताया गया कि इसमें 11 फोर बेडरूम के अलावा पांच आफिस एव सभाकक्ष एवं रिसेप्शन के अतिरिक्त डायनिंग हाल भी रहेगा। इसके अलावा सीटिंग लाबी का भी निर्माण कराया जाएगा। वहीं रविवार को मणिरामदास की छावनी में रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक हुई थी बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास ने की। बैठक में ट्रस्ट ने आय-व्यय की रिपोर्ट प्रस्तुत की। रामजन्मभूमि परिसर पर पांच सालों में 2150 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। मंदिर निर्माण पर अकेले 1200 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। पांच सालों में ट्रस्ट ने सरकार को 400 करोड़ का भुगतान किया है। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि पांच फरवरी 2020 को ट्रस्ट का गठन हुआ। 28 फरवरी 2025 तक पांच वर्षों में ट्रस्ट के एकाउंट से सरकार की विभिन्न एजेंसियों को 396 करोड़ रुपये का भुगतान हुआ है। 272 करोड़ सरकार को जीएसटी के रूप में गया है। 39 करोड़ टीडीएस सरकार के एकाउंट में जमा हुआ है। 14 करोड़ लेबर सेस का जमा हुआ है। पीएफ, ईएसआई पर लगभग 7.4 करोड़ रुपये दिया गया है। ईश्योरेंस पॉलिसी के लिए चार करोड़ रुपये दिए गए हैं। जन्मभूमि के नक्शे को स्वीकृत कराने के लिए पांच करोड़ का भुगतान हुआ। अयोध्या में जमीनें खरीदी हैं। जितने मूल्य की खरीदी, उस पर स्टांप ड्यूटी दी गई है। इस पर करीब 29 करोड़ दिए गए हैं। 10 करोड़ बिजली के बिल के रूप में जमा हुए हैं। 14.90 करोड़ रॉयल्टी के रूप में सरकार को दिया गया है। पत्थर, गिट्टी, ग्रेनाइट जहां से आई, वहां की सरकार को भी रायल्टी दी गई है।

## भाकियू अराजनैतिक ने गांधी पार्क में लगायी पंचायत

**अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने गांधी पार्क में पंचायत लगाई। पंचायत की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरविंद यादव व संचालन जिला महासचिव जीपी किसान ने किया। जिला अध्यक्ष अरविंद यादव ने बताया आयुक्त मंडल अयोध्या को पांच सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट के द्वारा सौंपा गया।

भूमि अध्याप्ति अधिकारी द्वारा भूमि अधिग्रहण 23 दिसंबर 2024 के अभी निर्णय की नकल किसानों को नहीं दी जा रही है 2 सौ 16 साल पुराने कानून जो 12 साल पहले निरस्त हो चुका कानून के तहत अधिग्रहण करना किसी भी सूरत पर किसानों को स्वामियों की कोई सुनवाई नहीं करना मुख्य राजमार्ग व पेड़ पौधे व आबादी से सटे जमीनों की कोई आकलन न करके मुआवजा में शामिल नहीं किया गया। मुआवजा निर्धारण में प्रत्येक भू स्वामियों को गाटावार मिलने वाली राशि का कोई आकलन न करना बंदोबस्ती प्रक्रिया के मध्य में नई गाटा संख्या के अनुसार भूस्वामियों को मिलने वाली राशि की कोई सूचना न देना अगर हम लोगों की मांगे नहीं मांगी जाती है तो हम लोग विवश होकर एक बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## सभासद संघ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बने मो. कासिम



**जैदपुर, बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश सभासद एसोसिएशन नगरीय निकाय संरक्षक विधायक अमित सिंह चैहान, राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष अरशद उल्लाह, राष्ट्रीय प्रभारी दिलीप कुमार दीक्षित ने सभासद मो0 कासिम को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत होने पर सभासद मो0 कासिम को सभासदो समेत समाजसेवियो ने फूल माला पहनाकर बधाई दी। इसी मौके पर मनोनीत प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने कहा कि संगठन द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है। उसको मजबूती के साथ आगे बढ़ाने एंव सभासदो के अधिकारो के लिये सुनियोजित और लोकतान्त्रिक तरीके से अपने हक की माँग शासन और प्रशासन से करेंगे। इस मौके पर राजेश शर्मा फक्कड़, अतहर मलिक, मौलाना अबु दुजाना नदवी, सभासद मो0 नसीम, मो कलीम, शाहे आलम, निजामुद्दीन, टेकचन्द, मो0 ताहिर, राम सिंह, अबसार अंसारी, मो0 अल्ताफ, कृष्ण गोपाल सोनी, अनिल गुप्ता मौजूद रहे।

## अपहृता बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

**बाराबंकी।** थाना कोतवाली नगर ने मु0अ0स0- 268/2025 धारा 87/137(2)/351(3) बीएनएस से सम्बन्धित अपहृता को बरामद कर अभियुक्त राजा गौतम पुत्र स्व0 राम औतार निवासी गांधीनगर थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया।

## 79 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 1 वारण्टी व 7 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 79 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## थाना जंहागीराबाद का निरीक्षण करने पहुंचे पुलिस अधीक्षक



**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने थाना जहांगीराबाद का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय, कंप्यूटर-कक्ष, मेस, बैरिक, आगन्तुक कक्ष, शौचालयों का जायजा लेते हुये मेस, बैरको व थाना परिसर की साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने कार्यालयो मे रखे अभिलेखो, महिला हेल्प डेस्क को आगन्तुक, शिकायत रजिस्टर, सीसीटीएनएस पोर्टल, सीएम हेल्पलाइन व आनलाइन जन सेवाओ का निरीक्षण करते हुये लम्बित शिकायत प्रार्थना पत्रो को निर्धारित समयावधि मे निस्तारण करने हेतु थानाध्यक्ष व पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर सुमित त्रिपाठी, थानाध्यक्ष अभय कुमार आदि मौजूद रहे। निरीक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक ने नवनिर्मित सभागार व खेल मैदान का उद्घाटन भी किया।

# नवोन्मेषी प्रशिक्षण के लिए किसान पंतनगर रवाना

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** नाबार्ड के सौजन्य से ओंकार सेवा संस्थान द्वारा अयोध्या जनपद के पच्चीस प्रगतिशील किसानों को प्रशिक्षण के लिए मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान ने कुमारगंज बाजार से हरी

**● सब्जी की खेती का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करेगा किसानों का भ्रमण दल**

झंडी दिखाकर रवाना किया। ज्ञातव्य हो कि नाबार्ड की कैट परियोजना के अंतर्गत जनपद के अमानीगंज, मिल्कीपुर, सोहावल, बीकापुर तथा हैरिंगटनगंज के पच्चीस प्रगतिशील किसानों को सब्जी की खेती का नवोन्मेषी प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए उत्तराखंड स्थित गोविंद वल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ले जाया जा रहा है। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण में किसानों को सब्जी खेती की नवीनतम तकनीकी जैसे हाइड्रोपोनिक, लो टनल हाउस,



मलचिंग विधि, स्टेकिंग सहित विभिन्न आधुनिक तकनीकी का सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कराया जाएगा। कृषक भ्रमण दल को रवाना करते हुए विधायक चंद्रभानु पासवान ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में जनपद के किसानों को प्रशिक्षण के लिए पंतनगर भेजा जा रहा है।विधायक ने कहा कि अमानीगंज विकास खंड के पूरे दला में स्थापित केला रेशा प्रदर्शन इकाई पर महिलाएं केला के रेशा से विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार कर रही हैं। शीघ्र ही इस केंद्र पर और भी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक कमलेश यादव ने कहा कि नाबार्ड किसानों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अपने स्थापना वर्ष से काम कर रहा है। इसी कड़ी में जनपद के किसानों को एक अनोखे प्रशिक्षण के लिए भेजा जा रहा है। कार्यक्रम समन्वयक सूर्य कुमार त्रिपाठी ने कहा कि पंतनगर में किसानो को सब्जी के साथ साथ डेयरी, मशरूम उत्पादन, औद्यानिक फसलों की खेती तथा फूलों की खेती की तकनीकी जानकारी प्राप्त होगी।इस कार्यक्रम में किसानों को उन्नतिशील प्रजाति का बीज कृषि से संबंधित साहित्य भी प्राप्त होगा। किसानों को रवाना करते समय कुमारगंज बाजार मालिक विजय कुमार उपाध्याय ने किसानों को अंग वस्त्र प्रदान किया। कृषक भ्रमण दल में जमुना प्रसाद मौर्य, सचिन चैरसिया, जगदंबा तिवारी, राहुल चैरसिया, श्रीकृष्ण दुबे, भवानी प्रसाद मिश्र, अशोक कुमार पाण्डेय, मयंक शुक्ला, द्वारिका प्रसाद मौर्य, अनंतराम, हनुमान प्रसाद, अमरनाथ गुप्ता, आकाश मिश्र, प्रेम नाथ, चिंता राम, रक्षा राम, मनोज कुमार, मटोले, अमरजीत पाल, डॉ अनिल कुमार पाण्डेय सहित कुल तीस किसान उपस्थित रहे।

## होली मिलन समारोह सम्पन्न



**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार मे उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह मे जिलाधिकारी शाशंक त्रिपाठी को कर्मचारी संघ सदस्यों ने टीका लगाकर होली की बधाई दी। इसके उपरान्त विभिन्न सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। समारोह मे जिलाधिकारी ने होली की बधाई देते हुये कहा कि सभी लोग पूरी लगन और निष्ठा के साथ अपने दायित्यों का निर्वहन करें। और अपने कार्यों में गुणवत्ता लाते हुए अपनी प्रतिभा को निखारे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी इंद्रसेन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट काव्या सी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के0डी0 शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी गुरुसहाय निगम, शिवकुमार वर्मा, श्यामलाल गौतम, मनीष शुक्ला, आशीष कुमार श्रीवास्तव सहित कलेक्ट्रेट के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

**बहराइच।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से प्रत्येक माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह मार्च के तृतीय शनिवार 15 मार्च को स्थानीय अवकाश तथा 16 मार्च को रविवार राजकीय अवकाश होने के कारण सोमवार को जनपद की समस्त तहसीलों में सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में आयोजित हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हुए फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये गये। उल्लेखनीय है कि तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त हुए 22 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 02, तहसील सदर बहराइच में प्राप्त 19 के सापेक्ष 02, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 14 के सापेक्ष 02, नानपारा में प्राप्त 07 के सापेक्ष 01, पयागपुर में प्राप्त 23 के सापेक्ष 01 का मौके पर निस्तारण किया गया। जबकि तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 02 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए।

# सीएचसी जाटा बरौली में स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे जिलाधिकारी

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाटा बरौली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर गंदगी मिलने, परिसर की बाउन्ड्री पर उपले (कंडे) देखकर डी0एम ने सम्बधितो को फटकार लगाई। तथा नियमित साफ-सफाई हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने डेंटल कक्ष,

**● समय से कर्मचारियों की उपस्थिति के साथ साफ-सफाई के दिये निर्देश**

आरसीटी मशीन, अल्ट्रासाउंड मशीन कक्ष का निरीक्षण करते हुये मरीजो से जानकारी ली। जिलाधिकारी ने अस्पताल में दीपक, शिवदेवी और शांति मरीजो के पर्चे पर डाक्टर की मोहर, साइन न मिलने पर निर्देशित किया। पैथालाजी कक्ष मे जनरेटर व बिजली कनेक्शन न मिलने पर



जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर की। जिस पर अधीक्षक कुलदीप मौर्या ने भवन 3 हफ्ते पहले हैडओवर होने की बात कही।

पंजीकरण कक्ष मे चिकित्सक डयूटी सम्बधी रजिस्टर, औषधि भण्डार कक्ष मे दवाओं की उपलब्धता व सभी जरूरी दवाएं रखने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने 102 व 108 की दो एम्बुलेंस निष्प्रयोज्य खड़ी मिलने पर हटाने के निर्देश दिये। कूड़ा डिस्पोजल हेतु बनाये गये कूडा गढ्डे मे दवाये मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुये जांच कर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। जिस पर सम्बधितो द्वारा वर्ष 2012 की स्पायर दवाये की जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान उपस्थित रजिस्टर मे कई दिनो से बिना किसी सूचना के अनपुस्थित चिकित्सक डा0 सचिन पर कार्यवाही के निर्देश दिये।

इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस काव्या सी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अवधेश कुमार यादव सहित सम्बंधित अधिकारी व चिकित्सक स्टॉफ मौजूद रहा।

# सितम्बर में अयोध्या को मिल जायेगी फॉरेंसिक लैब

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** अयोध्या में मंडल मुख्यालय स्तरीय बी ग्रेड फॉरेंसिक साइंस लैब निर्माण तेजी से हो रहा है। इस बी ग्रेड फॉरेंसिक साइंस लैब के निर्माण का जिम्मा लोक निर्माण विभाग को सौंपा गया है। 47 करोड़ की लागत से आकार ले रही लैब का निर्माण टेढ़ी बाजार क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के

**● 47 करोड़ है निर्माण की लागत, फॉरेंसिक लैब के निर्माण को सरकार ने दी थी स्वीकृति**

निकट हो रहा है। सब कुछ ठीक रहा तो यह सितंबर में बनकर तैयार हो जाएगी। दरसअल यहां जिला स्तरीय क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के एक फील्ड यूनिट का कार्यालय है। यहां विशेषज्ञ समेत अन्य की तैनाती की गई है लेकिन इनके पास विधिक रूप से जिम्मा केवल सैंपल एकत्रीकरण कर संबंधित लैब को जांच के लिए भिजवाने का ही है।

अपराध अन्वेषण में यह लोग पुलिस की व्यवहारिक मदद तो कर सकते हैं, लेकिन विधिक रिपोर्ट लैब की ही मान्य है। ऐसे में, बी ग्रेड फॉरेंसिक साइंस लैब के निर्माण से केवल कुछ अति आधुनिक जांचों को छोड़कर ज्यादातर जांचे यहीं पर संभव हो जाएंगीं, जिससे समय और धन की बचत तो होगी ही, साथ ही त्वरित रिपोर्ट हासिल हो सकेगी। मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री व सेवन को रोकने के लिए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के गठन के बाद संचालित लैब का बोझ काम करने के लिए फॉरेंसिक साइंस लैब की संख्या और दायरा बढ़ाने पर विचार शुरू हुआ। इसके बाद योगी सरकार ने अयोध्या समेत छह मंडल मुख्यालयों पर बी ग्रेड लैब संचालन को हरी झंडी दी थी। बी ग्रेड फॉरेंसिक साइंस लैब का निर्माण कुल 10266.40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में किया जा रहा है। विभाग के पास मौजूद कुल जमीन 15220 वर्ग मी. में बाकी ओपन स्पेस रहेगा। गृह विभाग के टेक्निकल सेल व नियोजन विभाग के समन्वय से ईपीसी मोड पर निर्माण कार्यों को पूरा किया जा रहा है। यूपीपीडब्ल्यूडी की ओर से तैयार कराये गए डीपीआर के मुताबिक पांच मंजिला लैब की बिल्डिंग 10266.40 वर्ग मीटर में स्थित होगी।


इसमें दो मंजिला डॉरमेट्री एवं गेस्ट हॉउस 395.90 वर्ग मीटर में, गैरेज एन्ड एलायड बिल्डिंग 250.20 वर्ग मीटर में, मैसेंजर व गॉर्ड रूम 89 वर्ग मीटर में, वर्कशॉप 42 वर्ग मीटर में, 1000 किलोवाट से ज्यादा क्षमता का विद्युत व पंप रूम 51.50 वर्ग मीटर में निर्मित कराया गया है। साथ ही 100 किलो लीटर क्षमता की उपरगामी टंकी, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग और बाउंड्रीवॉल जैसे निर्माण कार्यों को पूर्ण किया गया है।

लोक निर्माण विभाग (खण्ड-दो) के अधीक्षण अभियंता उमेश चन्द्र ने बताया बी ग्रेड फॉरेंसिक साइंस लैब का निर्माण कार्य सात नवम्बर 2023 को शुरू हुआ था। इसका निर्माण

## विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**बहराइच।** विद्युत वितरण उपखण्ड-प्रथम के उप खण्ड अधिकारी महेन्द्र कुमार ने बताया कि 18 मार्च 2025 को 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र-कल्पीपारा, बहराइच की क्षमतावृद्धि हेतु स्थापित 05 एम.वी.ए. पावर परिवर्तक के स्थान 10 एम.वी.ए. परिवर्तक की स्थापना का कार्य प्रस्तावित है। जिस कारण विद्युत उपकेन्द्र-कल्पीपारा, बहराइच के समस्त फीडर प्रातः 08 बजे से रात्रि तक बन्द रहेंगे। इस दौरान समस्त औद्योगिक उपभोक्ता एवं घोसियाना दरगाह, गल्लामण्डी, फलमण्डी, आसाम चैराहा, पहाड़ा पक्कड़, पलरीबाग, महराजगांव, सगरा आदि क्षेत्र विद्युत आपूर्ति से प्रभावित होंगे। श्री कुमार ने सभी सम्बन्धित विद्युत उपभोक्ताओं से तद्नुसार पूर्व से पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाएं करने की अपेक्षा की है।

## डीएम ने की राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों के साथ बैठक



**बाराबंकी।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में निर्वाचक नामावली की शुद्धता, मतदेय स्थल एवं ई0पी0/जेन्डर रेशियों आदि को लेकर जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय, राज्यीय दलों के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक मे निर्वाचक नामावली की शुद्धता के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक में भारतीय जनता पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी, समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि अपर जिलाधिकारी/उपनिर्वाचन अधिकारी इन्द्रसेन, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील पाण्डे मौजूद रहे।

## नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को लेकर सीएमओ ने की बैठक




**अयोध्या।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुशील कुमार बनियान की अध्यक्षता में नियमति टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद स्तरीय क्वार्टरली रिव्यू एवं एईफआई पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार दर्शन नगर में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में एईएफआई पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई साथ में ब्लॉक में टीकाकरण के समय होने वाली अनहोनी घटनाओं से बच्चों एवं मरीजों को बचाने हेतु एनाफ़्लसेंस किट सभी ए एन एम के पास रहना अति आवश्यक है। इस मीटिंग में टीकाकरण सही तरह से हो इसके लिए टीकाकरण माइक्रोप्लान पर विस्तृत रूप से बताया गया। टीकाकरण कवरेज पर भी ब्लॉक वाइस रिव्यू किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय ने निर्देशित किया कि बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्पष्टीकरण लिया जाए, सभी पर्यवेक्षीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हेड काउंट सर्वे का पर्यवेक्षन कराया जाए, आशा संगिनी की मासिक समीक्षा बैठक कार्यक्रम वार किया जाय।

इस मीटिंग में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ राजेश चैधरी, अर्बन नोडल डॉ वेद प्रकाश त्रिपाठी, डीएचइआईओ डी पी सिंह, डिस्ट्रिक्ट एआरओ प्रवीण त्रिपाठी, अशोक श्रीवास्तव, मनोज त्रिपाठी उपस्थित थे।

# राजनैतिक दलों के साथ बैठक सम्पन्न

जिला संवाददाता(vol)

**बहराइच।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि जनपद में बूथ लेबिल एजेन्ट की बूथवार तैनाती कर जिला निर्वाचन कार्यालय, बहराइच को सूची उपलब्ध करा दें। सीआरओ श्री सिंह ने कहा कि पुनरीक्षण अभियान के दौरान त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने में बूथ लेबिल एजेन्ट की महती भूमिका है। उन्होंने कहा कि बूथ लेबिल अधिकारी तथा बूथ लेबिल एजेन्ट बेहतर समन्वय के साथ पुनरीक्षण अभियान के दौरान नवीन मतदाता को जोड़ने, संशोधन, नाम हटाने इत्यादि की कार्यवाही बेहतर ढंग से कर सकेंगे।

बैठक के दौरान मौजूद राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की ओर से सुझाव प्राप्त हुआ कि पुनरीक्षण अभियान के दौरान यह सुनिश्चित कराया जाय कि बूथ लेबिल अधिकारी डोर-टू-डोर जाकर शत-प्रतिशत




मतदाताओं का सत्यापन करें। बीएलओ द्वारा सत्यापन करने से जहां आमजन को पुनरीक्षण अभियान की जानकारी प्राप्त होगी वहीं घर-घर सर्वे के दौरान मतदाता सूची की तमाम त्रुटियों का भी निराकरण हो सकेगा। सीआरओ श्री सिंह ने राजनैतिक दलों को आश्वस्त किया कि पुनरीक्षण अभियान के दौरान बीएलओ द्वारा शत-प्रगतिशत सत्यापन सुनिश्चित कराया जायेगा। बैठक के दौरान मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावली के संबंध में समय-समय पर प्राप्त कराये जाने वाले अभिलेखों के बारे में भी विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। इस अवसर पर भरतीय जनता पार्टी से सुनील श्रीवास्तव, समाजवादी पार्टी से उत्तम कुमार सिंह, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से गोपीनाथ, बहुजन समाज पार्टी से सुखराम प्रजापति व अपना दल (सोनेलाल) से गिरीश पटेल, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शिखा श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## प्रधानों ने तहसीलदार से मिलकर समस्याओं के निस्तारण की मांग की

**सोहावल-अयोध्या।** सोहावल ब्लाक के विभिन्न ग्राम सभाओं के प्रधानों ने तहसीलदार सोहावल से मिलकर विभिन्न समस्याओं तथा विकास में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए मुलाकात की। प्रधान प्रतिनिधि गिरजेश त्रिपाठी बब्बू के नेतृत्व में मुलाकात की तथा समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें सरकारी कार्यों के लिये जमीन की उपलब्धता कराई जाय।चक मार्गों की पटाई में अक्सर दिक्कत आती है।उनका तुरंत मौके पर निस्तारण कराया जाय। जिससे चल रहा काम बंद ना होने पाये। राशन कार्ड में कटे हुए यूनिटों को जोड़ा जाय। कई ऐसे राशन कार्डों को काट दिया गया है। जो मजदूरी करके अपना जीवन यापन करते हैं। जांच कराकर उनका राशन कार्ड बहाल किया जाय। विभिन्न समस्याओं के विषय में अवगत कराया गया एवं ज्ञापन सौंपा गया। प्रधानों द्वारा नवागत तहसीलदार प्रदीप सिंह को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि गिरिजेश त्रिपाठी, अमरीश पांडेय, राजेश तिवारी, अनुज मिश्रा, कप्तान तिवारी, मनोज सिंह, श्रीनिवास तिवारी, मुन्ना मिश्रा, अविरल तिवारी, रामचंद्र रावत आदि उपस्थित रहे।

## युवक को पांच लोगों ने जमकर पीटा

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** होली मिलने आये व्यक्ति का मनबढ़ युवकों ने की पिटाई छिनैती का भी आरोप। इनायत नगर थाना क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज पुलिस चैकी के पास पांच युवकों ने एक व्यक्ति की जमकर पिटाई कर दी प्राप्त जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर जनपद के धनपतगंज थाना क्षेत्र सिमरौना निवासी अंकित पांडेय 15 मार्च को अपने भाई के साथ रिश्तेदार के यहां होली मिलने आए थे। 16 मार्च को वह जमुवा परे निहारी शुक्ल का पुरवा गांव से वापस लौट रहे थे। पुलिस को दिये गये तहरीर में आरोप लगाया कि हैरिंग्टनगंज जंगल के पास पलिया चैराहे से पहले युवकों ने उन्हें रोका। जिसमें आरोपी नीरज यादव, शाकिर और तीन अन्य लोगों ने मोबाइल, गाड़ी की चाबी, गले की चेन और पर्स में रखे 7 हजार रुपए छीन लिए। इतना ही नहीं, लोहे की रॉड और बिजली के केबल से जमकर पिटाई की। पीड़ित बेहोश हो गया।होश आने पर एक राहगीर के फोन से अंकित ने अपने रिश्तेदारों को सूचना दी। उन्हें पहले सीएचसी ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर रेफर कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार अंकित का पैर टूट गया है और शरीर पर कई गंभीर चोटें हैं।

# होली के बाद बसौड़ा पूजन को लगी लाइनें

**मथुरा**। होली के त्यौहार के बाद आज देवी मंदिरों में बसौड़ा पूजन किया गया। शीतला माता मंदिर में विशेष पूजा और अर्चना कर मन्नतें मांगी गई। देर रात्रि से ही पूजा अर्चना के लिये महिला - पुरूषों की भीड़ मंदिरों में लग गयी। शीतला माता का बसौड़ा पूजन आज घरों के अलावा बल्लियां लगाई गई थीं। साथ ही शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है। वहीं मंदिरों के आसपास खेल-खिलौने बेचने के लिये दुकानदार सड़कों पर बैठे दिखाई दिये। सुबह से ही मंदिरों में गृहणियों की भीड़ उमड़ी। हाथों में पकवानों की थालियां लिए गृहणियां मंदिरों में पहुंच रहीं थीं। जहां उन्होंने

**● महिलाओं ने माता शीतला की पूजा अर्चना कर परिवार की खुशहाली और बच्चों की सलामती की मन्नतें मांगी**



होलिकादहन स्थल और मंदिरों में किया गया। शहर के शीतला घाटी स्थित शीतला माता मंदिर, छत्ता बाजार की माता गली स्थित मंगनी माता, मसानी देवी स्थित पथवारी देवी, गोविन्द नगर पथवारी देवी सहित सभी मंदिरों पर आज भक्तों की भीड़ देखी गई। सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने माता शीतला की पूजा अर्चना कर परिवार की खुशहाली और बच्चों की सलामती की मन्नतें मांगी। मंदिरों की सजावट, प्रकाश व्यवस्था के साथ पर्व पर बने पकवान माता को अर्पित कर परिवारीजनों की रक्षा और सुख शांति की कामना की। इस मौके पर भक्तों ने माता तेल और हल्दी चढ़ाई। गृहणियों ने परंपरागत भजन आदि गाकर माता रानी को माथा टेका और जयकारे लगाए।

### बसौड़ा पूजन की मान्यता

होली पर्व पर बनने वाले पकवान शरीर को निरोग रखने वाली देवी शीतला माता को अर्पित किए जाने की परंपरा है। गृहणियों ने बासी भोजन एवं पकवानों से माता का पूजन कर बच्चों की रक्षा की कामना की। शीतला माता की पूजा करने से परिवारीजनों-बच्चों के स्वास्थ्य एवं अन्य कष्ट होने के अलावा परिवार में सुख और शांति का आशीर्वाद देतीं हैं। मान्यता है कि होली से गर्मी का मौसम प्रारंभ हो जाता है, ऐसे मौसम में बच्चे खसरा, काली खांसी, पीलिया और दिमागी बुखार जैसी बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। इन बीमारियों से बच्चों को बचाने के लिए महिलाएं माता शीतला की पूजा कर बसौड़ा पूजन करती हैं और बच्चों को बीमारियों से बचाने के लिए माता से मन्नतें मांगती हैं। राया में महिलाओं की उमड़ी भीड़ होली पर्व के बाद आज प्रातः से ही हाथरस मार्ग स्थित शीतला माता मंदिर पर बसौड़ा पूजन के लिये महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार श्रद्धा और आस्था के साथ शीतला माता की पूजा करने से संतान को उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु का आशीर्वाद मिलता है।

## पत्रकार सुरक्षा कानून को अविलंब लागू किया जाये

**ललितपुर**। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ललितपुर के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें सीतापुर के दिवंगत पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई को न्याय और एक करोड़ रुपए मुआवजा राशि दिलाए जाने और जनपद ललितपुर में पत्रकारों में कोई भी मुकदमा दर्ज होने से पूर्व उसे जिला स्थायी समिति के समक्ष लाए जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि जनपद सीतापुर में दैनिक जागरण समाचार पत्र के संवाददाता राघवेंद्र बाजपेई द्वारा धान खरीद एवं जमीन संबंधी समाचार प्रकाशित करने पर बदमाशों ने जघन्य तरीके से हत्या कर मौत के घाट उतार दिया गया है। इससे पत्रकारों का अपूर्णनीय क्षति हुई है और पत्रकारों में अपने ही कलम के प्रति भय का वातावरण व्याप्त हो गया है। इस मामले में मुख्यमंत्री से मांग की है।

## गौ प्रतिष्ठा निर्णायक दिवस कार्यक्रम में शामिल होने दिल्ली पहुंचे गौ सेवक



**टूंडला**। दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित गौ प्रतिष्ठा निर्णायक दिवस कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय गौ माता सेवा महासंघ के दर्जनों पदाधिकारी निजी वाहनों से शामिल होने गए, उक्त गौ प्रतिष्ठा निर्णायक दिवस में सनातनी ऋषियों और गौ सेवकों के द्वारा केंद्र सरकार से गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित कर गौ हत्या पूर्णतया बंदी के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें चारों पीठ के परम पूज्य जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद गौ गंगा कृपाकांक्षी गोपाल मणि सहित हजारों की संख्या में साधु संत भाग ले रहे हैं तथा समूचे भारत से गौ सेवक भी शामिल होने जा रहे हैं उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के आग्रह पर अंतरराष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के जनपद फिरोजाबाद के भी क्या कई प्रदेशों के पदाधिकारी शामिल होंगे। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन लोकेंद्र सिंह पोनियां ने बताया कि भारत से गौ हत्या पूर्णतया बंद होनी चाहिए क्योंकि अगर गौमाता सुरक्षित है तो भारत सुरक्षित रहेगा और सनातन संस्कृति सुरक्षित रहेगी गौ माता से प्राप्त सभी द्रव्यों का उपयोग किया जाता है। गौ माता में तैंतीस कोटि देवी देवताओं का वास होता है इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के प्रदेश महामंत्री संगठन रामतीर्थ सिंह चक, उदय प्रताप सिंह, भवानी सिंह, जितेन्द्र पचौरी, महेशपाल सिंह, राजीव मल्होत्रा, जितेन्द्र पंजवानी, सुनील गुप्ता, नरेन्द्र चक, संकी राणा, भाषेंद्र सिंह, सनी सिंह, मुकेश उपाध्याय, सहित अनेकों पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल होने दिल्ली पहुंचे हैं।

## लाखों की चांदी हड़पने वाले वांछित को गोविन्द नगर पुलिस ने किए गिरफ्तार



**मथुरा**। थाना गोविन्दनगर पुलिस ने धोखाधड़ी करके लाखों की चाँदी हड़पने के अभियोग में वांछित चल रहे आरोपित को चोरी की गई चाँदी व 3 लाख 50 हजार रूपयों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस उपमहानिरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा के द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में एवं कमलेश सिंह प्रभारी निरीक्षक गोविन्दनगर के कुशल निर्देशन में बिरला चैकी प्रभारी अरूण कुमार त्यागी, उपनिरीक्षक गोविन्द नगर अंशुमान बिश्नोई, सूरज तेवतिया, नरेन्द्र चैकी प्रभारी द्वारा अजय शर्मा उर्फ नेहना पुत्र स्व0 प्रेम चन्द शर्मा हाल निवासी है डम्पम वाली गली सौख रोड टिकट घर के सामने पेड के नीचे चबूतरा डीग गेट से गिरफ्तार किया है। विदित रहे कि गोपाल यादव पुत्र जगमोहन निवासी कालीनी कच्ची सड़क मसानी थाना गोविन्दनगर ने आरोपितों के खिलाफ 50 किलो 757 ग्राम चाँदी मूल्य 46,69,644 /- रुपए) हडप लेने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 108/2025 धारा 316(2) बीएनएस पंजीकृत कराया था मुकदमा उपरोक्त में वांछित चल रहे थे कि पकड़ गए आरोपित से पुलिस ने चोरी गयी कुल 39.565 किलोग्राम चाँदी व चाँदी बेचकर प्राप्त किये कुल 3 लाख 50 हजार रूपयों बरामद किए है। उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा। अभि0 उपरोक्त को नियमानुसार मा0न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## चौकी प्रभारी के निलंबन की मांग को लेकर वकीलों ने घेरा एसएसपी कार्यालय



**मथुरा**। दुर्घटना में कहासुनी के बाद कृष्ण नगर चैकी प्रभारी विक्रांत तोमर द्वारा अधिवक्ता अमरजीत सिंह के साथ की गई मारपीट और अभद्रता के विरोध में आज वकीलों ने एसएसपी कार्यालय घेरा और दोषी उपनिरीक्षक को निलंबित करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान एसएसपी के अपने कार्यालय के बाहर न आने पर वकीलों का गुस्सा और बढ़ गया और उन्होंने एसएसपी मुदार्बाद, पुलिस प्रशासन हाय-हाय के नारे लगाते हुए काफी देर तक हंगामा काटा। गौरतलब हो कि 13 मार्च कृष्णानगर में एक अस्पताल के पास एक और बाइक की टक्कर हो गई। घटना की जानकारी पर अधिवक्ता अमरजीत सिंह अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे आप है कि चैकी प्रभारी विक्रांत तोमर ने वकील के साथ मारपीट की और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार और सचिव शिवकुमार लवानिया के नेतृत्व में वकील सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे एसएसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कार्यालय का गेट बंद कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। एसएसपी शैलेश कुमार पांडे ने अधिवक्ताओं को समझने का प्रयास किया। अधिवक्ताओं ने चैकी प्रभारी के निलंबन और उनके खिलाफ मुकदमा की मांग की है। एसएसपी ने मामले की जांच ट्रेनिंग आईपीएस अधिकारी गोल्डी गुप्ता को सौंप दी है। फिलहाल चैकी प्रभारी कृष्णानगर एक सप्ताह की छुट्टी पर है। करीब 1 घंटे के प्रदर्शन के बाद बार एसोसिएशन की आम सभा हुई इसमें अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया गया बाहर अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौप जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक साथी अधिवक्ता को न्याय नहीं मिलेगा हड़ताल जारी रहेगी। अधिवक्ताओं का कहना था कि चैकी प्रभारी द्वारा जानबूझकर अधिवक्ता के साथ अपराधियों जैसा बर्ताव किया गया जिससे पूरे वकील समाज में रोष व्याप्त है। वकीलों का कहना है कि दोषी चैकी प्रभारी को निलंबित न किया गया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए सीओ सिटी श्री भूषण वर्मा ने बताया गया कि अधिवक्ता द्वारा चैकी प्रभारी कृष्णा नगर विक्रांत तोमर से बदतमीजी की गई थी।

## सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के चबूतरे के क्षतिग्रस्त होने पर आक्रोश व्यक्त किया

**टूंडला**। उत्तर प्रदेश कांग्रेस सूचना का अधिकार विभाग की टूंडला लाइनपार कार्यालय पर एक बैठक हुई, बैठक में प्रदेश सचिव डॉ.बी एस गौतम ने टूंडला के सुभाष चौराहे पर देश की आजादी के नायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति के चबूतरा एवं छतरी रेलिंग के ध्वस्त होने पर आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन की उदासीनता का परिणाम है कि कई दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई है। कांग्रेस नेता अनिल उपाध्याय ने कहा कि देश के नेता सुभाष चंद्र बोस का देश सदैव कृतज्ञ है यह बड़े दुख की बात है कि प्रशासन पूरी तरह से मूक दर्शक बना हुआ है यदि शीघ्र ही सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के समीप बनी रेलिंग व छतरी चबूतरे का जीर्णोद्धार नहीं कराया गया तो सूचना का अधिकार आंदोलन को बाध्य होगा बैठक में राममोहन उपाध्याय सत्यनारायण राजमल योगेंद्र सिंह सिसोदिया सोनी लाल सिंह इन्द्र दत्त शर्मा दिगंबर सिंह वेद प्रकाश मनोज कुमार प्रमोद रफीक शत्रुघ्न सिंह अजीज कुरैशी मानवेंद्र सिंह जमील खान आदि लोग उपस्थित रहे।

## समृद्धि और सौभाग्य का आशीर्वाद देने वाला है सामौर बाबा धाम: जयवीर सिंह

जिला संवाददाता(vol)




**फिरोजाबाद/सिरसागंज**। चार सौ वर्षों की विरासत को धारण किये हुए ग्राम करहरा सिरसागंज में आव गंगा नदी पर स्थित सामौर बाबा धाम मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं पर्यटन विकास कार्यों का लोकार्पण प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर ने किया। लोकार्पण उपरान्त

**● पर्यटन मंत्री ने सामौर बाबा धाम के पर्यटन और विकास कार्यों का किया लोकार्पण**

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह जिलाधिकारी रमेश रंजन और एसएसपी सौरभ दीक्षित सहित अन्य उपस्थितजन के साथ सामौर बाबा मंदिर में पूजा अर्चना की। यह समस्त कार्य 9.12 करोड की लागत से कराया गया है। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश की सरकार प्राचीन सांस्कृतिक महत्व के स्थलों के विकास के जरिये आमजन के लिये सृमद्धि के द्वार खोल रही है।

सरकार का उद्देश्य धार्मिक स्थलों के सौन्दर्यीकरण और बुनियादी ढाँचे के विकास के माध्यम से धार्मिक पर्यटन को बढावा देना है और कहा कि मैं बचपन से ही इस मंदिर के अलौकिक स्वरूप को देखता चला आ रहा हूँ, तभी से मेरा मन इस बात के लिय प्रतिबद्ध था कि मैं इस पावन स्थान के पुनरोद्धार और सौन्दर्यीकरण कराकर देश और प्रदेश के लोगों को इसकी भव्यता, महत्ता से परिचित कराऊँ। वास्तव में यह समय सनातन संस्कृति के उत्कर्ष का समय है। प्रदेश की बात की जाये तो प्रत्येक विधानसभा में पर्यटन स्थलों का विकास किया जा रहा है। यही कारण है इस बर्ष प्रदेश मे 63 करोड पर्यटक आ चुके है। इस समय मोदी जी और योगी जी के नेतृत्व में पर्यटन के क्षेत्र में प्रदेशभर में विशिष्ट और महत्वपूर्ण कार्य कराये जा रहे है, जो आने वाले समय में प्रदेश में पर्यटन की संभावनाओं को बढायेगें। इस मौके पर जिलाधिकारी रमेश रंजन ने कहा कि पर्यटन मंत्री के सहयोग से पूरे जनपद में पर्यटन विकास कार्य कराये जा रहे है। जिससे जनपद पर्यटन सेक्टर के रूप में परिवर्तित हो चला जा रहा है। सामौर बाबा धाम पर आकर मुझे आध्यात्मिक और दिव्य अनुभूति हो रही है। यहाँ का प्राकृतिक वातावरण मन का मोह लेने वाला है। एसएसपी सौरभ दीक्षित ने कहा कि मंत्री जी की धार्मिक और सामजिक कार्यों के लिये सकारात्मक सोच से ही इस जनपद में पर्यटन की असीम संभावनायें बढी है। हम सब आपके इस तरह के सामाजिक कार्यों को देखकर ऊर्जान्वित होते रहते है। इस अवसर पर फिरोजाबाद और मैनपुरी जनपद के जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किये और सभी ने एक स्वर से पर्यटन मंत्री के इस कार्य की सराहना की। पर्यटन मंत्री ने जिलाधिकारी, एसएसपी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुम्बई से आयी अंजली पाठक द्वारा भजन की, आकांक्षा श्रीवास्तव द्वारा शिव स्तुति नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गयी। प्रख्यात कलाकार वंदना श्री द्वारा ब्रज की होली की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम का संचालन मुकेश मणिकांचन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मैनपुरी की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ममता लोधी, जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, एसपी ग्रामीण अखिलेश भदौरिया, अनुजेश यादव, चैयरमैन रंजना गुरूदत्त सिंह, जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश सिंह, पूर्व जिला मंत्री बाले यादव, प्रवीन सिंह नीटू, परियोजना निदेशक सुभाषचन्द्र त्रिपाठी, बीएसए आशीष पाण्डेय, एसडीएम सिरसागंज गजेन्द्रपाल सिंह, एसडीएम सदर सत्येन्द्र सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी और क्षेत्रीयजन उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटनाओं में महिला सहित चार लोगों की मौत

मथुरा। जनपद के दो थाना क्षेत्र में तीन स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला सहित तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। थाना महावन अंतर्गत मोक्ष धाम कॉलोनी अढ़ुकी रोड नवादा निवासी 38 वर्षीय जसोदा पत्नी राजू अपने पति के साथ बाइक पर सवार होकर अपने मायके सादाबाद स्थित रामपुर गांव जा रही थी। महावन थाना अंतर्गत खप्परपुर के समीप पीछे से तेज गति से आए चार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में पति की मौके पर ही मौत हो गई। तो वहीं यशोदा को उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। जहां उसने भी दम तोड़ दिया। दूसरी घटना कोसी थाना क्षेत्र में आगरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाइक पर जा रहे दंपती में किसी वाहन ने टक्कर मार दी। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां युवक ने दम तोड़ दिया। फिरोजाबाद निवासी सुखवीर अपनी पत्नी सरोज के साथ बाइक से दिल्ली बदरपुर बॉर्डर स्थित अपनी फैक्ट्री में काम करने जा रहा था। जैसे ही उनकी बाइक गांव अजीजपुर के समीप पहुंची, तभी पीछे से आ रहे वाहन चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां सुखवीर की मौत हो गई। वहीं तीसरी दुर्घटना कोसीकला क्षेत्र में सादाबाद हाथरस निवासी 40 वर्षीय सोनू पुत्र चंद्रपाल की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों का पंचनामा भरकर शवों को पोस्टमार्टम गृह भेजा है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने बैठक में आगामी कार्ययोजना को दिशा निर्देश दिए



**टूंडला**। विधानसभा टूंडला के मां सीयर देवी मंडल के गोविंद बिहार पब्लिक स्कूल, बझेरा गांव में आगामी कार्ययोजना एवं प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात कार्यक्रम निमित्त एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई जिसमें बतौर अतिथि भारतीय जनता पार्टी फिरोजाबाद जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह उपस्थित रहे। बैठक में नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष पूरन सिंह का भव्य स्वागत किया गया व स्वागतोपरांत संगठन के महत्वपूर्ण विषयों पर जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने चर्चा करते हुए कहा कि आगामी 23 मार्च 2025 माह के अंतिम रविवार प्रातः 11 बजे मंडल के सभी 69 बूथों व 15 शक्ति केंद्रों के सभी बूथ अध्यक्ष शक्ति केंद्र संयोजक व मंडल के सभी मोर्चे व कार्यकारिणी के पदाधिकारी मोदी जी की मन की बात का कार्यक्रम अपने-अपने बूथ पर रहकर सुनेंगे। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष महिपाल निषाद, पचोखरा मंडल प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह, मंडल महामंत्री निशांत पचौरी वंशी प्रधान शैलेंद्र कुमार, उम्मेद सिंह डॉ कमल सिंह, राजवीर सिंह गयासीराम, गोपाल सिंह, भवानी शंकर, हुकम सिंह बिहारी सिंह, रामवीर, फौरन सिंह, राजेंद्र सिंह, मवासी राम हरी बाबू, मुरली सिंह सुरेश चंद्र, शिवपाल सिंह, धर्मेंद्र, सतपाल यादव, बबलू, दयाशंकर आदि लोग उपस्थित रहे।

## स्वर्ण निर्मित पुण्य कोटि में विराजमान हुए भगवान रंगनाथ

मथुरा( मधुसूदन शर्मा )। वृंदावन भारत के दक्षिण भारतीय शैली के विशालतम रंगनाथ मंदिर का दस दिवसीय ब्रह्मोत्सव वैदिक मंत्रोचार और पूजा पाठ के साथ शुरू हुआ। ब्रह्मोत्सव के प्रथम दिन प्रातः काल भगवान रंगनाथ माता गोदा के साथ सोने से बनी पुण्य कोटि में विराजमान हुए। मंदिर से शुरू हुई सवारी गाजे बाजे के साथ बड़े बगीचा पहुंची जहां कुछ देर विश्राम करने के बाद सवारी वापस मंदिर आई। ब्रह्मोत्सव की शुरूआत से पहले भगवान रंगनाथ के सेनापति विश्वक्सेन का आव्हान पूजन अर्चन किया गया। पूजन अर्चन के बाद उनको चांदी से बनी पालकी में विराजमान किया गया। इसके बाद परम्परागत वाद्य यंत्रों की ध्वनि के साथ शुरू की गयी सवारी में विष्वक्सेन जी ब्रह्मोत्सव के लिए की गयी व्यवस्थाओं का जायजा लेने चांदी की पालकी में विराजमान होकर निकले। वृंदावन का रंगनाथ मंदिर उत्तर भारत में दक्षिण भारतीय शैली का सबसे विशाल मंदिर है। इस मंदिर के मुख्य भगवान श्री गोदारंगमन्नार हैं। रंगनाथ मंदिर को दिव्य देश की उपाधि मिली हुई है यानि वह देवस्थान जहां हर दिन भगवान्‌का उत्सव हो। इन्हीं उत्सवों में प्रमुख है ब्रह्मोत्सव ,जिसके बारे में कहा जाता है कि यह उत्सव स्वयं भगवान नारायण के लिए ब्रह्मा जी ने किया था। श्री रंगनाथ मंदिर में वर्षों से ब्रह्मोत्सव प्रति वर्ष होली के बाद कृष्ण पक्ष की द्वितिया तिथि से शुरू होता है। दस दिवसीय ब्रह्मोत्सव की शुरूआत सोमवार को प्रातः शुभ मुहूर्त में ध्वजारोहण की परंपरा के साथ हुई। शुभ मुहूर्त में मंदिर के पुरोहित विजय मिश्रा ने वैदिक मंत्रों के मध्य उत्सव प्रारम्भ करने के लिए मंदिर के श्री महंत गोवर्धन रंगाचार्य महाराज के निर्देशन में ध्वजारोहण के समय भगवान गरुड़ जी का पूजन पुजारी राजू स्वामी से कराया। इसका उद्देश्य भगवान गरुड़ जी द्वारा समस्त देवी देवताओं को ब्रह्मोत्सव की सुचना देना है और समस्त उत्सव की बागडोर गरुड़ जी के हाथों में सौंपना है। पूजन के बाद सोने से बने स्तम्भ पर गरुड़ जी की ध्वजा चढ़ा दी जाती है। ध्वजारोहण के बाद भगवान की पालकी को वाहन मंडप पर ले जाया गया। जहां से उनको स्वर्ण निर्मित पुण्य कोठी में विराजमान किया गया। इसके बाद हाथी, घोड़े और दक्षिण भारतीय वाद्य यंत्र व बैंड की धार्मिक मधुर ध्वनि के बीच सवारी ने मंदिर से बड़े बगीचा के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान जगह जगह भक्तों ने भगवान की आरती उतारी।

## जाट जन चेतना महासभा ने अनेक प्रतिभाएं सम्मानित की




**मथुरा**। जाट जनचेतना महासभा संस्था द्वारा भरतपुर रोड पर स्थित मैरिज होम पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन मे राजा महेंद्र प्रताप सिंह और चैधरी महेंद्र सिंह टिकैत के जीवन पर प्रकाश डालने वाली पुस्तक उजली राहों पर उड़ते परिन्दे (लेखक डॉ कृष्ण पाल सिंह तेवतिया, प्रवक्ता भौतिकी) का विमोचन किया गया। जागरूकता मिशन के अंतर्गत एडवोकेट राजेंद्र वर्मा, सुप्रीम कोर्ट को उत्तम कार्य के लिए सम्मानित किया गया। जाट आरक्षण संघर्ष समिति के प्रणेता, राजनीतिज्ञ एव उद्योगपति एच पी सिंह परिहार ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मसंस्था सचिव डॉ कृष्ण पाल सिंह तेवतिया ने सभी को होली बधाई दी। डा अशोक सिकरवार (बलदेव पब्लिक स्कूल) ने भी सभी को होली बधाई दी। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के कोआर्डिनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार पत्रकार आदि अतिथियों ने उपस्थित समस्त सजातीय बंधुओं को पटुका व स्मृति चिन्ह प्रदान कर समामनित किया। विशिष्ट अतिथियों ने शिव कुमार सिंह (एस आर जी), नरेंद्र चैधरी, पूजा, रेखा रानी (उत्तम अध्यापक), डौली चैधरी को मंच से सम्मानित किया। कवि रामेंद्र ब्रजवासी, बलबीर बैचैन, विनय अलबेला, राम खिलाड़ी स्वदेशी, ओमप्रकाश डागर, सूरज बेनीवाल की हास्य कविताओं का सभी ने भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम का मंच संचालन कप्तान सिंह, चन्द्रपाल सिंह अध्यापक ने किया। पत्रकार चन्द्रप्रताप सिंह सिकरवार ने भी उदबोधन किया। कार्यक्रम को सूचारू रूप देने में लव चैधरी (बिग बॉस शैलून), अनिल चैधरी (चेयरमैन केडीसी कॉलेज, ओल), अनिल कुमार चैधरी (डायरेक्टर नेशनल पैथ सर्विस), जगदीश चैधरी (राधिका स्वीट), चैधरी सुरेश सिंह (बाबा कडेरा सिंह स्कूल, सौख), एडवोकेट विजय सिंह (राधिका हार्डवेयर), डा हरेश सोलंकी कृष्णानगर, रोहताश (मोशन एकेडमी) आदि का विशेष योगदान रहा। होली समारोह में मुख्य रूप से चैधरी सतवीर सिंह चीकारा, बलवीर सिंह, गंगाराम चहर (इंजीनियर), अमित चैधरी, प्रहलाद प्रधानजी (नागला अखा), राजवीर सिंह (नीमगांव वाले), शिवराज, राजपाल सिंह भरंगर (सामाजिक), रश्मी चहर, वीरपाल सिंह (प्रधान सोंख), डा नंदन सिंह, जगबीर, मोतीलाल, नौबत सिंह, सक्षम, अमित सिकरवार, अनिल चैधरी, शंकर सिंह (मैनेजर), आदि भी अपस्थित रहे। संस्था अध्यक्ष चैधरी रामपाल सिंह एवं देशराज सिंह (मास्टर) द्वारा धन्यवाद दिया गया।

## संत प्रेमानंद महाराज के जन्मोत्सव पर होंगे 6 दिवसीय कार्यक्रम



**मथुरा**। वृंदावन के आध्यात्मिक गुरु संत प्रेमानंद महाराज के जन्मोत्सव को लेकर आश्रम केली कुंज ट्रस्ट में अनेकों कार्यक्रम आश्रम परिसर के प्रांगण में होंगे। जिसमें देश भर से श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। देशभर से आने वाले भक्तों के लिए ट्रस्ट ने एक सूची जारी की है कि किस दिन कौन से प्रदेश के भक्त महाराज जी के दर्शन कर सकेंगे। 25 से 30 मार्च तक भक्त सूची के हिसाब से दर्शन कर सकेंगे। गौरतलब हो कि आध्यात्मिक गुरु संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन की एक झलक पाने के लिए हर रोज हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ सड़कों पर उमड़ जाती है, इसलिए ट्रस्ट ने सूची के अनुसार दर्शन व्यवस्था की है। जिसमें 25 मार्चः मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन, हाथरस, अलीगढ़ आगरा जिले के श्रद्धालु दर्शन करेंगे, वहीं 26 मार्चः आगरा, अलीगढ़ जिले के छोड़कर उत्तर प्रदेश भर के श्रद्धालु दर्शन करेंगे। 27 मार्चः दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा पंजाब के श्रद्धालु दर्शन करेंगे। 28 मार्चः केरल ,उत्तराखंड, असम, गोवा, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, गुजरात और बिहार के श्रद्धालु दर्शन करेंगे। 29 मार्चः महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल ,मध्य प्रदेश, उड़ीसा, जम्मू कश्मीर और राजस्थान के श्रद्धालु दर्शन करेंगे। 30 मार्चः जन्मोत्सव के दिन संत समाज प्रेमानंद महाराज के दर्शन करेंगे। जन्म उत्सव के दौरान प्रेमानंद महाराज सुबह 3 बजे से 4:15 तक कीर्तन होगा, सुबह 5:40 से सुबह 7 बजे तक संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन होंगे। दर्शन के दौरान सुबह 6 बजे मंगला आरती भी होगी। सुबह 9:15 पर आश्रम में सिंगर आरती, सुबह 10 बजे तक कीर्तन होंगे। शाम को साढे चार बजे से साढे छह बजे तक संध्या वाणी पाठ आश्रम में होगा।

## अधिकारी ससमय करें, शिकायतों का निस्तारण: डीएम

जिला संवाददाता(vol)

**फिरोजाबाद**। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के साथ जनसुनवाई करते हुए कहा कि गंभीर प्रकरणों वाले मामलों का निस्तारण विभागीय अधिकारी उसी दिन त्वरित गति से निस्तारित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि जहां राजस्व विकास एवं पुलिस विभाग से जुड़े हुए मामले हो वहां इन विभागों में जुड़े सभी अधिकारी संयुक्त रूप से आपसी समन्वय रखते हुए उन मामलों का निस्तारण सुनिश्चित कराए, आई0जी0आर0एस0 सम्बन्धित मामलों को ससमय और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 36 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें जिलाधिकारी ने मौके पर ही 05 शिकायतों का निस्तारण कराया और बाकी बची शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह में पूरी गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी आवेदक को दोबारा एक ही प्रकरण के लिए न आना पडे। उन्होने स्पष्ट रूप से कहा है कि इसका कडाई से पालन सभी अधिकारी करें ओर उन्होने कहा कि शिकायतकर्ता को गंभीरतापूर्वक सुनें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ता रोशन गौतम पुत्र लटूरी प्रसाद निवासी रविदास नगर सैलई ने मार्ग निर्माण न होने के संबंध में बताया उसने बताया कि ग्राम भीखनपुर की एक लिंक मार्ग सुजेन के ट्यूबवेल से होकर जाती है जो निर्माण हेतु है, वह पिछली बार से बराबर विभागों में पत्राचार कर रहा है परंतु वीडियो एवं ग्राम सेक्रेटरी अभयदीप यादव जो धन का अभाव बताकर कार्य नहीं कर पा रहे हैं जिस पर जिलाधिकारी ने गंभीरता दिखाते हुए वीडीओ नारखी को निर्देशित किया कि मौके पर जाकर स्थिति की जांच कर कार्रवाई करें, इसके उपरांत उन्होंने एक शिकायत और अवगत कराई जिसमें उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर एक एवं 34 के मध्य स्थान टीचर्स कॉलोनी रैपुरा तक एक मार्ग स्थित है जिसमें कीचड़ गंदगी पानी का निकास न होना एवं कोई व्यवस्था नहीं होना तथा इंटरलॉकिंग आदि कार्य के बारे में बताया जिस पर जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को स्थलीय जांच कर निरीक्षण करने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिए,

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने कई शिकायती प्रकरणों में विद्युत, राजस्व, पुलिस व सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रभावी व गुणवत्तापूर्ण शिकायत निस्तारण करने के लिए मौके पर ही भेजा। इसके अतिरिक्त उन्होने उप जिलाधिकारी सदर व पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर को निर्देश दिए कि वह दो बजे सम्पूर्ण समाधान दिवस की समाप्ति के उपरांत जमीनी विवाद व अतिक्रमण के प्रकरणों में अलग-अलग राजस्व व पुलिस की टीम बनाकर मौके पर भेजकर शिकायतों का गुण-दोष के आधार पर पूरी गुणवत्ता व पारदर्शिता के साथ निस्तारण कराए और निस्तारण को शिकायत कर्ता को अवगत भी कराए।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अधिकतर शिकायतें अवैध कब्जे, जल भराव, विद्युत, राजस्व, राशन, ग्रामीण क्षेत्रों में गन्दगी, जमीनी विवाद व अतिक्रमण आवास, शौचालय आदि की शिकायतें प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य चिकित्सा जिलाधिकारी सदर सत्येन्द्र कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## एचपी ने लॉन्च की पीसी की नयी रेंज

नई दिल्ली। आज एचपी ने भारत में अपने नेक्स्ट जनरेशन कमर्शियल एआई पीसी की नई रेंज पेश की। इस रेंज को विशेषरूप से कंपनियों एवं प्रोफेशनल्स की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस लाइनअप में एचपी इलाइटबुक अल्ट्रा जी1आई 14 इंच, एचपी इलाइटबुक एक्स जी1आई 14 इंच और एचपी इलाइटबुक एक्स जी1आई फ्लिप 14 इंच मॉडल्स शामिल हैं। इन सभी मॉडल्स में नवीनतम इंटेल॰ कोरट्ठ अल्ट्रा प्रोसेसर्स लगाए गए हैं। इनमें एक न्यूरल प्रोसेसिंग यूनिट है, जो 48 ट्रिलियन ऑपरेशंस पर सेकेंड (टीओपीएस) तक की परफॉर्मेंस दे सकती है। इसके अतिरिक्त, एचपी ने भारत में इलाइटबुक एक्स जी1ए 14 इंच नोटबुक भी लॉन्च की है।

## टाटा मोटर्स अप्रैल से बढ़ायेंगी कमर्शियल वाहनों की कीमतें

मुंबई। टाटा मोटर्स ने आज अपने सभी कमर्शियल वाहनों की कीमतों में 2 फीसद तक बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। नई कीमतें 1 अप्रैल 2025 से लागू होंगी। कंपनी ने बताया कि इनपुट लागत बढ़ने की वजह से यह फैसला लिया गया है। कीमतों में बढ़ोतरी अलग-अलग मॉडल और वेरिएंट के हिसाब से होगी।

## वैश्विक हेयर ट्रांसप्लांट उद्योग तेजी से वृद्धि

बरेली। वैश्विक हेयर ट्रांसप्लांट उद्योग तेजी से वृद्धि कर रहा है, जहां यह बाजार 2032 तक यू एस डी 141.88 बिलियन तक पहुंचने का अनुमान है, जिसमें 2018 से 2032 तक 25.2 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की जाएगी। इस बढ़ोतरी का प्रमुख कारण बढ़ती जागरूकता, तकनीकी प्रगति और सेलिब्रिटीज व एथलीट्स सहित हाईप्रोफाइल व्यक्तियों के बीच कॉस्मेटिक प्रक्रियाओं की बढ़ती मांग है। भारत में भी हेयर ट्रांसप्लांट क्षेत्र में तेजी से विस्तार हो रहा है, और यूजेनिक्स हेयर साइंसेज इस बदलाव का नेतृत्व कर रहा है। इस संस्थान ने अब तक 16,000 से अधिक हेयर ट्रांसप्लांट प्रक्रियाएं सफलतापूर्वक पूरी की हैं, जिसमें 1,800 से अधिक ग्रेड 6/7 गंजेपन के मामले शामिल हैं।


## टाटा प्ले बिंज पर मिलेगा रोमांस, कॉमेडी और ड्रामा

मुंबई। त्योहार के उत्साह और दोस्ताना शरारतों के बीच रंगबिरंगी फिल्मों के साथ होली मनाने से बेहतर और क्या हो सकता है? टाटा प्ले बिंज आपके लिए लेकर आया है, शानदार होली बिंजलिस्ट, जिसमें इस खुशनुमा मौसम के मिजाज की तरह ही भरपूर रोमांस, कॉमेडी और ड्रामा मिलेगा। तो अब रंग खेलने के बाद जब समय हो, तब अपने प्रियजनों के साथ फिल्मों का आनंद लीजिए !इन खुशियों की शुरूआत करते हैं, ये जवानी है दीवानी से, जो दर्शक अमेजन प्राइम वीडियो पे देख सकेंगे इस श्रृंखला की दूसरी मूवी है राम-लीला जो दर्शक जियोहॉटस्टार पे देख पाएंगे।

## स्टेफ्री और मेंस्ट्रुपीडिया ने 10 हजार शिक्षकों को प्रशिक्षित किया

बंगलुरू। स्टेफ्री ने मेंस्ट्रुपीडिया के साथ मिलकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। दोनों ने मिलकर 10,000 से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया है, ताकि वे लड़कियों को मासिक धर्म के बारे में सही जानकारी दे सकें। इस पहल के तहत 10 लाख से अधिक लड़कियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के बारे में शिक्षित किया गया है। मेंस्ट्रुपीडिया एक तेजी से उभरता हुआ स्टार्टअप है, जो किशोरियों को मासिक धर्म से संबंधित जानकारी देने के लिए समर्पित है।

## कोक स्टूडियो भारत ने होली के जश्न को बनाया यादगार



नई दिल्ली। कोक स्टूडियो भारत ने, जिसने पहले ही खलासी और मैजिक जैसे सुपरहिट गाने दिए और होली के जश्न को बनाया यादगार बनाया। इस बार कोक स्टूडियो भारत ने होली आई रेनामक एक और शानदार गाना पेश किया। मथुरा-वृंदावन की पारंपरिक होली से प्रेरित, यह गानाभारतीय लोक संगीत की आत्माको आधुनिक धुनों के साथ जोड़ता है, जिससे यहहोली का परफेक्ट एंथमबन गया। कोक स्टूडियो भारत पर पहली बार प्रसारित होने के बाद, इसेकोक हाफटाइम के दौरान लाइव पेश किया गया, जिससेलाखों क्रिकेट और संगीत प्रेमियों का उत्साहदोगुना हो गया। भारत ने आईसीसी मेंस चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में न्यूजीलैंड को हराकर शानदार जीत दर्ज की।

# सेंसेक्स में 341 अंकों की उछाल



मुंबई। वैश्विक बाजारों में तेजी और बैंकिंग शेयरों में लिवाली से सोमवार को घरेलू शेयर बाजार पांच दिन की गिरावट से उबरने में सफल रहे। सेंसेक्स में 341 अंक और निफ्टी में करीब 112 अंक की तेजी दर्ज की गई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 341.04 अंक यानी 0.46 प्रतिशत चढ़कर 74,169.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 547.44 अंक उछलकर 74,376.35 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 111.55 अंक यानी 0.50 प्रतिशत बढ़कर 22,508.75 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में से बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, अदाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, जोमैटो और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी रही। इसके उलट, आईटीसी, नेस्ले, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। पिछले सप्ताह तगड़ी बिकवाली का सामना करने वाले इंडसइंड बैंक का शेयर भारतीय रिजर्व बैंक के आश्वासन के बाद 5.30 प्रतिशत तक उछलने के बाद 0.72 प्रतिशत की बढ़त पर बंद हुआ। शनिवार को रिजर्व बैंक ने ग्राहकों को आश्वस्त किया था कि निजी क्षेत्र के इस बैंक के पास पर्याप्त पूंजी उपलब्ध है। बाजार ने सप्ताह की शुरुआत आधा प्रतिशत की बढ़त के साथ की। मजबूत वैश्विक संकेतों के साथ बैंकिंग एवं वित्तीय शेयरों में लिवाली होने से बाजार को समर्थन मिला। व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.77 प्रतिशत की तेजी रही जबकि स्मॉलकैप सूचकांक में 0.02 प्रतिशत की हल्की गिरावट दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में से स्वास्थ्य देखभाल खंड में 1.12 प्रतिशत, जिंस खंड में 0.92 प्रतिशत, वित्तीय सेवा खंड में 0.83 प्रतिशत और बैंकिंग खंड में 0.71 प्रतिशत की बढ़त रही। वैश्विक बाजारों में आशावादी रुख के कारण स्थानीय सूचकांकों में सुधार होने से बाजार तेजी से सकारात्मक क्षेत्र में कारोबार करने लगे। हालांकि, भारत सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं पर अमेरिकी शुल्क नीतियों के अनिश्चित प्रभाव के कारण निवेशक कोई भी निर्णय लेने से पहले वैश्विक घटनाक्रमों पर नजर रखेंगे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए।

## वैश्विक रुख से सोना 1300 रुपये चढ़कर नये शिखर पर, चांदी भी नये रिकॉर्ड स्तर पर

नयी दिल्ली। अमेरिकी शुल्क को लेकर अनिश्चितता, व्यापार तनाव और फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति में ढील की बढ़ती उम्मीदों के बीच वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के चलते सोमवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में उछाल दर्ज हुआ। सोने की कीमत 1,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के उछाल के साथ नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना लगातार चौथे दिन मजबूत हुआ। आज इसकी कीमत 1,300 रुपये के उछाल के साथ 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गई। बृहस्पतिवार को यह 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना।,300 रुपये उछलकर 90,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर जा



पहुंचा। बृहस्पतिवार को यह 89,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी के अनुसार कई कारकों ने कीमती धातुओं की रिकॉर्ड-तोड़ तेजी में योगदान दिया है, जिनमें केंद्रीय बैंकों द्वारा खरीद और वैश्विक आर्थिक अस्थिरता शामिल है। गांधी ने कहा कि इसके अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार और आर्थिक नीतियों के कारण सुरक्षित पनाहगाह समझी जाने वाली परिसंपत्तियों की मांग बढ़ी है। इस साल अबतक, सोने की कीमतें एक जनवरी को 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम से 11,360 रुपये या 14.31 प्रतिशत बढ़कर 90,750 रुपये हो गई है। शुक्रवार को होली के अवसर पर सर्राफा बाजार बंद थे। चांदी की कीमतें भी 1,300 रुपये बढ़कर 1,02,500 रुपये प्रति किलोग्राम के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। बृहस्पतिवार को चांदी 1,01,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 14.48 डॉलर बढ़कर 2,998.90 डॉलर प्रति औंस हो गया। शुक्रवार को इसने 3,000 डॉलर प्रति औंस के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर लिया था। कॉमेक्स सोना वायदा 3,007 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। शुक्रवार को इसने 3,017.10 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्चस्तर को छुआ था।

## हरियाणा विधानसभा में 2.05 लाख करोड़ का बजट पेश

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2.05 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। सैनी ने कहा कि उन्हें राज्य के बजट के संबंध में विभिन्न वर्गों से लगभग 11,000 सुझाव मिले हैं।

बजट में अपने प्रस्तावों का विवरण साझा करते हुए सैनी ने कहा कि हरियाणा को भविष्य के लिए सक्षम बनाने के लिए भविष्य विभाग नाम से एक नया विभाग बनाया जाएगा। वित्त विभाग का प्रभार भी संभालने वाले सैनी ने कहा कि बजट में 2025-26 के लिए 2,05,017.29 करोड़ रुपये के परिव्यय का अनुमान जताया गया है। यह राशि 2024-25 के संशोधित अनुमानों से 13.70 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में हरियाणा सरकार ने ई-शासन पर बहुत जोर दिया है और उनकी सरकार ने चुनाव घोषणा पत्र के 217 वादों में 19 को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में मेरा प्रस्ताव हरियाणा एआई मिशन स्थापित करने का है, जिसमें विश्व बैंक ने 474 करोड़ रुपये की सहायता देने का भरोसा दिया है। एआई मिशन के तहत गुरुग्राम और पंचकूला में केंद्र स्थापित किए जाएंगे। स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा सरकार 2,000 करोड़ रुपये का फंड ऑफ फंड्स बनाने के लिए निजी निवेशकों को प्रोत्साहित करेगी।

## रुपया 24 पैसे चढ़कर 86.81 प्रति डॉलर पर

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा में कमजोरी के कारण सोमवार को रुपया 24 पैसे उछलकर 86.81 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और सकारात्मक वैश्विक बाजारों के कारण रुपया थोड़ा सकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहा है। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने स्थानीय मुद्रा की बढ़त को सीमित कर दिया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.90 पर खुला और डॉलर के मुकाबले दिन के उच्चस्तर 86.76 तक गया और 86.90 के निचले स्तर तक आया। कारोबार के अंत में यह 86.81 (अस्थायी) प्रति



डॉलर पर बंद हुआ। यह पिछले बंद स्तर से 24 पैसे की बढ़त है। बृहस्पतिवार को पिछले सत्र में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 17 पैसे की बढ़त के साथ 87.05 पर बंद हुआ था। होली के अवसर पर शुक्रवार को विदेशी मुद्रा और शेयर बाजार बंद रहे। हमें उम्मीद है कि अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और सकारात्मक वैश्विक बाजारों के कारण रुपया थोड़ा सकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। हालांकि, व्यापार शुल्क के मुद्दे और विदेशी निवेशकों द्वारा निकासी से तेज उछाल पर रोक लग सकती है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 103.60 पर आ गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.92 प्रतिशत चढ़कर 71.23 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 341.04 अंक की बढ़त के साथ 74,169.95 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 111.55 अंक चढ़कर 22,508.75 अंक पर बंद हुआ।

## निर्यात में लगातार चौथे महीने गिरावट

नयी दिल्ली। पेट्रोलियम कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण फरवरी में भारत का वस्तुओं का निर्यात लगातार चौथे महीने घटकर 36.91 अरब डॉलर रह गया। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

पिछले साल के समान महीने में देश का निर्यात 41.41 अरब डॉलर रहा था। हालांकि, वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में व्यापार घाटा कम होकर 14.05 अरब डॉलर रह गया। इसकी वजह यह है कि इस महीने देश का आयात घटकर 50.96 अरब डॉलर पर आ गया। निर्यात के आंकड़ों के मुकाबले आयात का आंकड़ा अधिक होने पर व्यापार घाटे की स्थिति बनती है। कुल मिलाकर, चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों (अप्रैल-फरवरी अवधि) में वस्तु और सेवा निर्यात 6.24 प्रतिशत बढ़कर 750.53 अरब डॉलर हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 706.43 अरब डॉलर था। पिछले चार महीनों (नवंबर, 2024-फरवरी-2025) के दौरान भारत के उत्पाद निर्यात में मूल्य के लिहाज से गिरावट देखी गई। जनवरी में उत्पाद निर्यात 36.43 अरब डॉलर रहा, जबकि एक साल पहले यह 37.32 अरब डॉलर था। दिसंबर में यह 38.01 अरब डॉलर रहा, जबकि दिसंबर 2023 में यह 38.39 अरब डॉलर था। वहीं नवंबर, 2024 में उत्पाद निर्यात 32.11 अरब डॉलर रह गया जो एक साल पहले की समान अवधि में 33.75 अरब डॉलर था।

## बॉन्ड म्यूचुअल फंड से 6525 करोड़ की निकासी

नयी दिल्ली। बॉन्ड आधारित म्यूचुअल फंड में फरवरी में 6,525 करोड़ रुपये की निकासी हुई, जबकि पिछले महीने इस खंड में 1.28 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह हुआ था।

समीक्षाधीन महीने में कम अवधि के फंड में जोरदार निकासी हुई। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान 16 में 10 बॉन्ड म्यूचुअल फंड श्रेणियों ने शुद्ध निकासी दर्ज की। छोटी अवधि में निकासी के बावजूद, बॉन्ड फंड में महत्वपूर्ण आवंटन जारी है, और आने वाले महीनों में बाजार की स्थितियां बेहतर होने के साथ प्रवाह स्थिर हो सकता है। आंकड़ों के अनुसार, इस निकासी के बावजूद, बॉन्ड म्यूचुअल फंड का परिसंपत्ति आधार फरवरी के अंत में मामूली रूप से बढ़कर 17.08 लाख




करोड़ रुपये हो गया, जो जनवरी के अंत में 17.06 लाख करोड़ रुपये था। आंकड़ों के अनुसार, बॉन्ड म्यूचुअल फंड में फरवरी में 6,525 करोड़ रुपये की निकासी हुई, जबकि इससे पिछले महीने इसमें 1.28 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह हुआ था। टाटा एसेट मैनेजमेंट के मुख्य कारोबार अधिकारी आनंद वरदराजन ने कहा कि नकदी और कॉरपोरेट बॉन्ड श्रेणियों को छोड़कर, नियत आय काफी हद तक नकारात्मक रही।

## फोनपे के इंडस ऐपस्टोर और शाओमी इंडिया ने साझेदारी की

नई दिल्ली। इंडस ऐपस्टोर ने आज वर्ल्ड टेक्नोलॉजी प्रमुख, शाओमी इंडिया के साथ एक बहु-वर्षीय गठबंधन की घोषणा की। यह सहयोग भारतीय उपभोक्ताओं के लिए अनुकूलित एक स्थानीय डिजिटल इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए इंडस ऐपस्टोर और शाओमी इंडिया की सहयोग की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। भारत में सभी नए शाओमी स्मार्टफोन में इंडस ऐपस्टोर को एकीकृत करके और मौजूदा डिवाइसों पर गेटऐप्स को बदलकर, इंडस ऐपस्टोर का लोगों तक इसकी पहुंच को बढ़ाना है, ऐप की खोज और एक बेहतर यूजर अनुभव को बढ़ावा देना है। शाओमी इंडिया के साथ हमारी साझेदारी भारतीय मोबाइल यूजर और डेवलपर्स के लिए एक हॉरिजॉन्टल ऐप स्टोर बनाने के हमारे लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

## शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 16 मार्च तक 13 प्रतिशत बढ़कर 21.26 लाख करोड़ पर

नयी दिल्ली। चालू वित्त वर्ष (2024-25) में अबतक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 13.13 प्रतिशत बढ़कर 21.26 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इसमें अग्रिम कर संग्रह में वृद्धि का प्रमुख योगदान रहा।

वर्ष के दौरान, सरकार ने अग्रिम कर की चार किस्तों से 14.62 प्रतिशत वृद्धि के साथ 10.44 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 9.11 लाख करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष के लिए अग्रिम कर भुगतान की अंतिम किस्त 15 मार्च, 2025 को देय थी। कॉरपोरेट कर श्रेणी के तहत अग्रिम कर संग्रह 12.54 प्रतिशत बढ़कर 7.57 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि गैर-कॉरपोरेट श्रेणी में अग्रिम कर संग्रह 20.47 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2.87 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। आयकर अधिनियम की धारा 208 के अनुसार, जिस व्यक्ति की अनुमानित कर देयता 10,000 रुपये से अधिक होने की संभावना है उसे उस वर्ष अग्रिम कर का भुगतान करना आवश्यक है। इसमें वेतनभोगी करदाता भी शामिल हैं। अग्रिम कर का भुगतान वित्त वर्ष की समाप्ति से पहले उस आय पर किया जाना चाहिए जो उस वर्ष अर्जित की गई होगी। अग्रिम कर का भुगतान चार किस्तों- वित्त वर्ष के दौरान 15 जून, 15 सितंबर, 15 दिसंबर और 15 मार्च में किया जाता है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, शुद्ध गैर-कॉरपोरेट कर से संग्रह (मुख्य रूप से व्यक्तिगत आयकर समेत) सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर लगभग 11.01 लाख करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, एक अप्रैल, 2024 और 16 मार्च, 2025 के बीच शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह एकल अंक में सात प्रतिशत बढ़कर 9.69 लाख करोड़ रुपये रहा है। चालू वित्त वर्ष में अब तक प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) से शुद्ध संग्रह लगभग 56 प्रतिशत बढ़कर 53,095 करोड़ रुपये हो गया। इस अवधि के दौरान 4.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक के रिफंड जारी किए गए, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में 3.47 लाख करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए थे। सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 16 मार्च तक 16.15 प्रतिशत बढ़कर 25.86 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया।

## पेज एक का शेष

### डेढ़ दर्जन से

उपाधीक्षक अभिसूचना लखनऊ व सुशील कुमार सिंह मंडलाधिकारी लखनऊ और डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह पुलिस उपाधीक्षक फतेहपुर व प्रशाली गंगवार सहायक पुलिस पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर बनाये गये है।इसके अलावा प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले पुलिस अफसरों की भी जिलों में तैनाती की गईं है। इसमें से पवीन प्रकाश पुलिस उपाधीक्षक सिद्धार्थ नगर व अरविन्द सोनकर पुलिस उपाधीक्षक अयोध्या तथा सच्चिदानंद सिंह पुलिस उपाधीक्षक मैनपुरी तथा प्रगति चौहान पुलिस उपाधीक्षक पीलीभीत कृष्ण कांत त्रिपाठी पुलिस उपाधीक्षक बाँदा व भूपेश कुमार पाण्डेय पुलिस उपा धीक्षक आजमगढ़ बनाये गये है।

### गाजीपुर जेल

राज सामने आए। अफसरों की जाँच में यह भी सामने आया कि जेल में कई कैदियों को वीआईपी ट्रीटमेंट दिया जा रहा था। इसके अलावा मोटी रकम लेकर उन्हें खास सुविधाएं दी जा रहीं थीं। यही नहीं वह बिना रोक-टोक मोबाइल पर बात कर रहे थे। मामले की जांच पूरी होने के बाद अफसरों ने इसकी रिपोर्ट शासन को भेज दी थी।इसके बाद डीजी जेल ने जेलर राकेश कुमार वर्मा और डिप्टी जेलर सुखवती देवी को निलंबित कर दिया।डीएम आर्यका अखौरी ने बताया कि जांच के बाद यह कार्रवाई की गई है।इसके अलावा जेल अधीक्षक अरुण प्रताप सिंह के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की सिफारिश की गई है।

### भारत-न्यूजीलैण्ड

करने को लेकर सहमति व्यक्त की, जिसका मुख्य उद्देश्य अनियमित प्रवास की चुनौती से निपटना है। बातचीत में मोदी ने 2019 में क्राइस्टचर्च में हुए आतंकवादी हमले और 26।11 मुंबई हमले का जिक्र करते हुए कहा कि किसी भी रूप में आतंकवाद अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा आतंकवादी हमलों के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्वाई जरूरी है। हम आतंकवादी, अलगाववादी और कट्टरपंथी तत्वों के खिलाफ मिलकर सहयोग करना जारी रखेंगे। मोदी ने कहा इस संदर्भ में, हमने न्यूजीलैंड में कुछ गैरकानूनी तत्वों द्वारा भारत विरोधी गतिविधियों के बारे में अपनी चिंता साझा की। हमें विश्वास है कि हमें इन सभी गैरकानूनी तत्वों के खिलाफ न्यूजीलैंड सरकार से सहयोग मिलता रहेगा। मोदी ने कहा कि दोनों पक्षों ने रक्षा एवं सुरक्षा साझेदारी को मजबूत एवं संस्थागत बनाने का निर्णय लिया है तथा रक्षा उद्योग क्षेत्र में सहयोग के लिए एक खाका तैयार किया जाएगा। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने और मोदी ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चुनौतीपूर्ण रणनीतिक दृष्टिकोण पर चर्चा की। लक्सन ने कहा मैंने समृद्ध हिंद-प्रशांत में योगदान देने के लिए अपने-अपने हितों पर साझा चिंताओं को दूर करने की हमारी मजबूत प्रतिबद्धता दोहराई। प्रस्तावित एफटीए पर मोदी ने कहा कि डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण और फार्मा जैसे क्षेत्रों में आपसी सहयोग और निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-न्यूजीलैंड रक्षा संबंधों पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा, हमने अपनी रक्षा और सुरक्षा साझेदारी को मजबूत और संस्थागत बनाने का निर्णय लिया है। संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण, बंदरगाह यात्राओं के साथ-साथ रक्षा उद्योग में भी आपसी सहयोग के लिए खाका बनाया जाएगा। दोनों पक्षों के बीच हस्ताक्षरित समझौतों में भारत के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) और न्यूजीलैंड की सीमा शुल्क सेवा के बीच पारस्परिक मान्यता समझौता भी शामिल है। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि रक्षा समझौता समग्र रक्षा संबंधों को और मजबूत करेगा। समुद्री सुरक्षा के संदर्भ में, न्यूजीलैंड ने भारत के संयुक्त समुद्री बलों से जुड़ने का स्वागत किया। मोदी और लक्सन दोनों ने न्यूजीलैंड की कमान टास्क फोर्स 150 के दौरान रक्षा संबंधों में प्रगति का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने वैश्विक चुनौतियों पर भी बात की। पश्चिम एशिया की स्थिति पर, मोदी और लक्सन ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए अपने दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि उन्होंने स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए वार्ता जारी रखने का अपना आह्वान दोहराया, जिसमें सभी बंधकों की रिहाई और गाजा में तेज, सुरक्षित और निर्बाध मानवीय पहुंच शामिल है।

### यूपी में एक

उत्तर प्रदेश पुलिस बल में 1947 से 2017 तक केवल दस हजार महिलाएं थीं। सिर्फ एक भर्ती अभियान में हमने 12 हजार से ज्यादा बेटियों को पुलिस बल में जोड़ा है। उन्होंने कहा कि उनके प्रशासन ने अब तक सात लाख से जयादा सरकारी नौकरियां दी हैं, जिसमें भाई-भतीजावाद या क्षेत्रीय पक्षपात का कोई आरोप नहीं है। उद्यमिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, योगी ने कहा कि यह सरकार आपकी कड़ी मेहनत को पहचानने और उसका समर्थन करने के लिए है। यह वंशवादी राजनीति के लिए नहीं है, जहां मुट्ठी भर लोग अपने लिए सत्ता लूटते हैं। युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हुए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा किव्यवसाय में, व्यक्ति में संतुष्टि की भावना होनी चाहिए, अनावश्यक लालच से बचना चाहिए और कड़ी मेहनत करने का जुनून होना चाहिए। जिस क्षेत्र में हम प्रवेश कर रहे हैं, उसके बारे में जानकारी होना और उस ज्ञान के आधार पर आगे बढ़ना यह सुनिश्चित करता है कि कोई समस्या नहीं होगी। केंद्र और उत्तर प्रदेश में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारों को लेकर योगी ने कहा कि जब डबल इंजन वाली सरकार काम करती है, तो जन कल्याण और राष्ट्रीय हित सर्वोच्च प्राथमिकताएं होती हैं। राज्य में परिवर्तन का जिक्र करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह वही उत्तर प्रदेश है, जहां 2017 से पहले कोई भी निवेश नहीं करना चाहता था, उद्यमी और व्यापारी भाग रहे थे, पूरे शहर वीरान हो गए थे और परिवार अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित थे। लड़कियों को सुरक्षित पढ़ाई के लिए छात्रावासों या रिश्तेदारों के पास रहना पड़ता था, किसानों को अपने ट्यूबवेल चोरी होने का सामना करना पड़ता था और लोग लगातार डर में रहते थे।

### लखनऊ : न्यायिक

के खिलाफ तत्काल कार्यवाही की जाये। वहीं एडवोकेट प्रोटेक्षन एक्ट लागू करने की पूरजोर मांग एक बार फिर से उठायी गयी है। दूसरी ओर सेंट्रल बार एवं लखनऊ बार ने भी संयुक्त बैठक कर उक्त घटना की घोर निंदा किया है और जिम्मेदार पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग किया है। तीनों बार एसोसियेषन के पदाधिकारी मंगलवार को फिर से बैठक आगे की रणनीति तय करेंगें। गौरतलब हो कि 14 मार्च को विभूतिखंड थाने के पुलिसकर्मियों ने अधिवक्ताओं के साथ कथित रूप से दुर्व्यवहार किया व उनके खिलाफ फर्जी एफआईआर भी लिख लिया।

### नागपुर में दो

सहयोग करें। हम कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि नागपुर के महाल इलाके में पथराव और तनावपूर्ण स्थिति के बाद पुलिस प्रशासन स्थिति को संभाल रहा है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपील की है कि नागरिक इस स्थिति में प्रशासन का पूरा सहयोग करें। हम लगातार पुलिस प्रशासन के संपर्क में हैं और नागरिकों को उनका सहयोग करना चाहिए। नागपुर एक शांतिपूर्ण और सहयोगी शहर है। यह नागपुर की स्थायी परंपरा रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपील की है कि किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें और प्रशासन को पूरा सहयोग दें।

केंद्रीय मंत्री और नागपुर के सांसद नितिन गडकरी ने कहा कि कुछ अफवाहों के कारण नागपुर में धार्मिक तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। शहर का इतिहास ऐसे मामलों में शांति बनाए रखने के लिए जाना जाता है। मैं अपने सभी भाइयों से आग्रह करता हूं कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर विश्वास न करें और शांति बनाए रखें। सड़कों पर न निकलें। कानून व्यवस्था में सहयोग करें। शांति और सद्भाव की परंपरा को बनाए रखें जिसके लिए नागपुर जाना जाता है। मैं आप सभी को आश्वस्त करता हूं कि सरकार उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगी जिन्होंने गलती की है या अवैध गतिविधियों में लिप्त हैं। मुख्यमंत्री को पहले ही इस स्थिति के बारे में सूचित किया जा चुका है, इसलिए मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि अफवाहों पर ध्यान न दें। कृपया पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, प्रेम बढ़ाएं और शहर में सकारात्मक माहौल बनाए रखें। यह मेरा आप सभी से विनम्र अनुरोध है।

### प्रेमी संग

को अमरोहा जिले के थाना हसनपुर के गांव बावनहेड़ी के जंगल में मकेन्द्र का शव पड़ा मिला। उसके गले और सिर पर चोट के निशान थे। उन्होंने कहा कि इस बीच पुलिस को जांच के दौरान मकेन्द्र की पत्नी पारुल और विनीत शर्मा के अवैध संबंधों के बारे में पता चला। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो पूरे हत्याकांड की साजिश का खुलासा हो गया। राम अर्ज ने बताया कि पारुल और विनीत ने पुलिस को बताया कि दोनों के संबंध का मकेन्द्र को पता चल गया था और उसने पत्नी के मोबाइल में दोनों के आपत्तिजनक फोटो भी देख लिए थे। इसे लेकर पति-पत्नी में झगड़े हो रहे थे। मकेन्द्र 13 मार्च को राजस्थान की अपनी नौकरी से घर आया था। उधर पारुल और विनीत ने उनके मिलने में बाधक बन रहे मकेन्द्र को रास्ते से हटाने को योजना बना ली थी।

### ड्रग्स फ्री

उत्तम सिंह भंडारी हैं। इस दोनों अवसरों पर आदर्श संस्था के अध्यक्ष हरीश कोठारी, अध्यक्ष वांडरर्स सिद्धार्थ वासन, ममता पांगती नागर, श्रीयाक्ष गौड, दिनेश नागर, हिमांशु रतूड़ी, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री विनायक नौटियाल, सारांश डोगरा, अभिषेक राणा, कार्तिक बुटोला, सागर ठाकुर, भावना सभरवाल आदि उपस्थित थे।

### भारत-अमेरिका

के बीच मौजूदा रक्षा संबंधों को प्रगाढ़ बनाने, खास तौर पर अत्याधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल व इससे जुड़ी प्रौद्योगिकी को साझा तौर पर विकसित करने के विषय पर गहन विमर्श हुआ। प्राप्त सूचनाओं के मुताबिक भारत ने रक्षा क्षेत्र में सहयोग को लेकर पूरी प्रतिबद्धता दिखाने के साथ ही बहुत ही साफगोई से अमेरिका में खालिस्तान समर्थक गतिविधियों का मुद्दा भी उठाया है। रक्षा मंत्री ने अमेरिकी प्रशासन से एक बार फिर कहा है कि वह भारत के खिलाफ साजिश करने वाले खालिस्तानी समर्थकों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करे। तुलसी गबार्ड के साथ बैठक के बाद रक्षा मंत्री सिंह ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि अमेरिका की नेशनल इंटेलीजेंस की निदेशक तुलसी गबार्ड के साथ मिलकर काफी खुशी हुई। हमने रक्षा व सूचना क्षेत्र में साझेदारी पर काफी गंभीर बात की ताकि भारत व अमेरिका के संबंधों को और मजबूत बनाया जा सके।

### अमृतसर : मन्दिर

कि आरोपियों ने पुलिस टीम पर पांच राउंड गोलीबारी की, जिसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। पुलिस आयुक्त ने बताया कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गुरसिदक सिंह घायल हो गया और बाद में उसने दम तोड़ दिया, जबकि विशाल भाग गया। उन्होंने बताया कि विशाल को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। गुरसिदक सिंह छीनाझपटी के दो मामलों में संलिप्त था और हाल ही में जेल से रिहा हुआ था। विशाल पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज है। पंजाब पुलिस के प्रमुख गौरव यादव ने कहा कि विशेष खुफिया सूचना के आधार पर कार्वाई करते हुए अमृतसर पुलिस ने मंदिर पर हमले के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगाया है। इससे पहले, पुलिस महानिदेशक यादव ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, पुलिस टीम ने राजा सांसी में संदिग्धों का पता लगाया।




## संक्षेप

### दिल्ली कैपिटल्स ने डुप्लेसी को बनाया उप कप्तान

नयी दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स ने 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल ) के लिए दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज फाफ डुप्लेसी को सोमवार को उप कप्तान नियुक्त किया। दिल्ली की टीम ने इससे पहले शुक्रवार को भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल को कप्तान नियुक्त किया था। डुप्लेसी ने फ्रेंचाइजी द्वारा यहां जारी किए गए वीडियो में कहा मैं बहुत उत्साहित हूं। दिल्ली की टीम शानदार है और खिलाड़ी बहुत अच्छे हैं। निश्चित तौर पर मैं खुश और तैयार हूं। यह 40 वर्षीय खिलाड़ी आईपीएल के पिछले तीन सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का कप्तान रहा। बेंगलुरु की टीम ने पिछले साल मेगा नीलामी से पहले उन्हें अपनी टीम में बरकरार नहीं रखा था। दिल्ली की टीम ने डुप्लेसी को नीलामी में दो करोड रुपए में खरीदा था।

### मैट रिचटमैन 31 वर्षों में लॉस एंजिलिस मैराथन जीते

लॉस एंजिलिस। मैट रिचटमैन ने 40वीं वार्षिक लॉस एंजिलिस मैराथन जीती और इस तरह से पिछले 31 साल में यह खिताब जीतने वाले पहले अमेरिकी धावक बन गये। उन्होंने दो घंटे, सात मिनट, 56 सेकंड का समय लेकर अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनसे पहले यह मैराथन जीतने वाले आखिरी अमेरिकी धावक पॉल पिलकिंग्टन थे जिन्होंने 1994 में यह कारनामा किया था। कीनिया के अथानास किओको 2:10.55 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। कीनिया के ही मोसेस कुर्गट ने 2:13.13 का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। महिलाओं की दौड़ में इथियोपिया की तेजिनेश तुलु ने 2:30.16 का समय लेकर खिताब अपने नाम किया। कीनिया की एंटोनिना क्ामबई 2:30.19 के समय के साथ दूसरे जबकि ओरेम, यूटा की सवाना बेरी 2:30.31 का समय लेकर तीसरे स्थान पर रहीं।

### मीरा एंड्रीवा और जैक ड्रेपर बने इंडियन वेल्स में चैंपियन

इंडियन वेल्स ( अमेरिका )। रूस की किशोरी मीरा एंड्रीवा ने अपना स्वप्निल प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को 2-6, 6-4, 6-3 से हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। इस 17 वर्षीय खिलाड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी की और 1999 में सेरेना विलियम्स के बाद टूर्नामेंट की सबसे कम उम्र की चैंपियन बन गई। पुरुष वर्ग के फाइनल में 13वीं वरीयता प्राप्त ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने डेनमार्क के 12वीं वरीयता प्राप्त होल्गर रून को 6-2, 6-2 से हराकर अपनी पहली मास्टर्स 1000 चैंपियनशिप जीती। ड्रेपर 23 वर्ष के हैं और इस जीत से वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। उन्होंने शनिवार को सेमीफाइनल में दो बार के गत चैंपियन कार्लोस अलकराज को हराया था। एंड्रीवा भी इस जीत से महिला रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गई है। यह उनका वर्तमान सत्र में दूसरा मास्टर्स 1000 खिताब है। इससे पहले वह दुबई मास्टर्स में चैंपियन बनी थी। उन्होंने मैच के बाद कहा मैंने खुद पर भरोसा रखना और कभी हार नहीं मानने के जज्बे के लिए खुद का आभार व्यक्त करती हूं। अपना आत्मविश्वास और जज्बा बनाए रखना वास्तव में मुश्किल था इसलिए मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास किया। इसलिए मैं खुद को धन्यवाद देना चाहूंगी क्योंकि मैंने भी इस जीत में थोड़ी भूमिका निभाई।

### आईपीएल कैप्टंस मीट 20 को, मुंबई में

मुंबई। आईपीएल-2025 की शुरूआत 22 मार्च से होगी। फाइनल मुकाबला 25 मई को कोलकाता में खेला जाएगा। इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल ) की सभी टीमों के कप्तान 20 मार्च को प्री-सीजन मीटिंग के लिए मुंबई में इक्कठा होंगे। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, यह मीटिंग दोपहर में बीसीसीआई के हेड क्वार्टर में होगी। इस कार्यक्रममें कप्तानों के अलावा सभी 10 फ्रैंचाइजी के मैनेजर को भी आमंत्रित किया गया है। बीसीसीआई और आईपीएल मैनेजमेंट ने सभी फ्रैंचाइजी को एक ईमेल भेजा है।

# इंडियन मास्टर्स ने जीता खिताब

## फाइनल में सचिन तेंदुलकर की टीम ने वेस्टइंडीज को 6 विकेट से हराया

एजेंसी




रायपुर। इंटरनेशनल मास्टर्स लीग का फाइनल मुकाबला छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में खेला गया। जहां बेहद रोमांचक मुकाबले में मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर की टीम इंडियन मास्टर्स ने वेस्टइंडीज मास्टर्स को 6 विकेट से हराकर इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2025 का खिताब अपने नाम किया। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। वेस्टइंडीज मास्टर्स ने 20 ओवरों में 148 रनों का स्कोर खड़ा कर दिया। वहीं सचिन तेंदुलकर की कप्तानी वाली इंडियन मास्टर्स ने 18वें ओवर की पहली बॉल पर ही जीत हासिल कर ली।


इंडियन मास्टर्स की जीत की हीरो अंबाती रायुडू रहे, जिन्होंने 50 गेंद पर 74 रन की धमाकेदार पारी खेली। वहीं बॉलिंग की बात की जाए तो भारत की तरफ से विनय कुमार और शाहबाज नदीम ने बेहद घातक गेंदबाजी की। विनय कुमार ने जहां तीन विकेट चटकाए वहीं शाहबाज नदीम ने 4 ओवरों में सिर्फ 12 रन देकर 2 विकेट लिए। वहीं वेस्टइंडीज मास्टर्स की तरफ से ड्वेन स्मिथ ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 45 रन बनाए, जबकि वेस्टइंडीज के कप्तान ब्रायन लारा और विलियम्स पर्किन्स महज 6-6 रन बना कर पवेलियन वापस लौट गए। इंटरनेशनल मास्टर्स लीग का आयोजन पहली बार किया गया है. जिसमें इंडिया मास्टर्स, ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स , इंग्लैंड मास्टर्स, वेस्टइंडीज मास्टर्स, साउथअफ्रीका मास्टर्स और श्रीलंका मास्टर्स की टीमों ने हिस्सा लिया था। इंडिया मास्टर्स की कमान क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर के हाथों में थी. और पहले की सीजन में इंडिया मास्टर्स ने खिताब अपने नाम कर इतिहास रच दिया। इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 8 मार्च से शुरू हुई थी। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हुए इस टूनार्मेंट में दुनिया के बेहतरीन क्रिकेट खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

**पंजाब किंग्स से देर से जुड़ेंगे अफगानिस्तान के ऑलराउंडर उमरजई**

नयी दिल्ली। अफगानिस्तान के ऑलराउंडर अजामतुल्लाह उमरजई व्यक्तिगत कारणों से 22 मार्च से शुरू होने इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल ) की अपनी टीम पंजाब किंग्स से देर से जुड़ पाएंगे।

पंजाब किंग्स के विदेशी खिलाड़ी सोमवार से आ रहे हैं लेकिन आईसीसी वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर उमरजई 20 मई को ही टीम से जुड़ पाएंगे। पंजाब किंग्स की टीम सत्र का अपना पहला मैच 25 मार्च को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलेगी। आईपीएल के एक सूत्र ने कहा उमरजई के घर में कुछ समस्या है। वह 20 मई तक भारत में रहेंगे। टीम के अन्य विदेशी खिलाड़ी आज से पहुंचना शुरू हो गए हैं। इस बीच चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ कासी विश्वनाथन ने सोमवार को कहा कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज नाथन एलिस एकमात्र विदेशी खिलाड़ी हैं जो अभी तक टीम से नहीं जुड़े हैं। उन्होंने कहा रचिन रवींद्र और डेवोन कॉनवे सहित अन्य सभी यहां पहुंच गए हैं। नाथन जल्द ही टीम में शामिल होंगे।

# कुछ महीनों में समय का पहिया 360 डिग्री घूम गया : हार्दिक



नयी दिल्ली। भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में उनके लिए समय का पहिया पूरी तरह से 360 डिग्री घूम गया लेकिन वह मुश्किल परिस्थितियों में हार नहीं मानने के अपने जज्बे के कारण मैदान पर डटे रहे। पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल ) में रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद हार्दिक को दर्शकों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। लेकिन इसके बाद उन्होंने भारत की टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आईपीएल के अगले सत्र की तैयारी में जुड़े इस ऑलराउंडर को उम्मीद है कि इस बार उन्हें मुंबई इंडियंस के प्रशंसकों का प्यार मिलेगा। हार्दिक ने 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के अगले सत्र से पहले जिओ हॉटस्टार से कहा मैं कभी हार नहीं मानता।

मेरे करियर में कुछ ऐसे दौर भी आए जब मेरा ध्यान जीतने के बजाय खेल में बने रहने पर लगा था। उन्होंने कहा मुझे एहसास हुआ कि मेरे साथ जो कुछ भी हो रहा है क्रिकेट हमेशा मेरा सच्चा दोस्त बना रहेगा। मैंने खुद का समर्थन किया और जब मेरी कड़ी मेहनत रंग लाई तो यह उससे भी ज्यादा था जितना मैंने सोचा था। हार्दिक ने कहा इस छह महीने के समय में हमने विश्व कप जीता और स्वदेश लौटने पर जो प्यार और समर्थन मुझे मिला उससे मैं अभीभूत था। मेरे लिए समय का पहिया पूरी तरह से 360 डिग्री घूम गया था। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को पूरा विश्वास था कि अगर वह पूरे लगन से अपना काम करते रहे तो मजबूत होकर वापसी करेंगे। उन्होंने कहा मुझे बिल्कुल नहीं पता था कि ऐसा कब होगा, लेकिन जैसा कि कहा जाता है, नियति की अपनी योजना थी और मेरे मामले में, ढाई महीने के भीतर सब कुछ बदल गया। पंड्या ने हाल ही में भारत के चैंपियंस ट्रॉफी के विजय अभियान में जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में मोहम्मद शमी के साथ नई गेंद से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह पिछले साल अमेरिका में भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम का भी हिस्सा थे। मुंबई इंडियंस की टीम आईपीएल के पिछले सत्र में अंतिम स्थान पर रही थी लेकिन हार्दिक का मानना है कि उनकी टीम इस बार काफी संतुलित है और वह चीजों को बदलने में सक्षम होगी। उन्होंने कहा मैं लगभग 11 वर्ष से आईपीएल खेल रहा है तथा प्रत्येक सत्र आपके अंदर एक नई ऊर्जा और सकारात्मक भाव पैदा करता है। पिछला सत्र निश्चित तौर पर एक टीम के रूप में हमारे लिए चुनौती पूर्ण था लेकिन इससे हमें काफी अच्छी सीख मिली। हार्दिक ने कहा हमने इन सीख का विश्लेषण किया और 2025 के लिए अपनी टीम तैयार करते समय इन्हें लागू किया। इस बार हमारे पास काफी अनुभवी टीम है। हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने शीर्ष स्तर पर क्रिकेट खेली है और यह उत्साह जनक है।

**हम कई क्षेत्रों में कर रहे गलतियां : इंजमाम**

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक ने देश में क्रिकेट के पतन पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके लिए इस खेल को संचालित कर रहे लोगों की कई क्षेत्रों में की गई गलतियों को जिम्मेदार ठहराया।

# प्रिशा गोल्ड टूर्नामेंट में प्रिशा क्लब की एकतरफा जीत

खेल संवाददाता




लखनऊ। सीएसडी सहारा मैदान में प्रिशा गोल्ड टी-20 क्रिकेट टूनामेंट में केविजीएन और नाइट्स एकादश के बीच खेले गए प्रथम मैच में टॉस जीतकर केविजीएन ने पहले बल्लेबाजी का चुनाव किया, किंतु नाइट्स की तेज धार गेंदबाजी के आगे पूरी टीम बेबस दिखी और 19 ओवर में 105 रनों के योग पर अपने सारे विकेट गवां बैठी। केविजीएन टीम के अर्पित सचदेव 28, निर्मल 17 ही दहाई पार कर पाए, नाइट्स एकादश के निरुपम ने 3, आकाश 2 तथा आर पी सिंह ने 4 विकेट प्राप्त किए।

इस आसान से लक्ष्य का पीछा मात्र 10 ओवरों में कर के नाइट्स एकादश ने 8 विकेटों से जीत दर्ज करी। विजय राज 50, श्रेयांश 23, आकाश त्रिपाठी ने 19 रन बनाए। आज का दूसरा मुकाबला प्रिशा क्लब और जीसीटी के मध्य खेला गया, प्रिशा क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया, और अपने आतिशी बल्लेबाज ऋषभ पांडेय के मात्र 49 गेंदों पर 8 चौकों, 11 छक्कों की मदद से बनाए गए 118 रनों तथा रवि तेजा 59, अनुराग 26 रनों से 236 रनों का विशाल स्कोर बनाया। लक्ष्य कां पीछा करने उतरी जीसीटी टीम से विराट यदुवंशी 31, सुरेश जोशी 21 ने ही कुछ संघर्ष किया बाकी टीम ताश के पत्तों की तरह ढह कर 16 ओवरों में 134 रनों पर सिमट गई। प्रिशा क्लब ने अपने अनुभवी गेंदबाज शारीक की अगुआई में ,जिनका साथ विमलेश, जैद और संजय शुक्ल ने दिया, 2- 2 विकेट हासिल कर, 102 रनों के भारी अंतर से जीत हासिल कर ली। नाइट्स एकादश से आर पी सिंह तथा प्रिशा क्लब की तरफ से ऋषभ पांडेय को आज के प्लेयर्स ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम का अभ्यास शिविर शुरू

एजेंसी



बेंगलुरु। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोर ग्रुप में शामिल 36 खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय शिविर सोमवार को यहां भारतीय खेल प्राधिकरण ( साइ ) परिसर में शुरू हो गया और मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि इसमें टीम के हाल के प्रदर्शन का विश्लेषण किया जाएगा। शिविर का समापन 28 मार्च को होगा। हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में फुल्टन ने कहा, खिलाड़ियों के लिए यह सत्र बेहद व्यस्त रहा और उन्हें लगातार प्रतियोगिताओं में कड़े मैच खेलने पड़े। इस शिविर में टीम के हाल के प्रदर्शन का विश्लेषण करने के अलावा फिटनेस और अनुकूलन पर ध्यान दिया जाएगा।

उन्होंने कहा हमारा प्रयास अब यूरोप में प्रो लीग के अगले चरण के मैचों के लिए तैयारी करना होगा और मुझे यह देखने में भी दिलचस्पी होगी कि कुछ नई प्रतिभाएं अपेक्षाओं पर कैसे खरा उतरती हैं। अगले सप्ताह शादी करने वाले स्ट्राइकर मनदीप सिंह को शिविर से छूट दे दी गई है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 में भारतीय टीम ने घरेलू मैदान पर खेले गए आठ मैचों में से पांच में जीत से प्रभावित किया। भारतीय टीम वर्तमान में प्रो लीग तालिका में 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। इंग्लैंड और बेल्जियम 16 अंकों के साथ क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर हैं।

**बेकहम, एसो और रोजित ने साइक्लिंग नेशंस कप में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया**

नयी दिल्ली। डेविड बेकहम, एसो अल्बान और रोजित सिंह की भारतीय तिकड़ी ने तुर्की के कोन्या में यूसीआई ट्रैक साइक्लिंग नेशंस कप में पुरुष टीम स्प्रिंट स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

भारतीय टीम ने 14 से 16 मार्च तक आयोजित इस प्रतियोगिता में 44.187 सेकेंड का समय निकाला। उन्होंने पिछले साल एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप में बनाए गए 44.451 सेकेंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया।

# बीएफआई चुनाव: अजय सिंह को कलिता और भंडारी से मिलेगी चुनौती

नयी दिल्ली। लगातार तीसरी बार अध्यक्ष बनने की कवायद में लगे भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ( बीएफआई ) के मौजूदा प्रमुख अजय सिंह को इस खेल महासंघ के 28 मार्च को होने वाले बहु प्रतीक्षित चुनाव में महासचिव हेमंत कलिता और उपाध्यक्ष राजेश भंडारी की चुनौती का सामना करना होगा। अजय सिंह स्पाइसजेट एयरलाइंस के अध्यक्ष भी हैं और उनके नाम का प्रस्ताव उत्तराखंड मुक्केबाजी संघ ने किया। अध्यक्ष पद के लिए उनका मुकाबला असम मुक्केबाजी संघ के सचिव कलिता और हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष भंडारी से होगा। भंडारी ने उत्तर क्षेत्र के उपाध्यक्ष पद के लिए भी आवेदन किया है, जो वर्तमान में उनके पास है। केरल राज्य मुक्केबाजी संघ के सचिव डी चंद्रलाल अध्यक्ष पद के चौथे दावेदार हैं। चुनाव गुरुग्राम में बीएफआई की वार्षिक आम बैठक के दौरान होगा। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 16 मार्च थी। पूर्व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के भी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ने की उम्मीद थी और हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ ने अपने प्रतिनिधि के रूप में उनका नाम भेजा था। लेकिन उनका नाम उस मतदाता सूची में नहीं था जिसे अजय सिंह ने अंतिम रूप दिया था। कलिता ने हालांकि उन्हें एक अलग सूची में शामिल किया था लेकिन चुनाव अधिकारी आर के गौबा ने स्थापित मानदंडों का पालन करते हुए बीएफआई प्रमुख द्वारा दी गई सूची को मंजूरी दे दी। सिंह ने कहा था कि ठाकुर हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए अयोग्य हैं। ठाकुर के गुट ने उस फैसले के खिलाफ कानूनी कार्वाई करने से इनकार नहीं किया है। सचिव पद के लिए कई उम्मीदवार मैदान में उतरे हैं।

# स्विस ओपन में सिंधू और लक्ष्य को दोबारा फॉर्म की उम्मीद

एजेंसी




बासेल। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन यहां मंगलवार से शुरू हो रहे 250000 डॉलर ईनामी राशि के स्विस ओपन टूर्नामेंट में खोया फॉर्म हासिल करने की कोशिश करेंगे। सातवीं वरीयता प्राप्त दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू का सामना भारत की दूसरे नंबर की खिलाड़ी मालविका बंसोड़ से होगा।

वहीं लक्ष्य भी भारत के ही एच एस प्रणय से खेलेंगे जो यहां 2016 में खिताब जीत चुके हैं। तीन साल पहले यहां खिताब जीत चुकी सिंधू आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में पिछले सप्ताह पहले ही दौर में हार गई थी। मालविका ने हालांकि सिंगापुर की यिओ जिया मिन को हराया था। लक्ष्य आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जबकि प्रणय पहले दौर में बाहर हो गए थे। स्विस ओपन में भारतीयों का रिकॉर्ड अच्छा रहा है और सिंधू, के श्रीकांत, प्रणय, समीर वर्मा, साइना नेहवाल, पुरूष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी यहां खिताब जीत चुके हैं। लक्ष्य और प्रणय का यह पेरिस ओलंपिक के बाद एक दूसरे से पहला मुकाबला होगा। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे लक्ष्य ने पिछले सप्ताह इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को हराया था जबकि चिकनगुनिया से उबरकर वापसी करने के बाद प्रणय शुरूआती दौर से ही बाहर हुए हैं। महिला एकल में आकर्षि कश्यप और अनुपमा उपाध्याय भी खेलेंगी। कश्यप का सामना क्वालीफायर से तो अपराजिता की टक्कर डेनमार्क की लाइन होमार्क के से होगा। रक्षिता श्री संतोष रामराज पहले दौर में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसेन से खेलेंगी।

पुरूष एकल में किरण जॉर्ज का सामना डेनमार्क के रास्मस गेमके से होगा जबकि प्रियांशु राजावत स्विटजरलैंड के टोबियास कुएंजी से खेलेंगे। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की टक्कर एलाइन म्यूलर और केली वान बुइटेन से होगी। वहीं प्रिया के और श्रुति मिश्रा तथा आरती साहा और वर्षिणी विश्वनाथ की जोड़ी भी इस वर्ग में खेलेगी।

# न्यूकासल ने इंग्लिश लीग कप जीता




एजेंसी

लंदन। न्यूकासल ने लिवरपूल को 2-1 से हराकर इंग्लिश लीग कप जीता और इस तरह से किसी घरेलू टूर्नामेंट को जीतने का 70 साल से चला आ रहा इंतजार खत्म किया। डैन बर्न और एलेक्जेंडर इसाक ने रविवार को वेम्बली में खेले गए फाइनल में न्यूकासल की तरफ से गोल करके उसकी जीत पक्की की। लिवरपूल के स्थानापन्न फेडेरिको चियासा ने इंजरी टाइम में गोल किया लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए।

न्यूकासल के कप्तान ब्रूनो गुइमारेस ने कहा 70 साल बाद अब हम कह सकते हैं कि हम फिर से चैंपियन हैं। यह मेरे जीवन के सबसे अच्छे दिनों में से एक है। इससे पहले न्यूकासल की आखिरी प्रमुख घरेलू ट्रॉफी 1955 में एफए कप थी। उसने 1969 में इंटर-सिटीज़ फेयर्स कप जीता था। यह टूर्नामेंट अब बंद हो चुका है।

> घरेलू टूर्नामेंट जीतने का 70 साल का इंतजार खत्म किया

**बार्सिलोना ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-2 से हराया**

मैड्रिड। बार्सिलोना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके एटलेटिको मैड्रिड को 4-2 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया। एटलेटिको 72 मिनट तक दो गोल से आगे था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया।

बार्सिलोना ने इसके बाद चार गोल किए। इनमें से दो गोल उसने इंजरी टाइम में किए। इस जीत से बार्सिलोना के 27 मैच में 60 अंक हो गए हैं। रियाल मैड्रिड के 28 मैच में 60 अंक है और गोल अंतर के कारण वह दूसरे स्थान पर है। एटलेटिको यह मैच हारने के कारण तीसरे स्थान पर बना हुआ है। उसके 28 मैच में 56 अंक हैं।

**प्रधानमंत्री मोदी से प्रशंसा सुनकर आहलादित है मध्यप्रदेश का मिनी ब्राजील गांव**

शहडोल। अपने फुटबॉल प्रेम के लिये मिनी ब्राजील के नाम से मशहूर मध्यप्रदेश के विचारपुर गांव के लोग फिर सुर्खियों में आ गए जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन से बातचीत में इस गांव का जिक्र किया। पॉडकास्ट रविवार को प्रसारित किया गया था। मोदी ने 2023 की शुरूआत में मध्यप्रदेश की यात्रा के दौरान शहडोल जिले के विचारपुर गांव के कुछ खिलाड़ियों से मुलाकात की थी। उन्होंने उस वर्ष जुलाई में मन की बात रेडियो कार्यक्रम में भी इसका जिक्र किया था। प्रधानमंत्री ने कोच और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रईस अहमद के बारे में बात की जिनकी ट्रेनिंग और तकनीक के सहयोग से गांव से खिलाड़ी निकल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि कैसे अहमद की कोचिंग से गांव से शीर्ष स्तर के फुटबॉलर निकल रहे हैं जबकि एक समय यह गांव नशे और शराब की लत के लिये बदनाम था। प्रधानमंत्री द्वारा पॉडकास्ट में जिक्र किये जाने से आहलादित अहमद ने कहा कि गांव वालों में फुटबॉल को लेकर जुनून हमेशा से था लेकिन पहले संसाधन नहीं थे। उन्होंने कहा मैने 2002 में विचारपुर गांव में फुटबॉल कोचिंग शुरू की। मैने पहले लडकों की और फिर लड़कियों की टीम बनाई।


कुछ समय बाद हालात यह थे कि हर घर से बच्चा फुटबॉल खेल रहा था। लड़कियां स्कूल और राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट खेल रही थीं और इस गांव को मिनी ब्राजील कहा जाने लगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि गांव की लक्ष्मी साहिस नौ राष्ट्रीय स्पर्धायें खेल चुकी है जबकि उसका भाई सीताराम साहिस और बहन धनवंतरी साहिस राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट खेल चुके हैं। इनके अलावा अनिल सिंह गौर, ओम प्रकाश कोल, राकेश कोल, नरेश कुंडे, इंद्रजीत, हनुमान सिंह, भीम सिंह, यशोदा सिंह, रेणु सिंह जैसे कई खिलाड़ी यहां से निकले हैं। कोच ने कहा तत्कालीन डिविजिनल कमिश्नर राजीव शर्मा ने 26 सितंबर 2021 को इस फुटबॉल क्रांति की शुरूआत की।

# धनखड़ ने की राज्यसभा की कार्यवाही की अध्यक्षता

## एम्स में इलाज के दौरान सोनिया, ममता सहित कई नेताओं ने कुशल-क्षेम जाना: धनखड़

नयी दिल्ली। हृदय संबंधी बीमारियों के कारण नौ मार्च को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती किए जाने के बाद कांग्रेस की सोनिया गांधी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित कई नेताओं ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए उनके परिवार से संपर्क किया था। धनखड़ ने सोमवार को राज्यसभा में स्वयं यह खुलासा किया।

स्वास्थ्य में सुधार के बाद उन्होंने सोमवार को पहली बार बजट सत्र के दूसरे चरण में सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि विभिन्न दलों के नेताओं की ओर से व्यक्त की गई चिंताओं से वह बेहद अभिभूत हैं और इसी ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में योगदान दिया। उन्होंने कहा कि सदन के नेता (जगत प्रकाश नड्डा) और विपक्ष के नेता (मल्लिकार्जुन खरगे) मेरे परिवार से संपर्क करने वाले पहले व्यक्ति थे। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने मेरी पत्नी से संपर्क किया। धनखड़ ने जब इस बात का जिक्र किया तब सोनिया गांधी सदन में मौजूद थीं। धनखड़ को



हृदय संबंधी बीमारियों के बाद नौ मार्च को राष्ट्रीय राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया था। उन्हें 12 मार्च को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी और पर्याप्त आराम करने की सलाह दी गई थी। धनखड़ ने राज्यसभा में सोमवार को कहा कि उनके स्वास्थ्य को लेकर सदस्यों की ओर से जताई गई चिंता उनके लिए एक बोध है कि जब इस तरह की स्थिति आती है, तो हमारे दिल जुड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए प्रेरणा और ज्ञान का स्रोत होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य लोगों ने अस्पताल में उनसे मुलकात की और कुशल-क्षेम जाना। सभापति ने कहा कि कई अन्य लोग भी अस्पताल आना चाहते थे लेकिन प्रतिबंधों के कारण संभव नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि मैं (उन सभी के प्रति) अपना आभार व्यक्त करता हूं। धनखड़ ने कहा कि शायद ही कोई ऐसा था जिसने उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता नहीं दिखाई हो। सभापति ने कहा कि उन्होंने जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए जब तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन को फोन किया तो तृणमूल नेता ने उन्हें आराम करने की सलाह दी। धनखड़ ने कहा कि आप चुप रहिए, पहले आराम कीजिए। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद सोमवार को पहला दिन था जब धनखड़ ने राज्यसभा की कार्यवाही की अध्यक्षता की। इससे पहले, सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री नड्डा ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने पर बधाई दी और फिर से उच्च सदन की अध्यक्षता शुरु करने के लिए आभार जताया। उन्होंने धनखड़ के अच्छे स्वास्थ्य और लंबे जीवन की कामना की। खरगे ने भी कुछ इसी तरह की भावनाएं व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उन्हें लगा था कि राज्यसभा के सभापति अगले चार-छह दिनों तक सदन की कार्यवाही में भाग नहीं लेंगे। खरगे ने कहा कि धनखड़ के काम के प्रति उत्साह और समर्पण को देखना तथा इतनी जल्दी सभा का संचालन करना उनके लिए सुखद आश्चर्य का विषय है।

# मंत्री सदन में जो भी आश्वासन देते हैं सरकार उसे गंभीरता से लेती है

नयी दिल्ली। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सोमवार को राज्यसभा को आश्वस्त किया कि सरकार संसद के दोनों सदनों में मंत्रियों द्वारा दिए गए सभी आश्वासनों को गंभीरता से लेती है क्योंकि यह लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण है। प्रश्नकाल के दौरान उच्च सदन में पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, हम संसदीय लोकतंत्र के महत्व को समझते हैं। अगर संसद सदस्य सवाल पूछते हैं और सरकार जवाब देती है, तो यह सबसे महत्वपूर्ण है कि आश्वासन पूरा किया जाए।



इन आश्वासनों को तीन माह में पूरा करना होता है। उन्होंने कहा कि अगर वे (आश्वासन) पूरे नहीं होते हैं, तो यह संसदीय लोकतंत्र पर एक धब्बा होगा। रीजीजू ने कहा कि संसद का नियम है कि सरकार द्वारा दिए गए आश्वासनों को तीन महीने के भीतर पूरा किया जाना चाहिए और विस्तार के लिए भी प्रक्रियाएं हैं। उन्होंने कहा कि हम संसद में सरकार द्वारा दिए गए सभी आश्वासनों को गंभीरता से लेते हैं। संसद के पटल पर दिए गए आश्वासनों को पूरा करने में कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए। यह हमारी जिम्मेदारी है। रीजीजू ने कहा कि उन्होंने हाल ही में सरकार के सभी मंत्रियों को पत्र लिखकर आश्वासनों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने को कहा है। उन्होंने कहा कि सांसदों द्वारा लिखे गए पत्रों का जवाब भी एक महीने के भीतर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आश्वासन निगरानी प्रणाली (ओएएमएस) ने आश्वासनों को पूरा करने में मदद की है। संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री एल मुरुगन ने सदन को बताया कि 99 प्रतिशत आश्वासनों को लागू किया जा चुका है। मुरुगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर नौ अक्टूबर 2018 को ऑनलाइन आश्वसन निगरानी प्रणाली शुरू की गई। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली निगरानी करती है कि कितने आश्वासन दिए गए और कितनों को पूरा किया गया। यह प्रणाली प्रमुख विशेषताओं और तंत्रों को एकीकृत करके जवाबदेही, पारदर्शिता और दक्षता को बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि ओएएमएस एक एकल डिजिटल संग्रह प्रदान करता है, जहां सभी आश्वासनों को रिकॉर्ड किया जाता है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होती है और आश्वासनों को समय पर पूरा करने के लिए प्रतिबद्धताओं का ट्रैक खोने का जोखिम समाप्त होता है।

## आईबीसी के तहत 10 लाख करोड़ के 28,818 दिवाला आवेदनों का निपटारा किया गया: सरकार

नयी दिल्ली। कॉरपोरेट मामलों के केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत पिछले नौ वर्षों में करीब 40,943 आवेदन दाखिल किए गए, जिनमें से 10 लाख करोड़ रुपये की राशि वाले 28,818 आवेदनों का निपटारा उन्हें स्वीकृत किये जाने से पहले ही कर दिया गया। उन्होंने प्रश्नकाल में यह भी कहा कि 2016 में आईबीसी की शुरुआत किये जाने से भारत को काफी लाभ हुआ।

संक्षेप

## विदेश मंत्रालय के बजट में पर्याप्त वृद्धि की जरूरत: संसदीय समिति

नयी दिल्ली। संसद की एक समिति ने कहा है कि विदेश मंत्रालय को मौजूदा बजट आवंटन भारत की विदेश नीति प्राथमिकताओं और अंतरराष्ट्रीय स्तर का पर्याप्त समर्थन नहीं करता और इसमें पर्याप्त वृद्धि की जरूरत है ताकि भारत अपने कूटनीतिक और विकास उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से पूरा कर सके और विश्व मंच पर अपने बढ़ते प्रभाव को बनाए रख सके। समिति ने कहा कि बजट अनुमान (बीई) 2025-26 में 20,516.61 करोड़ रुपये के आवंटन में बीई 2024-25 से 7.39 प्रतिशत की कमी और 2024-25 के संशोधित अनुमान (आरई) की तुलना में 18.83 प्रतिशत की कमी आई है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता वाली समिति की अनुदान मांगों (2025-26) पर विदेश मामलें की समिति (2024-25) की पांचवीं रिपोर्ट सोमवार को संसद में पेश की गई। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विदेश मंत्रालय के बजटीय आवंटन की विस्तृत जांच करने पर, समिति ने निराशापूर्ण तरीके से पाया कि भारत की बढ़ती वैश्विक छवि और विस्तारित कूटनीतिक एवं विकास जिम्मेदारियों के बावजूद, मंत्रालय का आवंटन भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका की तुलना में अनुपातहीन रूप से कम है।

# भारतीय रेलवे की वित्तीय स्थिति अच्छी : वैष्णव

नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि भारतीय रेलवे की वित्तीय स्थिति अच्छी है और इसमें लगातार सुधार के प्रयास जारी हैं।

रेल मंत्रालय के कामकाज पर उच्च सदन में हुयी चर्चा का जवाब देते हुए वैष्णव ने कहा कि रेलवे ने कोविड महामारी से जुड़ी चुनौतियों पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया है और यात्रियों की संख्या बढ़ रही है और यात्री तथा माल यातायात दोनों में वृद्धि देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि 2023-24 के दौरान, भारतीय रेलवे ने 2,75,000 करोड़ रुपये के खर्च के मुकाबले लगभग 2,78,000 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया। उन्होंने कहा कि खर्च के प्रमुख घटकों में कर्मचारी लागत (1,16,000 करोड़ रुपये), पेंशन भुगतान (66,000 करोड़ रुपये), ऊर्जा व्यय (32,000 करोड़ रुपये) और वित्तपोषण लागत (25,000 करोड़ रुपये) शामिल हैं। वैष्णव ने कहा कि अच्छे प्रदर्शन के कारण रेलवे अपने खर्चों को अपनी आय से पूरा कर रहा है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर, रेलवे की वित्तीय स्थिति अच्छी है और इसे लगातार सुधारने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रेलवे माल ढुलाई से



राजस्व अर्जित करते हुए यात्री किराए में सब्सिडी देता है। उन्होंने कहा कि प्रति किलोमीटर वास्तविक लागत 1.38 रुपये है जबकि यात्रियों से 72 पैसे ही लिए जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप 2023-24 के लिए कुल यात्री सब्सिडी करीब 57,000 करोड़ रुपये होगी। वैष्णव ने कहा कि पड़ोसी देशों की तुलना में भारतीय रेल किराया सबसे कम है। उन्होंने कहा कि अगर 350 किलोमीटर की यात्रा को देखें, तो भारत में सामान्य श्रेणी का किराया 121 रुपये है, पाकिस्तान में 400 रुपये, श्रीलंका में 413 रुपये।

# रूस के आक्रमण के तीन साल बाद भी वैश्विक ऑनलाइन सेना यूक्रेन के लिए लड़ रही

सिडनी। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के तीन साल से अधिक समय बाद दोनों युद्धरत देशों के बीच 30 दिन के युद्ध-विराम की संभावनाएं बनती दिख रही हैं, लेकिन न्यायपूर्ण और स्थायी शांति प्राप्त करने की दिशा में अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। रूस-यक्रेन युद्ध मानव इतिहास के सबसे घातक, विश्लेषित और प्रलेखित युद्धों में से एक है। 24 फरवरी 2022 की रात से लाखों यूक्रेनी नागरिकों, सैन्य कर्मियों, पत्रकारों, अधिकारियों और नागरिक समाज के सदस्यों ने युद्ध पर प्रत्यक्षदर्शी विवरण,



अपडेट, टिप्पणियां और राय साझा की हैं। दुनियाभर में कई ऑनलाइन समूह भी रूसी दुष्प्रचार का मुकाबला करने और यूक्रेन में जो कुछ हो रहा है, उसके बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सक्रिय हो गए हैं। हम पिछले तीन वर्षों से इन समुदायों पर अध्ययन कर रहे हैं, सदस्यों के साथ घंटों साक्षात्कार कर रहे हैं और सोशल मीडिया पर उनकी गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। इस शोध को पूरा करने और सदस्यों से जुड़ने के लिए हमें इनमें से कुछ समूहों में शामिल होना पड़ा-जो साइबर संसार में अध्ययन करने वाले शोधकर्ताओं के लिए एक सामान्य आवश्यकता है। हमारा काम रूस के खिलाफ ऑनलाइन लड़ाई में कार्यकर्ताओं द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले कौशल और रणनीतियों पर प्रकाश डालता है।

## बैंकों ने पिछले 10 वर्षों में 16.35 लाख करोड़ रुपये के चुकता नहीं किये गये ऋण बट्टे खाते में डाले

नयी दिल्ली। सरकार ने सोमवार को संसद में बताया कि बैंकों ने पिछले 10 वित्तीय वर्षों में लगभग 16.35 लाख करोड़ रुपये की गैर-निष्पादित संपत्तियों (एनपीए) या नहीं चुकाये गए ऋणों को बट्टे खाते में डाल दिया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान सबसे अधिक 2,36,265 करोड़ रुपये के एनपीए बट्टे खाते में डाले गए, जबकि 2014-15 में 58,786 करोड़ रुपये के एनपीए बट्टे खाते में डाले गए, जो पिछले 10 वर्षों में सबसे कम है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 के दौरान, बैंकों ने l,70,270 करोड़ रुपये के चुकता नहीं किये गए ज णों को बट्टे खाते में डाल दिया, जो इसके पूर्ववर्ती वित्त वर्ष के 2,16,324 करोड़ रुपये से कम है।

मंत्री ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दिशानिर्देशों और बैंकों के बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार, बैंक गैर-निष्पादित संपत्तियों (एनपीए) को बट्टे खाते में डाल देते हैं, जिनमें वे एनपीए भी शामिल हैं जिनके चार वर्ष पूरे होने पर ऐसा प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह बट्टे खाते में डालने से उधारकर्ताओं की देनदारियों में छूट नहीं मिलती और इसलिए इससे उधारकर्ता को कोई लाभ नहीं होता। उन्होंने कहा कि बैंक अपने पास उपलब्ध विभिन्न वसूली तंत्रों के तहत उधारकर्ताओं के विरुद्ध शुरू की गई वसूली कार्वाइयों को जारी रखते हैं, जैसे कि दीवानी अदालतों या ज ण वसूली अधिकरणों में वाद दायर करना, वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम के तहत कार्रवाई करना। इसके अलावा, इनमें दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता के तहत राष्ट्रीय कंपनी कानून अधिकरण में मामले दायर करना आदि भी शामिल है।















आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com